सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 05 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 271, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 809 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स में करीब 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। } 14

## रक्षा क्षेत्र में अब निर्यात कर रहा है भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत पहले आयात पर निर्भर देश था, लेकिन देश रक्षा निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश के कुल रक्षा उत्पादन का कम से कम 50 प्रतिशत निजी क्षेत्र से होना चाहिए। } 16



### तृतीय-चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारुढा चन्दकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

इन्होंने चंद्र नामक घंटा जो कि चंद्रमा के तरह भक्तों को प्रसन्न तथा दुष्टों को भयभीत करने वाला इसका नाद है, उसको धारण किया।

## ध्वस्तीकरण आदेश की अवमानना हुई तो फिर बहाल करवायेंगे ढांचा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यदि उसने पाया कि गुजरात के अधिकारियों ने संपत्ति के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके हालिया आदेश की अवमानना करने वाला कृत्य किया है तो वह उन्हें तोड़े गए ढांचों को फिर से बहाल करने के लिए कहेगा। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ शीर्ष अदालत के 17 सितंबर के आदेश के कथित उल्लंघन के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अपील वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि देशभर में अपराध के आरोपियों सहित अन्य लोगों की संपत्तियों का बिना शीर्ष अदालत की अनुमति के ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। पीठ ने गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। गुजरात में अधिकारियों ने गिर सोमनाथ जिले में 28 सितंबर को सोमनाथ मंदिर के पास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर



## अक्टूबर के अंत तक जारी करें सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम : योगी

### पुलिस कार्मिकों को ई-पेंशन प्रणाली का मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम अक्टूबर के अंत तक जारी करें। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाएं। परीक्षाओं की शुचिता को हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने पुलिस कार्मिकों को 'ई-पेंशन' से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि हर पुलिस कार्मिक को समय पर पदोन्नति मिले, उनकी चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित हो, उनकी योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी एडीजी से उनकी वर्तमान पदस्थापना अवधि में किए गए कार्यों, अपनाए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मृतक आश्रितों के प्रकरण में ...शेष पृष्ठ 14 पर



### मुख्यमंत्री योगी ने यूकेजी छात्र कुशाग्र के साथ खेला शतरंज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) से रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साह बढ़ाया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। योगी ने लिटिल चैम्प कुशाग्र अग्रवाल से शतरंज पर खूब बात की।

कुशाग्र अग्रवाल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ पांच साल 11 माह के हैं और यूकेजी में पढ़ते हैं। कुशाग्र, 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे-रेटेड खिलाड़ी हैं। कुशाग्र ने चार साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

### इजराइल ने बेरूत पर फिर किया भीषण हमला

बेरूत। इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों में रातभर कई चरणों में भीषण हवाई हमले किये तथा लेबनान एवं सीरिया के बीच के मुख्य सड़क संपर्क को काट दिया। इजराइली बमबारी के कारण लेबनान से भाग रहे हजारों लोग जिस सीमावर्ती स्थल से सीरिया में प्रवेश करते हैं वह इसी मार्ग पर स्थित है। रात भर हुए विस्फोटों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों को हिलाकर रख दिया। हवाई बमबारी से रात में आकाश में धुएं के गुबार और आग की लपटें उठती दिखीं।

### महाराष्ट्र विस के डिप्टी स्पीकर बिल्डिंग से कूदे

मुम्बई। नरहरी झिरवल उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुट के विधायक हैं। वे धनगर समाज के एसटी दर्जे दिए जाने की मांग का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नरहरी झिरवल ने शुक्रवार को मंत्रालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उनके साथ विधायक हिरामन खोसकर भी कूद पड़े। हालांकि, नीचे जाल रहने के कारण उनकी जान बच गई। दोनों आदिवासी विधायक जाल में फंस गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला।

### एससीओ बैठक में शामिल होने के लिए पाक जायेंगे जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पाकिस्तान अक्टूबर के मध्य में एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक की मेजबानी करेगा।

# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 40 नक्सली ढेर

## सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एके 47 और एसएलआर समेत भारी मात्रा में कई अन्य हथियार किये बरामद

एजेंसी

नारायणपुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा में अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 40 नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा में स्थित अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले से सुरक्षाबल के संयुक्त दल को गोवेल, नेंदूर और थुलथुली गांव की ओर रवाना किया गया था। सुरक्षाबल के दल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज अपराह्न लगभग एक बजे नक्सलवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ में 40 नक्सलियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एके 47 और एसएलआर समेत कई अन्य हथियार बरामद किये हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। जानकारी के मुताबिक जवान



नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 40 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। क्षेत्र में रुक- रुक कर गोलीबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। बस्तर संभाग के आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। पूरा अपडेट आने में समय लगेगा क्योंकि रात का समय है। रुक-रुक कर दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। एक-47, एसएलआर समेत कई अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के जमा होने की सूचना है। इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। दूसरी ओर नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है।

मामले को लेकर सीएम साय ने कहा कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों को मिली यह बड़ी कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी, इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है। 24 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी भी मुठभेड़ जारी है। रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। 40 से ज्यादा भी मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है। सूत्रों की माने तो करीब 40 नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

### अमेठी हत्याकांड : मुख्य आरोपी चंदन गिरफ्तार

अमेठी। जिले में एक शिक्षक उसकी पत्नी व दो बच्चों की हत्या के आरोपी चंदन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ शुक्रवार को शिक्षक के पिता रामगोपाल ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तीन जिलों की पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को भी हिरासत में लिया है। रायबरेली के गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव निवासी शिक्षक सुनील कुमार, उसकी पत्नी पूनम भारती, बेटी सृष्टि व लाडो की बृहस्पतिवार देर शाम शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में किराए के मकान में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।

मामले में शिक्षक के पिता रामगोपाल ने कल देर रात थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रायबरेली कोतवाली तेलियाकोट निवासी चंदन वर्मा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या का सुराग जुटाना पुलिस के लिए चुनौती था, लेकिन मृतक महिला और चंदन वर्मा की फेसबुक प्रोफाइल ने पूरे घटनाक्रम से परदा उठा दिया। दोनों की प्रोफाइल में एक दूसरे की फोटो पड़ी थी। दोनों की फेसबुक प्रोफाइल...शेष पृष्ठ 14 पर

## जियाउल हक हत्याकांड में 10 आरोपी दोषी करार

विधि संवाददाता

लखनऊ। प्रतापगढ़ के कुंडा में वर्ष 2013 में हुए, सीओ जियाउल हक हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को 10 आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया है। इसी के साथ न्यायालय ने दोषी करार दिये गए सभी आरोपियों को हिरास्त में लेने का आदेश दिया है। इन सभी के सजा के बिन्दु पर 9 अक्टूबर को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। कोर्ट ने फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को दोषी ठहराया है। उल्लेखनीय है कि 2 मार्च 2013 को सीओ जियाउल हक की प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या कर दी गई थी। सीओ की पत्नी ने हत्या का आरोप रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया पर भी लगाया था, हालांकि सीबीआई जांच में उन्हें क्लीन चिट दे दी गयी। सीबीआई...शेष पृष्ठ 14 पर



❍ 9 अक्टूबर को कोर्ट सुनायेगी फैसला

### गोंडा में बोलेरो पेड़ से टकरायी, चार की मौत

गोंडा। जिले में अनियंत्रित बोलेरो के पेड़ से टकरा जाने के कारण चार युवकों की मौत हो गयी। इटियाथोक थाने के प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खरगूपुर-इटियाथोक मार्ग पर स्थित डेंजर जोन में बृहस्पतिवार को रात करीब 12 बजे खरगूपुर की तरफ तेज गति से जा रही बोलेरो (वाहन संख्या यूपी 32 पीके-6284) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में वाहन सवार सभी चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए और गति अधिक होने के कारण बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस सभी को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गई जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिर्जापुर में ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर, 10 की मौत

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया शोक

जिला संवाददाता

मिर्जापुर। जिले में बृहस्पतिवार देर रात एक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 10 मजदूरों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत को अत्यंत पीड़ादायक बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। उन्होंने हादसे के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा भी की।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि दुर्घटना देर रात करीब एक बजे मिर्जापुर-वाराणसी सीमा पर कछवां और मिर्जामुराद के बीच जीटी रोड पर हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में 13 मजदूर सवार थे जो भदोही जिले से निर्माण कार्य करके लौट रहे थे तभी उनके वाहन को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया। सभी मजदूर भदोही जिले से ढलाई का काम करके वापस लौट रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एटा जिले से आ रहे ट्रक पर शीशे की शीट लदी हुई थी। ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। सूचना प्राप्त होते ही मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन और अन्य अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे ...शेष पृष्ठ 14 पर




**विशेष खबर** बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास ने चैम्पियनशिप का किया उद्घाटन

# योनेक्स सनराईज डॉ .अखिलेश दास गुप्ता यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।

❍ विराज सागर दास और डॉ. नवनीत सहगल प्रतिभागी खिलाड़ियों से हुए रूबरू

इसकी शानदार शुरुआत उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने किया। इस दौरान वे सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से रूबरू हुए और उन्हें विजेता होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ...शेष पृष्ठ 14 पर




खिलाड़ियों से परिचय करते उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास



खिलाड़ियों के साथ उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास व बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल व सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह एवं अन्य,




मैच खेलते खिलाड़ी

फोटो : अमित वर्मा

# सशक्त होंगी बेटियां, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अपने विजन को प्रदेश में 'मिशन शक्ति' के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए शारदीय नवरात्रि में इसके पांचवें चरण की शुरूआत करने जा रहे हैं। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत व्यापक पैमाने पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो कि दिसंबर माह तक चलेगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को भी सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रमों की इस शृंखला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस, स्वावलंबन कैंप समेत कई कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ.साथ उन्हें इससे लाभान्वित करना भी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अक्तूबर से दिसंबर तक जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उसके अनुसार 11 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लैंगिक समानता पर सेमिनार के साथ ही सफल महिलाओं के साथ टॉक शो, एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी, कन्या जन्मोत्सव, बाल विवाह, संवाद, घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, अनंता जैसे विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी तथा राजकीय बालिका, शिशु गृहों में विशेष कन्या पूजन व उनके लिए प्रसाद ग्रहण का आयोजन किया जाएगा। इसी माह 21 से 31 अक्तूबर तक ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध सप्ताह भर जागरूकता एवं रेस्क्यू के लिए वृहद अभियान चलेगा। इस दौरान विभागों एवं प्राधिकारियों के बीच समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल विवाह या बाल श्रम के प्रकरणों में बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए ऑपरेशन को संचालित किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना से जोड़ा जाएगा।

- मशन शक्ति के आगामी चरण के तहत अक्टूबर से दिसंबर तक होंगे महत्वपूर्ण कार्यक्रम
- बेटियों और महिलाओं के साथ ही कार्यक्रमों में बच्चों के हितों को भी दिया जाएगा महत्व
- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस और स्वावलंबन कैंप जैसे होंगे कार्यक्रम



10 से 14 नवंबर के बीच बाल कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग व मेडिटेशन के अतिरिक्त बच्चों द्वारा महापुरुषों के जीवन पर आधारित नाटक एवं ड्रामा का प्रदर्शन होगा। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जबकि नृत्य गायन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी। 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्निवाल समापन समारोह में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे म्यूजिक, गीत, गान, नाटक आदि का आयोजन, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतियोगिताों में फर्स्टए सेकेंड और थर्ड आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। 19 नवंबर से प्रदेश के समस्त जनपदों में भव्य समारोह का आयोजन करते हुए वीरांगना दिवस पर समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जनपद स्तर पर विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान ऐसी वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिससे ये महिलाएं समाज में अन्य बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकें। साथ ही प्रदेश में संचालित सभी बाल देखरेख संस्थाओं, महिला आश्रय गृहों में भी झांसी की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर नुक्कड़ नाटक या स्टोरी टेलिंग सत्र का आयोजन कराया जाएगा। इसके अलावा 20 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर संस्थाओं में बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तर पर कौशल विकास में शामिल बच्चों पर आधारित हैंडबुक, कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया जाएगा। 30 नवंबर से स्वावलंबन कैंप की शुरूआत होगी। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं (मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना) से लाभान्वित किए जा सके।

### हक की बात जिलाधिकारी के साथ

6 दिसंबर को जनपद स्तर पर यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थर पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेजा हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों तथा सहायता के लिए जिलाधिकारी के साथ 2 घंटे के पारस्परिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा, 10 दिसंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर महिला एवं बाल सभाओं का आयोजन तथा महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं 16 दिसंबर को प्रदेश के समस्त वन स्टॉप केंद्रों पर जन प्रतिनिधियों के साथ विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। यही नहीं, प्रदेश में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित बच्चों मुख्य रूप से बालिकाओं को कानूनी प्रक्रिया के दौरान समर्थन देने के लिए लगभग 300 सहायक व्यक्तियों का आवासीय प्रशिक्षण भी कराया जाएगा।

### संचालित सेवाओं के प्रति किया जायेगा जागरूक

कार्ययोजना के सुगम संचालन के लिए अतिरिक्त दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। इसके तहत मिशन के दौरान महिलाओं तथा बच्चों को आकस्मिक सहायता प्रदान करने के लिए संचालित 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 विमन पावरलाइन, 112 पुलिस सहायता व महिलाओं तथा बालिकाओं को एक ही छत के नीचे रेस्क्यू, आश्रय, विधिक, पुलिस परामर्श तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में संचालित वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर तथा अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया है कि अब तक के चरणों में जिन क्षेत्रों में नहीं पहुंच सके हैं, वहां भी ग्राम सभाओं, क्षेत्रों के अधिक से अधिक परिवारों को योजना से लाभान्वित किया जाए।

# 2.25 करोड़ किसानों को 4,985.49 करोड़ का मिलेगा भुगतान : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को लोक भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली 18वीं किश्त की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों को कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इसके साथ ही 23.36 लाख लंबित किश्तों के 46.70 करोड़ रुपये का भुगतान भी किसानों के डेटा सुधार के बाद किया जाएगा।

- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 18वीं किश्त का पीएम आज सीधे किसानों के बैंक खातों में करेंगे हस्तांतरण

मंत्री शाही ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से दिसंबर 2018 में शुरू की गई थी। इसके



अंतर्गत किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में दी जाती है। इस योजना के जरिए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हर चार माह में 2,000 रुपये की किश्त उनके खातों में सीधे स्थानांतरित की जाती है। शाही ने जानकारी दी कि योजना के आरंभ से जुलाई 2024 तक उत्तर प्रदेश में 17 किश्तों के माध्यम से कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जिससे प्रदेश के 2.76 करोड़ किसानों को कम से कम एक बार योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 17वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री मोदी ने 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में किया था, जिसमें 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी। कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5 अक्टूबर को पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20,552 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के किसानों को लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

# जन-सुविधाओं से सुसज्जित होंगे श्रमिक अड्डे : राजभर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा हर व्यक्ति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। जिसके क्रम में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने शुक्रवार अहिमामऊ चौराहा सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित श्रमिक अड्डे पर श्रमिकों की समस्याएं सुनी एवं श्रमिकों से संवाद किया गया।

- मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों से की भेंट, कहाकि श्रमिकों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है सरकार

मंत्री ने श्रमिकों के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारें में जागरूक करते हुए श्रमिकों को श्रम विभाग में पंजीयन करवाने के लिए प्रेरित किया। भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भेंट का उद्देश्य श्रमिकों की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए कारगर कदम उठाना है, प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है। श्रमिकों एवं उनके परिजनों के कल्याणार्थ सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि श्रमिक जागरूक होकर अपनी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आगे आयें। उन्होंने कहा आप एक कदम चलेंगे तो सरकार आपके पीछे सौ कदम चलेगी। मंत्री ने श्रमिकों की विभिन्न जरूरतों पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें रोजगार के अवसरों का सृजन, श्रमिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शामिल रहा। भेंट के दौरान राजभर ने श्रमिकों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनके हितों के संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार श्रमिकों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कई प्रकार की नई योजनाओं पर काम कर रही है।

# अफसरों की अनुपस्थिति पर आयोग नाराज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग द्वारा शुक्रवार को आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि भविष्य में सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

शुरूआत में अमरजीत बनाम जिलाधिकारी, बहराइच के मामले की सुनवाई की गई, जिसमें अमरजीत ने जाति प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत की थी। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी या संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। हालांकिए प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि जाति प्रमाण पत्र अब जारी कर दिया गया है, जिसके बाद मामला निपट गया। दूसरे मामले में पटेल अवधेश निरंजन ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रोफेसर को पदोन्नति और विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं दी गई। कुलसचिव की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने अगली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए।

- उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग ने विभिन्न जिलों की शिकायतों पर समय से निस्तारण के दिए निर्देश

कंवरपाल सिंह बनाम प्रमुख सचिव गृह विभाग, उत्तर प्रदेश और पुलिस अधीक्षक, शामली के मामले में शिकायत थी कि पुलिस ने हत्या के एक मामले में शिकायतकर्ता के परिवार को झूठे तरीके से फंसा रखा है। पोलीग्राफी टेस्ट में परिवार के खिलाफ कोई रिपोर्ट न मिलने के बावजूद उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। इस पर आयोग ने गृह विभाग को निर्देश दिया कि मामले की जांच निकटवर्ती जनपद के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए। डा. सत्येन्द्र सिंह की प्रोन्नति में देरी के मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए आईआईटी के निदेशक और एकेटीयू के कुलसचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सरोज देवी, बांदा की शिकायत परए जिसमें दो साल से वरासत दर्ज नहीं की गई थी, जिलाधिकारी बांदा ने सुनवाई के दौरान वरासत दर्ज कराने की पुष्टि की। नायब तहसीलदार बाँदा द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिससे मामला सुलझ गया। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और भविष्य में ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।

## गड्ढा मुक्ति के नाम पर लूट हुई : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में गड्ढा मुक्त के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। इस सरकार में विकास कार्य ठप्प है। बजट के पैसे का बंदरबांट हो रहा है। सात साल से भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढे.नहीं भर पायी। हर साल गड्ढा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रुपये का बजट जारी होता है। फिर उसकी लूट हो जाती है। सड़के जसकी तस रह जाती है। सड़कों के गड्ढ़ों के कारण प्रदेश में हर दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस सरकार में अब तक कई लोग सड़कों के गड्ढ़ों के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। अभी इसी बुधवार को गाजीपुर जिले में गड्ढ़े में जाने से असंतुलित हुई मोटर साइकिल से गिरने से महिला की मौत हो गयी। कहा कि सरकार पूरी तरह नकारा साबित हुई है। आम जनता बेबस है। भाजपाई और ठेकेदार इसे अवसर मानकर जश्न मनाते है। गड्ढामुक्त के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जारी होता है। जो ऊपर से नीचे तक बंट जाता है।

# इंदिरा फेलोशिप से राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त होंगी महिलाएं : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान, प्रियंका गुप्ता, डॉ. सुधा मिश्रा, शुचि विश्वास, इंदिरा फेलोशिप कार्यक्रम के प्रदेश कोऑर्डिनेटर धनंजय सिंह, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव अनामिका यादव, जिला महासचिव मंजू दीप रावत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

- पत्रकारवार्ता में बोले प्रदेश अध्यक्ष, महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी से बदलेगी भारतीय राजनीति की तस्वीर

उन्होंने कहा कि इंदिरा फेलोशिप कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक पहल है, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में महिलाओं को




राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा से महिलाओं को शासन के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेष रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में, प्रोत्साहित और सशक्त करने के प्रयास किए हैं। कांग्रेस ने ऐसी नीतियों और पहलों को लागू किया है, जो राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करती हैं।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी, महिलाओं की राजनीति और राष्ट्र निर्माण में बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित करने के विचार में गहरी रुचि रखते हैं और उन्होंने महिलाओं से इस क्रांति में शामिल होने का आग्रह किया है जिसे शक्ति अभियान कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा फेलोशिप शक्ति अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे उन महिलाओं के लिए एक मंच देने के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने समुदायों में स्थायी प्रभाव डालने की आकांक्षा रखती हैं। एक राजनीतिक साधन के रूप में, यह आंदोलन हक, हिस्सेदारी और पहचान के बुनियादी विचारों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष के छोटे से समय में 300 से अधिक फेलो ने 28 राज्यों और 350 ब्लॉकों में 4300 शक्ति क्लब स्थापित किए हैं, जिनमें 31हजार सदस्य शामिल हैं, जो शक्ति अभियान की स्थापना और संचालन का प्रमुख केंद्र बन चुके हैं।इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और पूरी तरह से जंगलराज कायम हो चुका है। अमेठी में एक पूरे परिवार की नृशंस हत्या डर पैदा करती है। राजनीति में मुझे 32 वर्ष हो गये लेकिन पहली बार देख रहा हूं कि डेढ़ वर्ष की बच्ची की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। योगी आदित्यानाथ अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए लगातार नफरत की और तोड़ने की सियासत कर रहे हैं। उनकी बुल्डोजर नीति का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह से जनपद बहराइच में आमलोगों के मकान गिराये गये वह किसी भी प्रदेश के लिए शर्म की बात है।

### केके राय ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता केके राय ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अजय राय ने उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा कांग्रेस सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश के आमजनमानस के दुख दर्द को समझा तथा भविष्य उसे दूर करने का आश्वासन भी दिया। उनके इस सार्थक प्रयास का ही नतीजा है कि आए दिन प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता तथा समाज में प्रतिष्ठित अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सकों द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ली।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति को दिलाऊंगा न्याय : नरेंद्र खजूरी




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य नरेन्द्र खजूरी के प्रथम आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की उपस्थिति में प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नरेंद्र खजूरी ने भारत रत्न किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने उपस्थित पार्टी जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हित का कार्य करने एवं उनके साथ जहां भी अन्याय होगा वहां मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उनको न्याय दिलाने का कार्य करूंगा। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि जिस तरह से जयंत चौधरी ने एक सामान्य कार्यकर्ता को अनुसूचित जाति जनजाति का सदस्य बनाया है उससे सभी सामान्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है ।रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बधाई देते हुए कहा कि खजूरी हमारे दल के सबसे पुराने कार्यकर्ताओं में से एक हैं। इन्होंने आजीवन पार्टी संगठन मे अपना अतुलनीय योगदान दिया है। इन्होंने सदैव भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और रालोद की नीतियों को आगे बढ़ाने में हर संभव कार्य किया है।

# वाराणसी में 62 हजार में 7100 स्ट्रीट लाइट खराब, सड़कों पर अंधेरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की सफाई व्यवस्था, सीवर, जल निकासी, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के सख़्त निर्देश निकाय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय है नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठपूजा के दौरान बनारस में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए युद्धस्तर पर लगकर बनारस शहर की सफाई को बेहतर करें।

- नवरात्र में दुरुस्त हो मार्ग प्रकाश व्यवस्था, ईईएसएएल के कामों की होगी निगरानी

गंगा व अन्य नदी घाटों की सफाई सुनिश्चित कराएं। मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखें। सड़कों गलियों में कहीं पर भी अंधेरा न हो। सड़कों को अति शीघ्र गड्ढा मुक्त करें। सफाई कार्यो में लापरवाही और शिथिलता न हो, डोर टू डोर कूड़ा उठान और कूड़े के प्रबंधन



पर ध्यान दिया जाए। वार्ड वार और जोनवार इसकी मॉनिटरिंग की जाए। कहीं पर भी नाले नालियां चोक न हो, जिससे जलभराव हो। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर भी कार्रवाई की जाए।नगर विकास मंत्री शुक्रवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम में वाराणसी के सफाई कार्यो, मार्ग प्रकाश, जलापूर्ति, सीवर व्यवस्था आदि कार्यों कि अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बनारस जैसे विश्व प्रसिद्ध शहर की साफ सफाई और सुंदरीकरण के कार्यों व अन्य नागरिक सुविधाओं के व्यवस्थापन में ढिलाई न बरती जाए। । बनारस में गंदगी से समझौता नहीं किया जाएगा। नगर विकास मंत्री ने बनारस में व्यापक स्तर पर स्ट्रीट लाइट के खराब होने, न जलने तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त न होने पर नगर आयुक्त वाराणसी अक्षत वर्मा को निर्देशित किया कि नवरात्रि पर्व के दौरान ही बनारस शहर की संपूर्ण स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करा ली जाए, कहीं पर भी अंधेरा न हो, मार्ग प्रकाश व्यवस्था अच्छी हो। बनारस में कुल 62 हजार स्ट्रीट लाइट में से एक चौथाई अर्थात 7100 लाइट खराब हैं। इसमें से ईएसएसईएल कम्पनी की ओर से लगाई गई 38,862 लाइटों में से 4400 लाइट खराब हैं। यह बेहद चिंताजनक स्थित है।

उन्होंने वार्डवार सभी स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, जिससे कहीं पर भी अंधेरा न रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग या एजेंसी की ओर से स्ट्रीट लाइट लगाई गई हो स्ट्रीट लाइट के रखरखाव की जिम्मेदारी अंततः नगर विकास विभाग की ही होती है, जो भी कंपनी या विभाग नगर विकास विभाग से अनुमति लिए बगैर निर्माण कार्य कराए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

श्री शर्मा ने कहा कि ईईएसएएल कम्पनी के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। जो भी वास्तविक स्थिति हो, रविवार तक निदेशक नगरीय निकाय और कम्पनी के प्रतिनिधियों की ओर से स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए। जो भी समस्यायें आ रही हों, उसका तत्काल समाधान करायें तथा ज्यादा कार्मिक लगाकर स्ट्रीट लाइट का कार्य सही से करायें। स्ट्रीट लाइट को दिन में बंद करने के लिए फेज्ड वायर लगाया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने मुख्य अभियंता वाराणसी अरविन्द कुमार सिंघल को निर्देशित किया कि जहां कहीं पर भी एबी केबल के कारण स्ट्रीट लाइट के जलने में व्यवधान हो रहा है, उसका तत्काल समाधान करायें। साथ ही स्ट्रीट लाइट के खम्भों में कही पर भी करंट न उतरे, इसकी भी चिंता करें। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा उपस्थित थे ।

### बनारस की विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी पर एमडी को लगायी फटकार

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की विद्युत व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने वाराणसी की विद्युत आपूर्ति में आ रही गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी शंभू कुमार को जमकर फटकार लगाई और कहा कि विगत ढाई वर्षो से बनारस जैसे वैश्विक शहर की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई और आपूर्ति को लेकर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने गड़बड़ी करने वाले, विद्युत आपूर्ति के प्रावधान पर और कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले विद्युत कार्मिको पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बनारस शहर के सभी ओवरलोड ट्रांसफार्मर, जर्जर पोल, लाइन को तत्काल बदलने को कहा और निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति को लेकर कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वाराणसी की विद्युत व्यवस्था को कटौती मुक्त बनाना है, इसके लिए जो भी आवश्यक हो हर संभव प्रयास किए जाएं। विद्युत व्यवधानों को कम करने के लिए विद्युत उपकरणों, ट्रांसफार्मर, पोल, लाइन, मीटर, फ्यूज आदि की कमी न रहे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बनारस की विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए 1500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं फिर भी परिणाम धरातल पर नहीं आ रहा। विद्युत व्यवस्था के लिए पैसा भरपूर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के बहादुरपुर गांव में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से वहां की विद्युत व्यवस्था कुछ दिन पहले खराब हुई थी, जिसके लिए ग्रामीणों ने आंदोलन किया था। साथ ही श्रावस्ती के विधायक ने भी शिकायत की है कि उनके स्वयं के घर में भी 05 दिन से लाइट नहीं आ रही है। सख्त हिदायत दी कि किसी भी पोल में करंट नहीं उतरना चाहिए। श्रद्धालुओं को अंधेरे में आना-जाना न पड़े मार्ग प्रकाश व्यवस्था सही हो। एमडी पूर्वांचल शंभू कुमार ने बताया कि बनारस में 80 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। वर्ष 2024-25 में बिजनेस प्लान के तहत 535 जगहों पर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई। 303 जगहों पर 250 केवीए के नये ट्रांसफार्मर लगाये गये। 94 स्थानों पर जर्जर लाइनों का सुदृढ़ीकरण किया गया।

## पेराई सत्र 2024-25 के लिए समिति सदस्यता की तिथि 15 तक बढ़ी

**लखनऊ।** गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने बैठक में कहा कि क्षेत्रीय अधिकारियों एवं किसानों की मांग के दृष्टिगत पेराई सत्र 2024-25 के लिये समिति सदस्यता की तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा कि जो कृषक अभी तक समिति सदस्य नहीं बन पाये हैं, उन्हें वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना आपूर्ति का लाभ लेने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। पूर्व में पेराई सत्र 2024-25 के लिए जारी सट्टा नीति में गन्ना समिति सदस्यता एवं उपज बढ़ोत्तरी के लिए अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित थी। गन्ना आयुक्त ने अपील की है कि ऐसे कृषक जिन्होंने पहली बार गन्ने की खेती की है, समिति सदस्य बनकर गन्ना आपूर्ति का लाभ उठाये तथा राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य दर पर गन्ना आपूर्ति कर लाभ प्राप्त करें। गन्ना किसानों के अधिक से अधिक समिति के नये सदस्य बनने से गन्ने की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

# पूजा स्पेशल ट्रेनें चलने से दशहरा, दीपावली व छठ में यात्रियों को मिलेगी राहत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु नई गाड़ी सं0-14012/14011 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 06 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को तथा राधिकापुर से 08 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा।

14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 06 अक्टूबर, से आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, चन्दौसी, सीतापुर, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, तीसरे दिन बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नौगछिया, कटिहार, सोनैल, सालमारी, बारसोई, रायगंज तथा कालियागंज होते हुए राधिकापुर से 07.00 बजे पहुंचेगी।

- **राधिकापुर/आनंद विहार एकसप्रेस की 6 अक्टूबर से मिलेगी नियमित सेवा**

14011 राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अक्टूबर से राधिकापुर से 10.30 बजे प्रस्थान कर कालियागंज, रायगंज, बारसोई, सालमारी, सोनैली, कटिहार, नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, दूसरे दिन कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, सीतापुर, चन्दौसी, मुरादाबाद, हापुड़ तथा गाजियाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनल 18.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## दिल्ली-जय नगर के बीच हफ्ते में दो दिन चलेगी विशेष ट्रेन

लखनऊ।रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04006/04005 दिल्ली-जयनगर-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर तथा 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा जयनगर से 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर तथा 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को 15 फेरों के लिये किया जायेगा।04006 दिल्ली-जयनगर त्यौहार विशेष गाड़ी 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर तथा 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 23.05 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद, दूसरे दिन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा तथा मधुबनी होत हुए जयनगर 23.45 बजे पहुंचेगी।वापसी यात्रा में 04005 जयनगर-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर तथा 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को जयनगर से 01.30 बजे प्रस्थान कर मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा , गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, लखनऊ, बरेली, मुरादाबादतथा दूसरे दिन गाजियाबाद होते हुए दिल्ली 01.30 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 05, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## उधना-बरौनी के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09067/09068 उधना-बरौनी-उधना साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 10 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बरौनी से 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 08 फेरों के लिये किया जा रहा है।

09067 उधना-बरौनी साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 10 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को उधना से 05.30 बजे प्रस्थान कर सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रूठियाई जं., गुना, शिवपुरी, दूसरे दिन ग्वालियर, सोनी, भिण्ड, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर तथा समस्तीपुर होते हुए बरौनी 22.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09068 बरौनी-उधना साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, बनारस, ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, भिण्ड, सोनी, ग्वालियर, तीसरे दिन शिवपुरी, गुना, रूठियाई जं., ब्यावरा राजगढ, शाजापुर, मक्सी, उज्जैन, नागदा , रतलाम, वडोदरा, भरूच तथा सूरत होते हए उधना 14.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# काम के घंटों में बदलाव व ठंडी छतें बनाकर हीटवेव से होगा बचाव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। नगर निगम ने हीट एक्शन प्लान के तहत हीटवेव से निपटने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। इसका मकसद, हीटवेव से जुड़े खतरे को कम करना और लोगों को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाना है। शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम में विधिवत रूप से नगर के लिए तैयार किये गए हीट एक्शन प्लान की जानकारी का प्रसार किया गया। आयोजन में 5 विशेषज्ञों की टीम शामिल रही। नगर विकास विभाग की ओर से आमंत्रित यूनाइटेड नेशन हैबिटैट ग्रुप के विशेषज्ञों ने लखनऊ के लिए तैयार किये गए हीट एक्शन प्लान को की प्रस्तुति दी।

- **नगर निगम के लिए यूनाइटेड नेशन के विशेषज्ञों ने तैयार किया हीट एक्शन प्लान**

विशेषज्ञों ने बताया कि हीट एक्शन प्लान के तहत, कई तरह के उपाय किए जाएंगे हैं, जैसे कि हीटवेव चेतावनी प्रणाली, स्वास्थ्य सहायता, जन जागरूकता अभियान, कूल शेल्टर, काम के घंटों में बदलाव, ग्रीन कॉरिडोर बनाना, ठंडी छतें बनाना इत्यादि।हीट एक्शन प्लान को तैयार करने के लिए, कई बातों का ध्यान रखा जाएगा। हीटवेव की गंभीरता और आवृत्ति का आकलन पिछली हीटवेव की घटनाओं के रिकॉर्ड के आधार पर किया जाएगा। गर्मियों में तापमान का रुझान, भूमि की सतह का तापमान, भेद्यता मूल्यांकन, प्रतिक्रिया योजना इत्यादि। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्रम विभाग, लोक निर्माण विभाग, आईडीए और पुलिस जैसे विभागों की भूमिकाएं भी इस प्लान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।साथ ही शहर की बुनियादी रूप रेखा भी तैयार की जाएगी।

लखनऊ के लिए जिस पद्धति को अमल में लाया जाएगा उसका विस्तार से कार्यक्रम में वर्णन किया गया।साथ ही नगर के समस्त हीट जोनों को चिन्हित कर वहां योजनाबद्ध ढंग से कार्य कराया जाएगा।

## तनिष्क ने लॉन्च किया नव रानी कलेक्शन

लखनऊ। त्यौहार के समय पर तनिष्क ज्वेलरी ने नवरानी कलेक्शन लॉन्च किया है। शाही विरासत से प्रेरित होकर यह कलेक्शन पेश किया गया है जो नाजुक शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। हर आभूषण को बारीकियों पर ध्यान देकर तैयार किया गया है। यह कलेक्शन आधुनिक डिजाइन बनाने में कारीगरों के अतुलनीय कौशल को प्रदर्शित करता है, इन आभूषणों को पुराने जमाने के शाही दरबारों की खूबसूरती को आधुनिक संवेदनाओं के साथ मिलाकर बनाया है।टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिजाइन ऑफिसर रेवती कांत ने यह जानकारी दी।

# मुलायम नगर में गंदगी के खिलाफ प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। गंदगी और सड़क पर नाले का पानी बहने से आक्रोशित इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के लोगों ने शुक्रवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में करीब 8 मोहल्ले के लोगों ने जमकर नारेबाजी की।मुलायम नगर मछली मंडी के पास काफी समय से गदंगी ढेर है। इसे लेकर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई। उसके बावजूद नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी कोई काम नहीं कर रहे है। ऐसे में नाराज लोगों ने पूर्व पार्षद के साथ मिलकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।पूर्व पार्षद आरपी सिंह ने बताया कि पिछले छह महीने से यह स्थिति है।उन्होंने बताया कि नगर निगम में पत्र लिखने अलावा सीएम पोर्टल भी शिकायत दर्ज कराई गई। अलग-अलग लोगों की तरफ से यह शिकायत दर्ज कराई गई है।लेकिन उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। मुलायम नगर लेबर अड्डा और मछली मंडी से अजय नगर, शिवपुरी कॉलोनी, प्रीति नगर, नारायण नगर, सनातन नगर, शंकरपुरी , चर्च रोड तथा शिव मंदिर के लोगों का गुजरना होता है। उसके अलावा यहां पर प्रतिदिन हजारों लोगों का बाजार में आना होता है। मंगलवार और शनिवार को यहां बाजार भी लगता है। इसमें करीब 15 से 20 हजार लोगों का आना होता है।

# डालीगंज में 4.50 मीटर रोड का नक्शा मंजूर करने की मांग की

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने डालीगंज क्षेत्र में 4.50 मी रोड पर नक्शा स्वीकृत किए जाने की मांग की। संगठन के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल व महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने एलडीए सचिव को बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की लखनऊ महायोजना 2031 में निर्मित अर्द्ध विकसित क्षेत्र एवं विकसित क्षेत्र का वर्णन किया गया है। निर्मित क्षेत्र में यहियागंज, चौक आदि पुराने मोहल्ले लिए गए हैं पर डालीगंज क्षेत्र को नहीं लिया गया है। डालीगंज भी चौक एवं यहियागंज की तरह प्राचीन मोहल्ला है। जो सर्वाधिक आबादी एवं व्यापार के नाम से प्रसिद्ध है लेकिन जिन मोहल्लों को निर्मित क्षेत्र में रखा गया है उन मोहल्ले में 4.50 मीटर रोड पर प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास करने की अनुमति दी जाती है लेकिन डालीगंज में नक्शा स्वीकृत के लिए 9 मीटर की सड़क होने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया। इस नियमावली से डालीगंज के छोटे बड़े व्यापारियों के पुराने मकान जर्जर होकर गिर रहे हैं। व्यापारी भवनों का निर्माण नहीं कर पा रहे है। महामंत्री योगेंद्र सिंह ने बताया कि डालीगंज बहुत ही पुराना एवं घनी आबादी वाला व्यापारिक स्थल है जिसमें अधिकांश में गल्ला का कारोबार होता है। डालीगंज एरिया की कुछ मोहल्ले तीन अथवा दो मीटर रोड पर है जिनमें कई पुराने मकान है जो जर्जर होकर गिर गए हैं लेकिन विसंगतियों के कारण नक्शा स्वीकृत न होने से खाली पड़े हैं। प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया रखी कि परिस्थितियों को देखते हुए यहियागंज चौक की तर्ज पर डालीगंज क्षेत्र में 4.50 मी रोड पर मानचित्र स्वीकृत किए जाने आदेश जारी करवाया जाए। क्योंकि मानचित्र स्वीकृत न होने की आड़ में भवन स्वामियों से अवैधानिक वसूली की जाती है।

- **एलडीए सचिव से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल**

# दो नयी टंकी बनेंगी व दो पम्प होंगे रिबोर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जलकल विभाग की ओर से जोन आठ में जर्जर हो चुकी दो टंकियों के ध्वस्तीकरण करने के बाद पुनर्निर्माण होगा। शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस कार्य का उद्घाटन किया। साथ ही अन्य क्षेत्रों में 2 नलकूपों के रिबोर का कार्य भी कराया जाएगा। आशियाना कॉलोनी स्थित पानी की टंकी के परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिन टंकियों को गिराया जाना है उनमें विद्यावती प्रथम वार्ड, सेक्टर-एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित 2000 किली क्षमता की टंकी गिराई जाएगी। इससे सेक्टर-एफ सम्पूर्ण क्षेत्र, आशियाना कॉलोनी को पानी मिलता है। विद्यावती तृतीय वार्ड के सेक्टर-जे, रेलनगर एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित पानी की टंकी की क्षमता 800 किली है। इससे सेक्टर-जे सम्पूर्ण क्षेत्र, आशियाना कॉलोनी में पानी की आपूर्ति होती है। इसके अलावा हिन्दनगर वार्ड, सेक्टर-डी, कानपुर रोड में पम्प नं-1 (ओएचटी परिसर) तथा विद्यावती तृतीय, पम्प नं. 6 को रिबोर किया जाएगा। इन पंपों से सेक्टर-डी सम्पूर्ण क्षेत्र, सचिवालय कॉलोनी की तथा सेक्टर-एच, सेक्टर-एच, सम्पूर्ण क्षेत्र को पानी मिलेगा। कार्यक्रम मे पार्षद सौरभ सिंह मोनू, लवकुश रावत पार्षद प्रतिनिधि, कुलदीप सिंह महाप्रबन्धक, जलकल विभाग के मनोज कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), शुभम शुक्ला, परियोजना प्रबन्धक सीएण्डडीएस, उप्र जल निगम (नगरीय) एवं अमरेन्द्र प्रताव सिंह व अनिल कुमार अवर अभियन्ता, जलकल विभाग तथा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस मगहर में रुकेगी

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15125/15126 बनारस-पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का दानापुर स्टेशन पर 01 से 16 अक्टूबर तक दो मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा । 15125 बनारस-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 01 से 16 अक्टूबर तक दानापुर स्टेशन पर 10.16 बजे पहुंचकर 10.18 बजे छूटेगी । इसी प्रकार वापसी यात्रा में 15126 पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस दानापुर स्टेशन पर 01 से 16 अक्टूबर तक 17.30 बजे पहुंचकर 17.32 बजे छूटेगी । दूसरी ओर वाराणसी सिटी से 06 अक्टूबर को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस का मगहर स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।यह गाड़ी 07 अक्टूबर को मगहर स्टेशन पर 00.12 बजे पहुंचककर 00.14 बजे छूटेगी।

## सुबह 5 से 7 बजे तक फागिंग व सफाई हो

लखनऊ।संचारी रोग रोकथाम के लिए नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। संचारी रोग रोकथाम के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने एसएफआई को प्रातः 05 बजे से 07 बजे तक एंटी लार्वा, फागिंग, जल जमाव रोकथाम, बेहतर साफ सफाई किये जाने के लिए निर्देशित किया है। शहर में लगातार डेंगू व मलेरिया के मामले बढ़ने पर शुक्रवार को नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्वयं क्षेत्र में निकलने के साथ-साथ समस्त अपर नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी को वार्डों मे औचक निरीक्षण करने को आदेश दिए। इसके अतिरिक्त यूजर चार्ज की वसूली मे वृद्धि किये जाने के लिए सम्बन्धितों को आदेशित किया।

## कई ट्रेनों के मार्ग बदले

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन हेतु पश्चिम रेलवे के महेसाना-पालनपुर रेल खण्ड पर स्थित भुआ-ऊँझा-कामली स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा ।

पोरबन्दर से 04 अक्टूबर को चलने वाली 19269 पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग महेसाना-पाटन- भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी महेसाना स्टेशन पर 04.30 बजे पहुंचकर 04.32 बजे छूटेगी। साबरमती से 05 अक्टूबर को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग महेसाना-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जायेगी ।

# जीआईएस समाधान दिवस में महापौर ने कर्मियों को लगायी फटकार

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित जीआईएस समाधान दिवस में आई शिकायतों पर कार्रवाई न होने से महापौर ने कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए समय से समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर समाधान दिवस में आई सभी 83 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कैंप में आए लोगों को दूसरे दिन बुलाया जा रहा था। इसकी शिकायत महापौर से हुई। उसके बाद वह अपनी कुर्सी से खड़ी हो गई। माइक उठाया और अधिकारियों को फटकार लगाना शुरू कर दिया। दरअसल, जोन तीन के जानकीपुरम क्षेत्र के भवन स्वामी एके दुबे ने बताया कि पहले 1400 का बिल आता था। अब वह बढ़ाकर 2400 रुपये कर दिया गया है। इसकी शिकायत की गई तो बताया गया कि कुछ दिन बाद होगा। उसके बाद ही शिकायतकर्ता मेयर के पास पहुंच गया। मेयर ने बात सुनीं और नाराज हो गई। उन्होंने कहा कि कैंप का क्या मतलब हुआ। मौके पर निस्तारण के लिए ही जीआईएस कैंप लगाया गया है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्या मतलब है। उन्होंने जोन तीन के जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री से कहा कि आज ही समस्या का समाधान होना चाहिए। उसके बाद आनन- फानन में समस्या का समाधान किया गया। मेयर ने कर्मचारियों को चेताया कि उनके पास कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। यदि आई तो ठीक नहीं होगा। समाधान दिवस में गौतमबुद्ध मार्ग, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड निवासी चंद्रकला का टैक्स 15,210 रुपये आ गया था। उसे 56 फीसदी घटा कर 8646 कर दिया गया। लालकुआं वार्ड के गढ़ैया रसूलखान निवासी अब्दुल सत्तार का टैक्स 11,988 आ गया था। निस्तारण पश्चात उसे 38 फीसदी कम करते हुए 4608 कर दिया गया। रकाबगंज कदीम, तिलकनगर कुंडरी रकाबगंज निवासी बचाऊ लाल का टैक्स 16,560 से 19 फीसदी कम कर के 3150 कर दिया गया। नगररिया मल्लाही टोला के जहीर अहमद का 25,200 का टैक्स 28 फीसदी कम करते हुए 7200 कर दिया गया। जोन-1 से 17, जोन-2 से 08, जोन-3 से 13, जोन-4 से 05, जोन-5 से 11, जोन-6 से 14, जोन-7 से 10 और जोन-8 से 05 आपत्तियां आई थीं।

- **56 फीसदी कम हुआ बढ़ा हाउस टैक्स, 83 शिकायतों का निराकरण**

## नगर निगम ने 18 करोड़ की भूमि खाली करायी

लखनऊ। नगर निगम की संपत्ति विभाग की टीम ने शुक्रवार को सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र में स्थित इन जमीनों की कीमत करीब 18 करोड़ रुपये है। ग्राम औरंगाबाद जागीर में खसरा संख्या-957 360, 953, 962, 990, 987, 935, 924, 925, 913 और 915 का नगर निगम में निहित सरकारी जमीन के रूप में चिह्नीकरण सरोजनीनगर एसडीएम सचिन वर्मा ने किया। इसके बाद प्रभारी अधिकारी (सम्पति) संजय यादव और तहसीलदार अरविंद कुमार पाण्डेय ने नायब तहसीलदार नीरज कटियार को उक्त जमीन से अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया। शुक्रवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल राजस्व सारांश सिंह व नगर निगम के लेखपाल मनोज आर्या व तनुज मदान मौके पर पहुंचे। थाना बिजनौर के थाना प्रभारी की ओर से उपलब्ध कराए गए पुलिस बल और ईटीएफ की मौजूदगी में उक्त सभी सरकारी भूमियों से अस्थाई अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया। बताया जाता है कि कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लाटिंग करके सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। अतिक्रमण मुक्त हुई भूमि का क्षेत्रफल 93,612 वर्गफुट है, जिसकी अनुमानित कीमत 18 करोड़ है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर नगर निगम में निहित सरकारी भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# चीफ ब्रिज इंजीनियर ने किया लखनऊ-अयोध्या रेलखंड का निरीक्षण

## विंडो ट्रेलिंग करते हुए रेलपथ एवं मार्ग में पड़ने वाले रेल ब्रिजों का किया अवलोकन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर रेलवे के चीफ ब्रिज इंजीनियर सुरेश कुमार सपरा ने अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लखनऊ-अयोध्या रेलखंड का निरीक्षण किया तथा इस रेलमार्ग पर पड़ने वाले रेल ब्रिजों तथा रेलपथ को गहनता से परखा। उन्होंने पुश ट्रॉली द्वारा अयोध्या धाम जं. से सालारपुर के मध्य रेलमार्ग का अवलोकन किया तथा इसपर स्थित छोटे-बड़े रेल पुलों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी छोटेझबड़े रेल पुलों के उचित रखरखाव करने के संबंध में अपने सुझाव और निर्देश दिये। उन्होंने सुगम, संरक्षित एवं समयबद्ध परिचालन के लिए मण्डल के सभी रेलखंडों पर आने वाले समस्त रेलवे ब्रिजों की प्रत्येक मौसम में आवश्यकतानुसार निरंतर निगरानी करने, इनका नियमित सुधार कार्य करने एवं इनकी सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क एवं सावधानी बरतने की बात कही। चीफ ब्रिज इंजीनियर ने वापसी में भी विंडो ट्रेलिंग करते हुए अपना निरीक्षण किया। इसके साथ ही इस निरीक्षण के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह ने भी अयोध्या धाम जं. स्टेशन का निरीक्षण किया तथा उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया, होल्डिंग एरिया, पैनल रूम, क ा र्या ल ा य अभिलेख तथा स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की।आज के इस निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में गुलाब पार्क बनायेगा एलडीए

लखनऊ। जुरासिक पार्क के बाद अब जनेश्वर मिश्र पार्क में रोज पार्क तैयार किया जा रहा है। करीब दो एकड़ में यह पार्क विकसित होगा। यहां गुलाब की करीब 1700 प्रजातियां दिखेंगी। जनवरी तक इस पार्क को विकसित कर दिया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यहां दुनिया के सभी देशों में पाए जाने वाले गुलाब के नस्ल शामिल है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, चाइना, जापान तक गुलाब की कई प्रजातियां शामिल है।

यहां पर हाईटेक गुलाब गार्डेन डेवलप किया जा रहा है। साथ ही तीन अन्य गार्डेन भी डेवलप करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें मुख्य तौर पर विदेशी प्रजातियां शामिल है। इसमें अल्बा गुलाब, क्लाइम्बिंग गुलाब, फ्लोरिबंडा गुलाब, छोटा गुलाब और हाइब्रिड टी गुलाब किस्में शामिल हैं। उसके अलावा उड़हुल (गुड़हल) के पौधे लगेंगे। इसमें करीब 5000 प्रजातियां होगी। यह देश का पहला ऐसा पार्क होगा जहां एक साथ उड़हुल की इतनी ज्यादा प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इसकी भी तैयारी पूरी कर ली गई है। दिवाली के बाद इन पौधों को जनेश्वर मिश्र पार्क में विकसित किया जाएगा। मौजूदा समय जनेश्वर मिश्र पार्क में आने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। रविवार को यहां करीब 2 लाख से ज्यादा लोग पार्क में घूमने के लिए आ रहे हैं।

- **पार्क में दिखेंगी गुलाब की 1700 प्रजातियां, जनवरी तक तैयार होगा**

## सफाई कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया



लखनऊ। भारतीय रेल पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के क्रम में शुक्रवारको मण्डल के लखनऊ एवं वाराणसी सहित सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर रेल कर्मचारियो द्वारा स्वच्छता संयंत्रों की सघन साफ-सफाई सहित विविध गतिविधियों को संचालित किया गया। इस आयोजन में सफाई संबंधी मशीनों, औजारों और संयंत्रों की उपलब्धता और कार्यप्रणाली की जांच, संयंत्रों की कार्यक्षमता की जांच, इनका उचित रखरखाव इत्यादि को सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही नालियों और शौचालयों की सफाई, 'कूड़ेदान भरें' अभियान के तहत कूड़ेदानों की पर्याप्त व्यवस्था, कचरे के अलग-अलग संग्रह के लिए स्टेशनों पर अलग-अलग कूड़ेदान की व्यवस्था का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त हाइड्रेंट पाइप के रख-रखाव और स्टैकिंग का निरीक्षण, प्लास्टिक का बहिष्कार, सौर ऊर्जा उपकरण की सफाई और रखरखाव तथा शून्य अपशिष्ट की दिशा में कार्यवाही की गई तथा रेल यात्रियों तथा आमजनमानस के बीच उद्घोषणा तथा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके स्वच्छता का प्रचार-प्रसार किया गया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# पैसे के लेन-देन में युवक की पीट-पीटकर हत्या



● सिर पर पत्थर माकर दिया वारदात को अंजाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के एक टेंट हाउस में काम करने वाले युवक की साथी ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। चीखपुकार सुनकर एकत्र टेंट हाउस कर्मी और मालिक घायल को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उसको डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी ने मृतक के पहले मारपीट शुरू करने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार हरदोई संडीला कासिमपुर के बहलोलपुर गांव निवासी अनमोल सिंह (30) आलमनगर स्थित असलम अली के हिंद टेंट हाउस में काम करते थे। जहां गुरुवार रात खाना बनाते वक्त लालू उर्फ सोमेंद्र से पुराने लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में अनमोल सिर पर गंभीर रूप से चोट लगने से जमीन पर लहूलुहान होकर गिर गया। उसकी चीख सुनकर टेंट हाउस मालिक असलम अली के साथ ही अन्य कर्मचारी रेहान, रामू के साथ आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद अनमोल को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

**टेंट हाउस संचालक ने दी गलत सूचना:** मृतक अनमोल के भाई आलोक ने बताया कि टेंट हाउस संचालक रेहान ने भाई के बीमार होने की सूचना दी थी। उसके दस मिनट बाद कहा उनकी मौत हो गई। ट्रामा सेंटर में मौजूद दरोगा महेंद्र कुमार ने भी कुछ बताने की जगह बात टालते रहे। पुलिस तहरीर देने के बाद भी सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज नहीं कर रही है। तालकटोरा इंस्पेक्टर ने बताया पूछताछ में आरोपी लालू उर्फ सोमेंद्र ने बताया कि खाना बनाते वक्त एक पुराने लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद मृतक अनमोल ने डंडे से उसकी (लालू) पिटाई शुरू कर दी। उसके बाद गला दबाकर मारने की कोशिश की। इस पर पास में पड़ा पत्थर उठाकर सिर पर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## बीमारी से तंग आकर पति-पत्नी ने दी जान

● पत्नी जमीन पर और पति पंखे से लटकता मिला
● पुलिस ने शवों को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक कमरे रह रही पति-पत्नी ने सुसाइड कर लिया है। पत्नी की लाश जमीन पर मिली और पति का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया है। माना जा रहा है कि पत्नी ने जहर खाया और पति ने फांसी लगाई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक दोनों की पहचान मोनिका अरोड़ा (47) और अमित आर्य (45) के रूप में हुई है। दोनों का कोई बच्चा नहीं है। पुलिस ने बताया कि अमित आर्य का शव पंखे से लटकता मिला, जबकि मोनिका अरोड़ा का शव बेड पर पड़ा हुआ था। दोनों के मुंह और कपड़ों पर झाग लगा हुआ था। शवों के पास से जहरीला पदार्थ और शराब की एक बोतल भी मिली है। अमित आर्य रिक्शा चालक था, जबकि मोनिका अरोड़ा लंबे समय से बीमार थी। महिला गूंगा-बहरा स्कूल, मिश्री बाग ठाकुरगंज में काम करती थी। किडनी की बीमारी से आत्महत्या घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजे तोड़कर शवों को बाहर निकाला गया। साथ ही, फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, मोनिका अरोड़ा किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और यह बीमारी ही आत्महत्या का कारण हो सकती है। आर्थिक तंगी भी हो सकती है वजह जानकारी के मुताबिक मोनिका अरोड़ा लंबे समय से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज जारी था। इस घटना के पीछे दंपत्ति की आर्थिक तंगी और बीमारी की भूमिका हो सकती है। पुलिस अभी इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन प्रारंभिक जांच में इन कारणों को आत्महत्या की संभावित वजह माना जा रहा है।

## कपड़ा कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

● बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित इंदिरानहर के पास स्थित इंदिरडैम का मामला

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बीबीडी थाना अंतर्गत इंदिरानहर स्थित इंदिरडैम पर शुक्रवार को कपड़ा कारोबारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर वहां सनसनी फैल गई। आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस कई बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

बीबीडी प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, सरोजनीनगर थाना अंतर्गत स्कूटर इंडिया निवासी ब्रजेश पाठक सपरिवार रहते हैं। ब्रजेश पाठक का इकलौता बेटा अंकित पाठक (25) आलमबाग क्षेत्र में कपड़ों की दुकान चलाता था। पिता बृजेश ने बताया कि सुबह अंकित बाइक लेकर घर से निकला था। इसके बाद वह दोबारा नहीं लौटा। कुछ घंटे बाद पुलिस ने सूचना दी कि उनके बेटे ने इंदिरानहर स्थित इंदिरडैम पर खुद को अवैध असलहे से गोली मार ली है। जब वह मौके पर पहुंचे तब तक बेटे की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने बताया कि कपड़ा कारोबारी ने सिर पर तमंचा सटा कर खुद को गोली मारी है। पुलिस ने कपड़ा कारोबारी के पास से एक अवैध तमंचा और बैग बरामद किया है। जांच में पता चला कि आत्मघाती कदम उठाए जाने से पूर्व अंकित ने दोस्तों को वीडियो कॉल की। इस दौरान उसने अपने दोस्तों से कहा कि मेरे जाने के बाद माता-पिता का ख्याल रखना। फिलहाल, पुलिस को कपड़ा कारोबारी के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया मामला कारोबार में घाटा होने से जुड़ा बताया जा रहा है जिससे परेशान होकर कपड़ा कारोबारी ने आत्मघाती कदम उठा लिया है। कपड़ा कारोबारी की मौत के बाद पुलिस उसके दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। फिलहाल, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कपड़ा कारोबारी ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है। वहीं पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कारोबारी के आत्मघाती कदम उठाने के लिए कहां से अवैध पिस्टल लेकर आया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई भी आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर मिलते ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## 11 आम के पेड़ काटे मुकदमा दर्ज

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में जलौनी लकड़ी की आड़ में लकडकटो ने 11 आम के पेड़ काट कर उठा ले गए। जिनके खिलाफ बन दरोगा ने मुकदमा दर्ज कराया है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** <u>**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**</u> अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender. up.nic.in पर दिनॉक 18.10.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 19.10.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा । निविदा- मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender. up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई - निविदा संख्या 90 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत दीपोत्सव का पर्व एवं आगामी पंचकोसी / चौदहकोसी परिक्रमा मेला के दृष्टिगत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, एम.ई.एस., सिविल लाइन एवं जिला अस्पताल हेतु पोषित 33 केवी विद्युत लाइनों के अनुरक्षण का कार्य । ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00। **2- ई - निविदा संख्या 91 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25 :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत दीपोत्सव पर्व/कार्तिक पूर्णिमा मेला में सुरक्षा के दृष्टिगत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, राम की पैड़ी, साकेत एवं निर्मोचनघाट के अधीनस्थ क्षतिग्रस्त हो चुके ढक्कनों को लगाने एवं मरम्मत का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00। **3- ई - निविदा संख्या 92 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले पंचकोसी/ चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग पर मौनी बाबा आश्रम से मिजार्पुर माफी तक 11 किमी. एस.टी. पोलों पर पालीथीन लगाने. का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 4500.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**
**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**
**(पत्रांक 9921 / दि. 04.10.2024)**

## दो महीने में भरें यूपी स्टेट पब्लिक सर्विसेस ट्रिब्यूनल में खाली पड़े सभी पद

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार के आदेश दिया है कि यूपी स्टेट पब्लिक सर्विसेस ट्राईबुनल में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति अगले दो महीने के भीतर कर दी जाये। कोर्ट ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता तो स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य वीडियो क्रांफेंसिग के जरिये कोर्ट में 11 दिसम्बर के हाजिर रहें। स्क्रीनिंग कमेटी में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक तथा प्रमुख सचिव विधि हैं। कोर्ट ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी के इन नियुक्तियों का महत्व समझना चाहिए।

यह आदेश जस्टिस राजन राय व जस्टिस ओम प्रकाश षुक्ला की पीठ ने सतीश चंद्रा की याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि इस समय केवल दो ही पद भरे हैं और इससे ट्रिब्यूनल का काम बुरी तरह प्रभावित है और केसों की सुनवायी नहीं हो पा रही है। सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कोर्ट के बताया कि नियुक्तियों की प्रकिया चल रही है और षीघ्र ही नियुक्तियां हो जायेगीं। कोर्ट ने प्रमुख सचिव विधि के कहा है कि आगे से ध्यान रखा जाये कि रिक्ति होने के 6 महीने पहले से ही उन्हें भरने की प्रकिया प्रारम्भ कर दी जाये।

# डाले पर सवार बदमाशो ने किया छात्राओं के अपहरण का प्रयास

## स्कूल जा रही थीं छात्राएं, बाइक सवार राहगीरों ने कराया मुक्त, पुलिस जांच में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्कूल जा रही छात्राओं को डाला वाले ने अपहरण करने की नियत से छात्राओं को जबरन गाड़ी मे डाल लिया छात्राओं के चिल्लाने पर उधर से गुजर रहे बाइक सवार राहगीर ने छात्राओं को मुक्त कराया।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीठे नगर निवासी आकाक्षां (14 वर्ष) पुत्री रामगोपाल, कक्षा (8) अनन्या (13 वर्ष) पुत्री भीमसेन (कक्षा 8) की छात्रा, वंशिका (14 वर्ष) पुत्री विजय कक्षा 8 की छात्रा, सोनम (12 वर्ष) पुत्री कैलाश कक्षा 6 की छात्राएं है। ये सभी कसमंडी कला उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं है। मीठे नगर से कसमंडी कला की दूरी लगभग एक किलोमीटर की है, वे पैदल ही स्कूल के लिए जाती है रोज की तरह शुक्रवार की सुबह



वे सभी साढ़े आठ बजे छात्राएं स्कूल जा रही थी, अभी वे लोग घर से थोड़ी दूर पर स्थित फैक्ट्री के पास मोड़ पर पंहुची ही थी तभी मीठे नगर की ओर से एक अज्ञात नीले रंग का डाला (छोटा हाथी) आया और लड़कियों को देखकर उसने डाला रोका और वो सभी बच्चियों को डाले से स्कूल छोड़ने की बात की तो बच्चियाँ मना कर दिया तभी डाले में आगे बैठा एक व्यक्ति नीचे उतरकर उनमें से एक छात्रा वंशिका का हाथ पकड़कर अपने डाले मे जबरन डाल लेता है फिर वह दूसरी छात्रा अनन्या को खींचने का प्रयास करने लगा एक ओर से अज्ञात डाले वाला बच्ची को खींच रहा था तो दूसरी ओर अपनी सहेली को बचाने का आकांक्षा प्रयास करने लगी, तभी सोनम बचाव बचाव चिल्लाने लगती है। उसी समय डाले में बैठा दूसरा व्यक्ति चाकू दिखाकर सोनम को डराने लगता है व मुंह दबाने लगता है उसी समय रास्ते से गुजर रहे एक अनजान बाइक सवार बच्चियों की आवाज सुनकर डाले के पास जाकर डाले वाले को डांटते हुए बच्चियों को मुक्त कराने लगता है। इसी बीच डाला वाला जैसे ही अपना डाला चालू करने लगता है तभी डाले में बैठी वंशिका डाले से कूद जाती है डाले वाला काफी तेज गति से नवीपनाह की तरफ भाग गया। जिसके बाद डरी सहमी सभी छात्राएं भागकर स्कूल पंहुची और अपने साथ हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्रधानचार्या विमला चंद्रा को दी। छात्राओं ने प्रधानाचार्या को बाताया कि डाले मे दो व्यक्ति आगे बैठे थे तथा एक महिला पीछे बैठी थी उनके पास चाकू, दवाएं, इंजेक्शन और एक बक्सा भी था। जिसके बाद प्रधानाचार्या ने सभी छात्राओं के परिजनों को सूचित किया, सूचना के बाद परिजनों ने कसमंडी चौकी पर हुई घटना की आप बीती सुनाई व अज्ञात अपहरण कताओं के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगो पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डाले की तलाश की जा रही है।

## कमाई का लालच देकर 71 हजार ठगे

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति कमाई के लालच में आकर अपने खाते से 71 हजार रुपये गवा दिए। जब फ्रोफिट के साथ पैसा न मिला तो मुकदमा दर्ज कराया। क्षेत्र के अटलपुरी हरिहरपुर निवासी सूर्यवीर रत्नाकर ने पुलिस को बताया कि उसके वाट्सअप पर राजोर कंपनी का एक मैसेज आया। जिसके बाद एक महिला में फोन कर डिटेल बताया। फिर वाट्सअप पर एक टेलीग्राम लिंक भेजा। फिर एक अकाउंट बनाकर अलग अलग यूपीआई पर पैसा लगाने को कहा। पीड़ित ने बताया कि वह उनके चक्कर मे फसकर 71 हजार रुपये ले लिए। जब देने की बारी आई तो खाता फ्रीज होने का बहाना किया। पीड़ित ने बताया कि जब उसे अपने साथ हुई साइबर ठगी की जानकारी हुई तो सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंचकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सिलेंडर में ब्लास्ट होने से टीन शेड उड़ा

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बाजारखाला में एक मकान में शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे के करीब आग लग गई। आग की लपटें देख घर के लोग चीख-पुकार मचाते हुए बाहर आ गए। घर में रखा एक छोटा और बड़ा सिलेंडर ब्लास्ट होने से इलाके में अफरातफरी मच गई। ब्लास्ट से घर का टीन शेड उड़ गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी तरफ ठाकुरगंज में भी एक इलेक्ट्रानिक सामान के गोदाम में आग लग गई। जिसे दमकल की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में बुझा दिया।

**सिलेंडर फटने से इलाके में दहशत:** एफएसओ चौक ने बताया कि बजारखाला एसके मोटर्स मोतीझील के पास स्थित संतोष पांडेय के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। सिलेंडर फटने से आग तेजी से फैल गई। जिससे घर में रखा सारा सामान जल गया। दमकल कर्मियों ने दो तरफ से पानी डालकर 30 मिनट में आग बुझा लिया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई।

**चौक में इलेक्ट्रानिक गोदाम में लगी आग:** चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के गोदाम में आग लग गई। आग की सूचना पर चौक फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद गोदाम का शटर तोड़कर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। दुकान मालिक महेश तिवारी ने बताया कि वह बिजली के उपकरण की थोक सप्लाई का काम करते हैं। यहां पर गोदाम बना रखा है। आसपास के लोगों से जानकारी हुई कि यहां पर बैठने वाला एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने कबाड़ में आग लगाई थी। जिससे यह घटना हुई।

## विदेशी बुजुर्ग महिला का शव परिजनों के किया गया सुपुर्द

**आलमबाग।** नीदरलैंड से भ्रमण पर भारत वर्ष आई एक वृद्ध महिला की लखनऊ के एक होटल में बुधवार देर शाम हालत बिगड़ने के बाद मृत होने के मामले में शुक्रवार शाम पुलिस ने मृतका के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गयो आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया विदेशी बुजुर्ग महिला के शव को परिजन प्राइवेट वाहनों द्वारा दूतावास से भेजे गए शव वाहन की मदद से लखनऊ से बाया रोड द्वारा दिल्ली ले गए है जहाँ से अंत्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा शव को नीदरलैंड ले जायेंगे कहा कि एमबीसी से अनुमति प्राप्त करने पर भारत भ्रमण करने आई नीदरलैंड 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला मार्गरिटा पत्नी एंगोलाल रोटेडेम की आलमबाग स्थित एक प्रतिष्ठित अस्पताल द्वारा मृत घोषित करने के मामले में बुधवार को हुई पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को मच्युरी में रखवा दिया गया थो शुक्रवार की शाम दूतावास से अनुमति के बाद मृतका के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है दूतावास द्वारा भेजे गए विशेष वाहन से परिजन मार्ग द्वारा दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे लेकर रवाना हो गए जहाँ एयरवे द्वारा शव को नीदरलैंड अपने गंतव्य लेकर जायेंगे।

## बीस लाख मूल्य के मादक पदार्थ जब्त दो गिरफ्तार

लखनऊ। मड़ियाव थाना क्षेत्र के नौबस्ता मोड़ से मड़ियांव पुलिस की टीम ने 978 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रुपये है के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि 3 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे नौबस्ता मोड़ से मड़ियाव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा की पुलिस टीम ने दो तस्कर अब्दुल मजीद 25 वर्ष पुत्र मो0अहमद निवासी पंचपेड़वा जनपद बलरामपुर से 493ग्राम अवैध मादक पदार्थ (चरस) और रंजीत राजपूत 34 वर्ष पुत्र भूधर प्रसाद निवासी ऑस्टिरोड थाना बीकेटी लखनऊ से 485 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (चरस) के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. गोला देहात की सामान्य बैठक दिनांक 06.10.2024 के ग्राम अलियापुर में दिन के 11 बजे सम्पन्न होगी।

**राजकुमार**
**पता- अलियापुर त. गोला खीरी**

## निवेशकों की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने वर्चुअल कॉइन (रूबी कॉइन) बनाकर प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से निवेशकों की गाढ़ी कमाई के करोड़ो रूपयों को निश्चित लाभ दिलाने का झांसा देकर इन्वेस्टमेंट कराकर पूँजी को क्रिप्टो करंसी में बदलकर विदेश भागने की फिराक में जाने वाले गिरोह के सरगना समीर करी लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के साथ सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अंसल एपीआई से गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक लैपटॉप और आईफोन व पासपोर्ट तथा पैन कार्ड तथा आधार कार्ड और कूपन कार्ड और लेटर हेड और विजिटिंग बरामद किया। एसटीएफ के मुताबिक समीर कोलकाता में एंजेला एग्रोटेक कम्पनी में काम करता था जहाँ पर सेल्स स्किल अच्छी होने के कारण उसे जल्द ही कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल किया गया, जहाँ पर वर्ष 2016 में फजीवाड़ा होने पर उसे जनपद दुर्ग मध्यप्रदेश से जेल गया था। जेल से छूटने के बाद समीर रायपुर छतीसगढ़ में रहने लगा। जहाँ पर उसने रूबी कॉइन नाम की वर्चुअल कॉइन की शुरूआत की। जिसका धीरे धीरे इसने प्रचार प्रसार करना शुरू किया। धीरे - धीरे लोग उसके लोकलुभावन वादों में फंसते चले गये और कंपनी व उसकी वर्थ बढ़ती चली गयी। समीर व उसके साथी रूबी कॉइन में लोगों का पैसा इन्वेस्ट कराते थे लोगों को लोक लुभावन वादे देना कि यह एक सुरक्षित निवेश है, जिसमें निवेशक की मूल पूँजी हमेशा सुरक्षित रहेगी और यदि निवेशक अपना पैसा वापिस लेना चाहे तो 03 वर्ष के बाद पूर्व सूचना देकर अपनी कॉइन के बदले पैसा अपने बैंक खाते में वापिस ले सकता है। निवेशक की पूरी निवेश पूँजी के उपयोग करने का अधिकार समीर के पास रहेगा और निवेशक को निवेशित पूँजी के बदले विभिन्न पर्यटन स्थलों का टूर पैकेज दिया जाता रहेगा।

## टायर फटने से बस पलटी महिला यात्री की मौत



**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में शुक्रवार की देर रात बहराइच से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार एक बस का टायर फटने से पलट गई। जिसमे सवार एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में फसे यात्रियों को बाहर निकाला। घटना के बाद बस चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गया।

इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार की रात बहराइच से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस यूपी 40 एटी 3270 का किसान पथ पर आचानक दाहिने ओर अगला टायर फट गया। तेज गति में होने के कारण दुलार मऊ गांव के पास आचानक पलट गई। जिसमें एक महिला समेत करीब दर्जन भर यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां यमुनापुर थाना गोंडी जनपद बहराइच निवासी साहिबा (60) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसड़ीआरएफ की टीम ने घायलों को निकालने के बाद क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला।

<u>**निविदा सूचना**</u>

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के स्वीकृति आदेश संख्या C-14011/8(PC)/2024-25-CC(CR)/F/TK/Gen-3 Dated 03/09/2024 के अनुपालन में 50 सेट टूलकिट (50 Artisans of Producer Company Practicing Applique Craft) की सप्लाई हेतु निविदा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कोटेशन अमंत्रित की जाती है उसके उपरान्त 16वें दिन बाद पंजिकृत कार्यालय अलीगढ़ में एक्सपर्ट कमेटी की बैठक में निविदा खोली जायेगी। जिसमें 1 सेट विवरण निम्न प्रकार है-

| S.No. | Tools Items | Qty. |
|---|---|---|
| 1 | Stitching Machine (ISI approved, Foot Operated Machine) | 1 Pc |
| 2 | Embroidery Round frame Small, Medium & Large(8", 10",12") | 2 PC |
| 3 | Tracing Paper Sheet | 5 Pc |
| 4 | Zari Needle for Kasab, 1 Taar, 2 Taar, 3 Taar, 8 Taar | 2 Pc Each |
| 5 | Pencil HB & B | 1 Pack Each |
| 6 | Powder forTracing | 250 Gm |
| 7 | Steel Scale (1 ft. & 2 ft.) | 1 Pc Each |
| 8 | Measuring Tape (Tailor) | 2 Pc |
| 9 | Scissor | 1 Pc |
| 10 | Thread Trimmer | 2 Pc |
| 11 | Seam Ripper | 4 Pcs. |
| 12 | Zardozi Needles 9 upto 12 No. | 1 Pack Each |
| 13 | Pattern Cloth | 2 Pc |
| 14 | Finger Thimble | 5 Pcs. |

निविदा संस्था जीवन गढ़ अपलीक हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ए-9, गैलैक्सी अपार्टमेंट, प्रथम तल, किला रोड, अलीगढ़-202001 (उ.प्र.) के पते पर डाक द्वारा प्रेषित है।

**(डायरेक्टर)**


नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दर्शन करते श्रद्धालु


चौक के काली मंदिर में पूजा–अर्चना करते भक्तगण


आनंदी माता मंदिर में पूजा–अर्चना करते भक्तगण

सभी फोटो–अमित वर्मा

# घरों व मंदिरों में हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा, लगाये माता के जयकारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः इन मंत्रों की गूंज संग राजधानी में शुक्रवार को उस समय गूंज उठी जब लंबी कतारें लगाने के बाद भक्तों ने मां के दर्शन किए। नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन ब्रम्हचारिणी स्वरुप की आराधना भक्तिभाव से हुई। भक्तों को सुख प्रदान करने वाली देवी पूजा अर्चना व दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुबह से शाम तक भीड़ लगी रही। शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की आराधना में लीन भक्त आस्था के फूल लिए मां के दरबार में अर्जी लगाने पहुंचे। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन एक ओर सुबह मंदिर संग घरों में लोगों ने पूजा अर्चना की तो वहीं सूरज ढलते ही फूलों और लाइटों से सजे मां दुर्गा के मंदिर में भजनों की रसधार प्रस्तुति हुई। जिसको सुन भक्त भक्ति में डूबे नजर आए।

**कालीबाड़ी, संदोहन देवी, चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़े भक्तः** जगमगाते भवन में विराजी मां के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। गुलाब, गेंदा और विभिन्न फूलों संग एलईडी लाइटों से जगमगा रहे घसियारी मंडी के कालीबाड़ी मन्दिर में सुबह से ही भक्तों की कतारें दर्शन के लिए लगी रही। भव्य शृंगार से सजे मां के भवन में कलकत्ता की साड़ी पहने विराजी मां की प्रतिमा को भक्त एकटक निहारते दिखे। सुबह पांच बजे से मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए जिसके बाद देर रात तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा। दोपहर में मां को मेवे, फल का भोग लगाया गया।

**माता की चौकी में गूंजे जयकारेः** चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, मइया रानी तेरी जय-जयकार समेत अन्य भजनों से शुक्रवार की शाम सजी। समाजसेवी आशीष गुप्ता द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा स्थित रिध्या वेंचर कैम्पस में एक शाम माताजी के नाम संगीतमय माता की चौकी का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तम रामायण समिति ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

भजन गायक उत्तम नारायण ने गणेश वंदना से मां की चौकी की शुरुआत की तथा ऐ ज्योति रूप ज्वाला मां, तुम तो भोलेनाथ हो दान देकर भूल जाते हो... जैसे भजन सुनाए। भजन गायिका रूमिका तिवारी ने आया बुलावा भवन से, मेरे बांके बिहारी लाल, तथा अश्विनी शुक्ल ने तेरा दर तो हकीकत में... सुनाया। इस मौके पर माता का विशेष दरबार सजाया गया। रंग-बिरंगी झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। आशीष और अंजलि ने मां की ज्योति प्रज्ज्वलित की।

## आज होगी मां चंद्रघंटा की पूजा



**लखनऊ।** मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती हैं। ये क्षण साधक के लिए अत्यंत सावधान रहने के होते हैं। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे का आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी है। मां भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र ही कर देती हैं। मां का स्वरूप अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। इनकी आराधना से वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का विकास होकर मुख, नेत्र तथा संपूर्ण काया में कांति-गुण की वृद्धि होती है।

## चंद्रिका देवी मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र के दूसरे दिन सुबह होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान शहर भर के देवी मंदिरों में माता का प्रथम दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। इस दौरान मंदिर में पहुंचे बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी भक्तों ने माता के जयकारे लगाते हुए अपने उत्साह को दिखाया। इसके चलते दिन भर माहौल भक्तिमय बना रहा। बीकेटी के कठवारा में स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन निगोहा के पुरहिया गांव निवासी नीरज दीक्षित एअरविंद दीक्षित और शुभम दीक्षित की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें हलवा चना, पूड़ी सब्जी वितरित किया गया। इस मौके पर संतोष शुक्ला, विवेक तिवारी, अरविंद दीक्षित, विजय दीक्षित, शिवम पांडे, सुधांशु पांडे, राजेंद्र दीक्षित, आशीष त्रिवेदी, मुकेश शुक्ला, धीरज, शुभम सिंह, पीयूष, गौरव उपाध्याय, आयुष दीक्षित, शिवा मिश्रा, दिव्या, श्रद्धा, शांभवी श्रेयांशु समेत हजारों की संख्या में लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

**देर रात तक जारी रहा दर्शन का सिलसिलाः** बीकेटी में चंद्रिका देवी मंदिर पर सबेरे से ही भक्तों को रेला आना शुरू हो गया। देर रात तक यह सिलसिला चला। नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन भक्त उत्साहित नजर आए। इसके अलावा हुसैनगंज के भुइयन देवी मन्दिर, राजाजीपुरम के माता शीतला देवी मन्दिर, योगीनगर त्रिवेणीनगर के दुर्गा मन्दिर, सीतापुर रोड के विंध्यांचल देवी मन्दिर, रानी कटरा के सन्दोहन देवी मन्दिर, ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी मन्दिर, नन्दना बीकेटी के चन्द्रिका देवी मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों में देर रात तक दर्शन का सिलसिला चलता रहा।

## 51 शक्तिपीठ में मां का हुआ श्वेतांबर शृंगार



**लखनऊ।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजन किया। समस्त सनातनियों को शक्ति सद्बुद्धि सन्मति विवेक एकता प्रदान करने वाली तथा अधर्मियों, अविवेक, विघटनकारी शक्तियों का नाश करने वाली मां का श्वेतांबर श्रंगार किया गया। आचार्य धनन्जय पाण्डेय की आगुआई मे सभी आचार्यों ने श्वेत वस्त्र में सामूहिक हवन किया। संस्था के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डाली।

## यूपी और असम के संगीत ने दिल जीता

लखनऊ। गीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ओर सत्रीय केन्द्र गुवाहाटी की ओर से हो रहे 17 वें संगीत समारोह में शुक्रवार को कर्णप्रिय संगीत सुनने को मिला। कलामण्डपम प्रेक्षागृह में संगीत समारोह के दूसरे दिन असमी मृदंग, तबले और बांसुरी के साथ उत्तर पूर्व और उत्तर प्रदेश की संस्कृति का सुन्दर समन्वय देखने को मिला। इसके साथ ही संगीता चमुह ने असम बड़गीत की प्रस्तुति दी। वहीं मोनुरंजन बोरा और जतिन्द्र महांता ने असम खोल युगल प्रस्तुति, संगीत काटाकी और मिनाक्षी सैकिया ने युगल प्रस्तुति में बड़गीत की प्रस्तुति दी।

## माता की चौकी आज

लखनऊ। महानगर रामलीला समिति के सभागार में ललित मोहन जोशी जी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें आगामी 5 अक्टूबर को तीसरी नवरात्र के अवसर पर माता की चौकी का अयोजन दिन में 3 बजे से देर रात तक होगा।

# पुस्तकों के विमोचन संग चली मुताह पर चर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** समय के साथ युवाओं की पंसद बदली है। बलरामपुर गार्डन में चल रहे इक्कीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले के स्टाल धारकों के अनुभव कुछ ऐसा ही बताते हैं। समापन की ओर बढ़ चले मेले को आज आठवां दिन था। मेले में कल दोपहर एक किताब के विमोचन समारोह में फिल्म अभिनेता राजपाल यादव भी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

कथा संग्रह लाल डोरा और किन्नर के लेखक महेंद्र भीष्म किताब खरीदने वालों को किताब पर हस्ताक्षर कर के दे रहे हैं। सस्ता साहित्य भण्डार के स्टाल पर हिन्दी साहित्य की किताबें वाजिब दाम में छूट के साथ उपलब्ध हैं। मेला मंच के आयोजनों में आज विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट, निखिल प्रकाशन व माधवी फाउण्डेशन की ओर से साहित्य में प्रकृति बोध एवं पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन मोहन मुरारी शर्मा के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर डा. नीतू शर्मा की पुस्तक हिन्दी की महनीय विभूतियां का लोकार्पण हुआ। यहां डा. नीतू के साथ ही नंदकिशोर, योगाचार्य दीप्तिभूषण, वीके मिश्र, सुरभि शुक्ला, रघुवर आनन्द, डा. बीडी सिंह, शिवमोहन, अनीता अरोड़ा आदि विद्वानों व रचनाकारों को सम्मानित किया गया।

वाणी प्रकाशन ग्रुप से प्रकाशित महिला अधिकारों की प्रखर प्रवक्ता नाइश हसन की पुस्तक मुताह : एक शोध-परक अध्ययन के लोकार्पण के साथ ही इस पुस्तक पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष राय की अध्यक्षता में परिचर्चा चली। परिचर्चा में प्रो. नलिन रंजन सिंह, लेखिका सबाहत आफरीन, समीना खान व तस्वीर जहरा नकवी इत्यादि ने विचार व्यक्त किये। लेखिका नाइश ने कुछ सच्चे प्रसंगों के हवाले से अपनी बात रखी और एक अन्य अध्येता ऋचा नागर के काम का भी जिक्र किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में सुभाष राय ने वक्ताओं की इस बात का समर्थन किया कि ऐसे मुद्दों को महिलाओं के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है। बुराई किसी भी पंथ या सम्प्रदाय से जुड़ी हों, उन्हें खत्म करने की जरूरत है। राजकमल प्रकाशन के आयोजन में शिवानी राकेश की किताबा सिनेमा को पढ़ते हुए का विमोचन हुआ। मनोज पाण्डेय के संचालन में इस पुस्तक पर हुयी चर्चा में लेखिका के साथ ही कथाकार शिवमूर्ति, राकेश कबीर आदि ने अपना पक्ष रखा।

## एसएनए में नाटक आबगीना का मंचन कल

**लखनऊ।** इम्मेंस आर्ट्स एंड कल्चरल सोसायटी, लखनऊ द्वारा आगामी 06 अक्टूबर रविवार को वाल्मीकि रंगशाला, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में नाटक आबगीना का मंचन किया जाएगा। वेस्टर्न ड्रामा की एक महत्वपूर्ण कृति लेखक टेनेसी विलियम्स लिखित नाटक दी ग्लास मैनेग्री पर आधारित नाटक आबगीना का निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली और भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ दोनों ही संस्थानों से प्रशिक्षित एवं वर्तमान में भारतेंदु नाट्य अकादमी में बतौर संकाय सदस्य कार्यरत वरिष्ठ रंगकर्मी गोविंद सिंह यादव कर रहे हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते कई बार अपने सपनों और महत्वकांक्षाओं की बलि चढ़ानी पड़ती है। मन में उस कुंठा को दबाए रखते हुए रिश्तों को निभाते जाना जीवन को बोझिल बना देता है। इसी कुंठा से जूझते परिवार की कहानी है इस नाटक में। नाटक में भारतेंदु नाट्य अकादमी से प्रशिक्षित कई अभिनेताओं सहित शहर के कई वरिष्ठ रंगकर्मी नजर आएंगे।


## कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश**

तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक- नि.ख./लखनऊ/ई-निविदा/2024-1120 दिनांकः 04/10/24

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस) तृतीय आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में वांछित श्रेणी में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 14.10.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.10.2024 की अपरान्ह 1.00 बजे से दिनांक 14.10.2024 की अपरान्ह 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 15.10.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगीः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा का मुल्य (जी.एस.टी सहित) (रुपए में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत (सिविल कार्य) (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपमण्डी स्थल मलिहाबाद में 02 नग 12X72 मी. खुले नीलामी चबूतरों को छायादार नीलामी चबूतरों में परिवर्तित करने का कार्य। 2024_RKUMP_962574_1 | 10900.00 | 5.07 | 61.28 | 02 माह | 'स' |

नियम एवं शर्ते-

1. ई-निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, लखनऊ के संचालित खाता संख्या-30394513612 आई.एफ.एस. कोड- SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या-30394514140 आइ.एफ.एस. कोड - SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी 4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) एवं शपथ पत्र (टी-6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद विभाग में पंजीकृत/ नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रकिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू. 100.00 का स्टाम्प पेपर रू. 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी.एस.टी. का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

**नोटः-** समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

**उपनिदेशक (निर्माण)**


# धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद लीला ने मंत्रमुग्ध किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्रीराम लीला समिति ऐशबाग लखनऊ के तत्वावधान में श्री रामलीला मैदान के तुलसी रंगमंच पर चल रहे रामोत्सव के आज दूसरे दिन फुलवारी लीला, जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम जानकी विवाह और विदाई लीला हुई। आज की रामलीला के पूर्व भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भगवान श्री राम की भक्ति के सागर में आकन्ठ डुबोया।

सकल सौच करि जाइ नहाए, नित्य निबाहि मुनिहि सिए नाए, समय जानि गुर आयसु पाई, लेन प्रसून चले दोउ भाई.इन पंक्तियों के संग आज फुलवारी लीला आरम्भ हुई, जिसमे गुरू विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण जनकपुर पहुंचते हैं। विश्राम के दूसरे दिन दोनों भाई जनकराज की वाटिका में पूजा के लिए पुष्प लेने जाते हैं, जहां पर सखियों संग गई सीता जी, भगवान राम को और राम जी, सीता को देखते हैं। रामलीला के अगले क्रम में धनुष यज्ञ लीला हुई, जिसमे जनक प्रतिज्ञा के अनुसार महल में धनुष यज्ञ का आयोजन करते हैं जहां पर तमाम सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए राजा.महाराजा भाग लेते हैं और सभी धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं लेकिन कोई भी धनुष को तोड़ने के बजाए उठाने में ही अक्षम साबित होते है। तभी गुरू विश्वामित्र राम को आदेश देते हैं कि वह उस धनुष की प्रत्यंचा चढ़ायें। गुरू की आज्ञा पाकर राम, शिव जी के धनुष को हाथ से उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाते हैं, वैसे ही सारे लोग हतप्रभ हो जाते हैं प्रत्यंचा चढ़ाते ही राम से धनुष टूट जाता है। वैसे ही महल में परशुराम गरजते हुए महल में पहुंचते हैं और जोर जोर से कहते हैं कि भगवान शिव के इस धनुष को किसने तोड़ा है, कौन है यह दुःसाहसी। तभी परशुराम और लक्ष्मण में काफी वाद.विवाद होता है। परशुराम लक्ष्मण संवाद के बाद राम जानकी विवाह व विदाई लीला हुई। इस प्रसंग में राम और सीता के विवाह की तैयारियां शुरू हो जाती हैं और भगवान राम के गले में सीता जी वरमाला डालती हैं तभी आकाश से सभी देवतागण पुष्प वर्षा करते हैं और इसी के साथ राजा जनक की अन्य तीनों पुत्रियों का विवाह भी क्रमशः लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ हो जाता है। विवाह के उपरान्त सीता जी विदा होकर अयोध्या की ओर प्रस्थान करती हैं। यहीं इस लीला का सुखद् अंत होता है।

**मौसमगंज मे अहिल्या उद्धार, गंगा अवतरण लीला का मंचनः** डालीगंज की मौसमगंज रामलीला के तीसरे दिन शुक्रवार को अहिल्या उद्धार गंगा अवतरण, जनक बाजार फुलवारी लीला शिवकुमार वर्मा के निर्देशन मे मंचित हुई। लीला मे विश्वामित्र-राजेश त्रिपाठी, राम-अभिषेक त्रिपाठी, लक्ष्मण-तुषार शर्मा, दशरथ-शिव कुमार वर्मा ने सराहनीय अभिनय किया। लीला मे कुछ संवाद लोगों को भा गया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर शनिवार को धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन 9:00 बजे होगा।

# अवध में सजेगी फैशन शो संग गीत-संगीत की महफिल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सत्य की विजय के उत्सव विजयादशमी के उपलक्ष्य में इस बार नगर के प्रसिद्ध विपणन केन्द्र सहारागंज नगरवासियों को 'विजयी भव' के कई मौके देने जा रहा है। भगवान राम द्वारा रावण के वध और देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर पर विजय के इस प्रसिद्ध उत्सव पर सहारागंज ने पांच अक्तूबर को हजरतगंज स्थित मॉल परिसर में भव्य आयोजन किया है जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं, सामूहिक सहभागिता के आकर्षक कार्यक्रमों, फैशन शो के साथ ही भक्ति संगीत की महफिल भी सजाई गई है।

मॉल के इन प्रयासों का उद्देश्य नगरवासियों, अपने ग्राहकों एवं उनके परिवारीजनों के लिए उमंग-उत्साह और मनोरंजन के बीच कई आकर्षक पुरस्कार जीतकर उत्सव की खुशियों को और बढ़ाना है।

सहारागंज के दिनेश ने शुक्रवार को कहा कि सहारागंज ने उत्सव के उत्साह को और बढ़ाने के लिए तथा दशहरे के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपहार देकर लोगों की खुशियां दोगुनी करने के लिए यह आयोजन किया है जिसमें सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी, डंब चैरेड्स, चित्रकला, अंतर बताओ जैसी लोकप्रिय प्रतियोगिताओं के साथ ही फैशन शो और भक्ति संगीत का भी आयोजन किया गया है। प्रतियोगिताओं में बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों की भी सहभागिता होगी तथा विजेताओं को शॉपिंग वॉउचर, फूड वॉउचर और मूवी वॉउचर प्रदान किए जाएंगे।

**सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी:** यह प्रश्नोत्तरी टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले लोकप्रिय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों की तरह होगी जिसमें दर्शकों को चार टीमों में बांट दिया जाएगा। हर टीम के दो सदस्य मंच पर होंगे। प्रश्न एलईडी स्क्रीन पर दिखाए जाएंगे जिनके उत्तरों के विकल्प होंगे। सही उत्तर के लिए बजर दबाना होगा। सबसे अधिक सही उत्तर देने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।

**डंब चैरेड्स:** यह लोकप्रिय पारिवारिक खेल है जिसमें दल का सदस्य बिना कुछ बोले इशारों से फिल्म, धारावाहिक आदि के नाम बताने का प्रयास करता है। दल को इन संकेतों के आधार पर उस शीर्षक का अनुमान लगाकर उसे बताना होता है।

**ड्रा ऑन माई बैक:** यह अनूठी चित्रकला प्रतियोगिता होगी जिसमें अभिभावक अपने बच्चों की पीठ पर कुछ बनाएंगे। बच्चे उसका अनुमान लगाते हुए वैसा ही चित्र बनाने का प्रयास करेंगे। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए चित्र को एलईडी के बड़े पर्दे पर भी दिखाया जाएगा।

**अंतर बताओ:** यह भी एक लोकप्रिय प्रतियोगिता है जिसमें एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों के बीच अंतर ढूंढना होगा। एक जैसे चित्रों का प्रदर्शन एलईडी स्क्रीन पर होगा।

**फैशन शो:** विजयादशमी के इस उत्सव में यह अनूठी फैशन परेड होगी जिसमें आधुनिकता और परंपरा का समन्वय होगा। 8 से 12 वर्ष तक की उम्र के प्रतिभागियों को रामायण की थीम के अनुकूल आधुनिक एवं पारंपरिक वस्त्रों में रैंप पर वॉक करना होगा। जो प्रतिभागी अपने वस्त्रों के जरिए परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत कर सकेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

**वाटकर सिस्टर्स की संगीत प्रस्तुति:** समारोह का एक मुख्य आकर्षण नागपुर की वाटकर सिस्टर्स की संगीत प्रस्तुति होगी। भाग्यश्री और धनश्री वाटकर 'हम कथा सुनाते राम सकल गुन धाम की..' से लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं तथा अयोध्या में भूमिपूजन और दीपोत्सव जैसे महत्त्वपूर्ण अवसरों पर अपने कार्यक्रमों से प्रशंसा प्राप्त कर चुकी हैं। श्रीराम के जीवन पर आधारित अपनी भक्ति रचनाओं से वे विजयादशमी पर श्रीरामकथा को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करेंगी तथा इस आयोजन को और सार्थकता प्रदान करेंगी।

## काकोरी एक्शन की घटना पहली बार मंच पर पेश करेंगे सुशील

**लखनऊ।** हंसते-हंसते चूम लेंगे फांसी के फंदों को हम देश ये आजाद हो ख़्वाहिश रहेगी मरते दम, अब यह मिट्टी और हवा, और यह प्यारा वतन, है तुम्हारे ही हवाले, स्वर्ग से न्यारा वतन... सौ जनम कुर्बान हों, ख्वाहिश रहेगी मरते दम देश ये आजाद हो... ऐसे ही जोशीले गीतों से कलाकारों ने पूरे सभागार में ओज के स्वर बिखेर दिए। शुक्रवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी उत्तर प्रदेश लखनऊ के रंगमंडल कलाकारों ने नाटक काकोरी एक्शन का शानदार पूर्वाभ्यास किया गया। नाटक का लेखन जानेमाने नाटककार सुशील कुमार सिंह का है। सुशील कुमार सिंह केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी के अमृत पुरस्कार, हिंदी संस्थान, उप्र के कला भूषण सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। चर्चित और लोकप्रिय नाटककार सुशील कुमार सिंह ने काकोरी एक्शन क्रांतिकारियों के काकोरी में सरकारी खजाने को लूटने और स्वाधीनता आंदोलन में क्रांतिकारियों के विभिन्न पहलुओं को सामने रखा है।

नाटककार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सहारनपुर लखनऊ 8 डाउन पैसेंजर ट्रेन में अंग्रेजों के खजाने को देशभक्त क्रांतिकारियों के लूटने की घटना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लिखा है। नवीनतम नाटक बहुत ही सहज रूप से प्रारंभ होता है। शाहजहांपुर का एक नाट्य दल, लखनऊ में काकोरी शताब्दी वर्ष के अवसर में कोई प्रस्तुति करने जा रहा है, लकिन दुर्भाग्य से जिस बस में वह बैठे थे, वह एक खटारा टाइप, धक्का परेड बस थी और काकोरी स्टेशन के पास ठीक उसी जगह पर आकर खराब हो जाती है। जहां 100 साल पूर्व यह महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक घटना घटी थी, जिसने अंग्रेजी सरकार की जड़ें हिला दी थीं।

कलाकारों को ऊब, चिढ़ और हताशा होती है वह मैनेजर से उलझ जाते हैं कि ऐसी खटारा बस क्यों की ? मैनेजर बेचारा क्या करता, जितना बजट उसको मिला है उतने में ही काम चलाना है। जल्दी ही कलाकारों को एहसास हो जाता है कि यह वही जगह है जहां क्रांतिकारियों ने ट्रेन का खजाना लूटा गया था और इस जगह का एहसास कुछ और ही है, तो वह रोमांचित हो जाते हैं। लखनऊ मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर है, 'बस' जब तक ठीक हो वह अपने थीम सॉन्ग गाने का रिहर्सल करने लगते हैं। इसी के साथ नाटक का प्रारंभ हो जाता है और घटनाओं का एक ऐसा सिलसिला चलता है। जो आपको हर पल रोमांचित करता रहता है।

## चित्र, जिंगल व निबंध लिखने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत



**लखनऊ।** आधार में अनिवार्य बॉयोमेट्रिक अपडेट को बढ़ावा देने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित चित्रकारी, जिंगल और निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को शुक्रवार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा पुरस्कृत किया गया। चार आयु वर्गों में हुई इन प्रतियोगिताओं में 19 बच्चों ने पुरस्कार जीते। गोमती नगर स्थित यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित समारोह में 11 से 13 आयुवर्ग में पार्थ गुप्ता ने तीनों प्रतियोगिता में बाजी मारी। निबंध और जिंगल में वह प्रथम स्थान पर रहे और चित्रकारी में तीसरा स्थान हांसिल किया। वहीं प्रतियोगिता में वैदीका मिश्रा, आर्या राय, लावण्या शेषाद्रि, जयश कुमार व कवीन उपाध्याय ने भी अलग-अलग आयुवर्ग की प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हांसिल किया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में अथर्व सिंह, गौरी, अर्श व समिहा राशिद ने द्वितीय और ग्रीशा अग्रवाल, लाइबा राशीद और ध्रुव सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह, ऑल इंडिया रेडियो से अनामिका श्रीवास्तव, स्टूडियो आठ के अमृत सिन्हा व आरजे रफत ने सभी विजेता बच्चों को ट्राफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## लम्बित दुकानों का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा : अभिषेक राठौर



लखनऊ। आज मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर तथा सदर व्यापार मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र सतवीर सिंह राजू के साथ नेहरू रोड सदर बाजार स्थित दुकानों के ऊपर प्रथम तल दुकान बनाने को लेकर मुआयना हुआ। इसके उपरान्त सीईओ छावनी अपने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि वह जल्द से जल्द इस नवनिर्मित होने वाले दुकानों के लिए जो सम्बन्धित नक्शा है आकर प्रस्तुत करें और साथ ही परिसर में स्थित शौचालय में टूटी टाईल्स को बदलवाने के लिए आदेशित किया। सदर बाजार स्थित शौचालय में पायी गन्दगी को लेकर नाराजगी जाहिर की और इसके उपरान्त सदर क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर के बाहर टूटी हुई रोड में टाईल्स लगाने और वहाँ मंदिर की सड़क पर दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए इंजीनियर को मौके पर आदेशित किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व उपाध्यक्ष रतन सिंघानियां, अस्सिटेंट इंजीनियर नमन त्यागी, योगेश वर्मा इंजीनियर और रेवन्यू इंस्पेक्टर आशीष दीक्षित मौजूद रहें।

## हाई कोर्ट ने अवनीश कुमार अवस्थी के खिलाफ पोस्ट डालने पर लगायी रोक

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर के पूर्व नौकरशाह अवनीष कुमार अवस्थी के खिलाफ कोई सूचना , वीडियो या अन्य कोई अन्य वस्तु जिससे उनकी छवि धूमिल हो के प्रकाशित करने से अगली सुनवायी तक रोक दिया है। यह आदेष जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की एकल पीठ ने अवस्थी की ओर से संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत दायर एक याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने ठाकुर के नोटिस भी जारी किया है और मामले की अगली सुनवायी 18 नवंबर को लगायी है। याचिका पर बहस करते हुए अवस्थी की ओर से पेष वरिश्ठ अधिवक्ता जे एम माथुर का तर्क था कि ठाकुर ने खिलाफ सोसल मीडिया प्लेटफार्म और डिजिटल न्यूज प्लेटफार्म पर याची के खिलाफ पोस्ट डाली हैं कि याची के उत्तराखंड स्थित बंगले से बहुत सारा पैसा चोरी हो गया है और यह दिखाने का प्रयास कर रहे हैं कि याची ने गलत तरीके से उक्त पैसा कमाया था और इसीलिए उस चोरी की घटना के बारे में रिपोर्ट भी नहीं लिखायी है। कहा गया है कि उक्त पोस्ट पूरी तरह गलत थी और इसीलिए याची अवस्थी ने अपने अधिवक्ता के जरिये गत 25 सितम्बर को ठाकुर को लीगल नोटिस भेजी। जिसके बाद ठाकुर ने उन्हें मेल डालकर लिखा कि उन्हें लगता है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए और फिर उन्होंने पोस्टें भी हटा लीं। किन्तु माफी मांगने के बाद वह फिर से वैसी ही पोस्टें डाल रहें है। माथुर ने कहा कि याची ने सिविल कोर्ट में वाद दायर कर ठाकुर के खिलाफ स्थगन देने की मांग की थी किन्तु गत 30 सितम्बर को सिविल कोर्ट ने स्थगन देने से मना कर दिया जिसके बाद याची को हाई कोर्ट आना पड़ा है।

## परिसर के भीतर से पिक-ड्रॉप करने की अनुमति न देने वाले स्कूलों की सूची तलब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आदेश के बावजूद स्कूली बच्चों के वाहनों को परिसर के भीतर जाने की अनुमति न देने वाले स्कूलों की सूची तलब की है। न्यायालय ने कहा है कि अगली सुनवाई पर इस सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित किया जाएगा। मामले की अगली सुनवायी 6 नवम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। मामले की पूर्व में सुनवायी के दौरान न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा था कि हजरतगंज व राज भवन के आस-पास के स्कूली संस्थान कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा दें। न्यायालय ने कहा कि इसके लिए स्कूल वैन्स को अनुमति दी जाए। कहा कि सड़क के अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों को खतरा है। इस बार की सुनवायी के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि उक्त आदेश का कुछ स्कूलों द्वारा तो पालन किया जा रहा है लेकिन कई ऐसे स्कूल हैं जो अब भी स्कूली वाहनों को अपने परिसर के भीतर जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं जबकि उनके पास पर्याप्त जगह है।

## एफओए 11 ने मैनेजमेंट 11 को हरा फाइनल में बनायी जगह



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह 7 मई 2024 से 8 मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के क्रिकेट मैच में शुक्रवार को एफओए 11 की टीम ने मैनेजमेंट 11 टीम को शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एफओएपी की टीम ने भोला के 49 रनों की बदौलत 91 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में मैनेजमेंट 11 की टीम निर्धारित 10 ओवर में 84 रन ही बना सकी। वहीं, कैरम में वूमेंस सिंगल के फाइनल में मैनेजमेंट 11 की वर्षा शुक्ला ने कैश 11 की मोनिका को हराकर चैंपियन बनी। इस दौरान खेल संयोजक प्रो. ओपी सिंह, डॉ. आरके सिंह, डॉ. अनुज कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नाटक 'धत्त तेरे की' पार्ट 3 ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत यह नाटक गांधी जयंती नाट्य महोत्सव 2024 के समापन पर राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में आज गांधी भवन प्रेक्षागृह, गांधी भवन में मंचित किया गया। यह एक हास्य व्यंग नाटक है जो पागलखाना के वार्षिक महोत्सव पर किया जाता है जिसमें सभी पागल भाग लेते हैं। कोई वकील बनता तो कोई जज, कोई गवाह तो कोई वकील का क्लाइंट।

पहला केस आता है जिसमें टुपूजिया और उनकी पत्नी चमेली जिनकी वकील हैं चमचिम है उनका आरोप है की मुसद्दी और उनकी पत्नी चिकनी ने उनकी मुर्गी भून कर खा ली है। दूसरा केस आता है जिसमें खूसट का आरोप है की उनके पड़ोसी पलटूराम रात में उनके घर आकर उनके साथ गंदी हरकते करके परेशान करता है। साथ ही साथ पलटूराम की पत्नी चतुरी देवी का आरोप है की खूसट की बीवी कंतरिया रात में उसके घर आकर उसके साथ गंदी हरकते करके परेशान करती है। सच तो आखिरी में डॉक्टर मोना आकर सुलझाती हैं। एक केस तो ये भी आता है कि फौलादी जिसको लड़कियों को देखकर कुछ कुछ होता था, वो अपना इलाज डॉक्टर केकड़ा से कराने जाते हैं। डॉक्टर केकड़ा उनकी समस्या सुलझाने की जगह उनकी समस्या ही उखाड़ लेते हैं। जिससे न वो मर्द रह जाता है और न ही औरत। इसी की शिकायत कोर्ट में लेकर फौलादी जाता है। इसी तरह के अजीबोझगरीब केस सभी पागल मिलकर लड़ते हैं। वकील भी ऊलजलूल दलीलें और गवाह पेश करते हैं कोर्ट में। इसमें मुख्य कलाकारों में कार्तिक पिल्लई, ध्रुव खानचंदानी, शिवदान नायक, निष्ठा तिवारी, देविका पटेल, अरुण बीरो, संगीता मिश्रा, रंजन देहूरी, अक्ष्यारिका दास, साकेत राय, नकुल शर्मा, सूर्य प्रधान, देविका पटेल, संतोष बाग, काव्या मिश्रा, मोनिका भारती, परशुराम लोखंडे, अभय यादव, ललित पांडेय, संतोष बाबुलकर, अभिषेक राज, प्रदीप श्रीवास्तव, दीपक यादव, धैर्य खानचंदानी, प्रतीक्षा गुप्ता, विशाल दुबे, संजय यादव आदि कलाकार शामिल थे। यह कार्यक्रम अश्वनी शुक्ला, अंजना तिवारी, गणेश रावत, अमित तिवारी, ललित पांडेय, निष्ठा तिवारी, राकेश वर्मा, राकेश तिवारी, आदि के प्रबंधन एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

## गुरु जीवन को साक्षर नहीं सार्थक करते हैं : जैन मुनि



**लखनऊ।** राजधानी में चल रहे जैन मंदिर में जैन मुनि के प्रवचन के दौरान मुनि श्री सुप्रभ सागर जी ने अपने प्रवचन में सभी को उपदेश दिए कि गुरु हमारे जीवन को साक्षर नहीं सार्थक करते हैं गुरु को स्वीकार किए बिना परमात्मा तक नहीं पहुंचा जा सकता परमात्मा से मिलाने वाले गुरु होते हैं । परमात्मा से ज्यादा महत्व गुरु को दिया गया है क्योंकि गुरु अंगुली पड़कर परमात्मा के द्वार तक ले जाते हैं। वह इंसान को भगवान बनाने का काम करता है। गुरु रूपी लहरों के विपरीत चलने वाला डूब जाता है और गुरु चरणों में अपने आप को छोड़ देने वाला संसार सागर से पार हो जाता है कभी भी गुरु की किसी भी तरह की बुराई एवं बुराई करने के सहयोग में नहीं रहना चाहिए। जिनके जीवन में गुरु नहीं उनका जीवन शुरू नहीं होता। मुख्य संयोजक संजीव जैन ने बताया कि मुनी प्रणत सागर जी महाराज का 12वां दीक्षा दिवस सआदतगंज जैन मंदिर में धूमधाम से 6 अक्टूबर दिन रविवार को मनाया जाएगा जिसमें प्रातः 8:00 बजे गुरु पूजा, पाद प्रचलन, शास्त्र भेंट प्रवचन एवं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

## तीन छात्रों को चार-चार लाख की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों अक्षत द्विवेदी, प्रणाम गोयल और शौर्य जायसवाल को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए दी जायेगी, जिसके तहत प्रत्येक छात्र को पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000 रुपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। यह जानकारी स्कूल के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा-12) परीक्षा-2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में टॉप वन परसेंट मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए इन छात्रों को विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है।

## गिरमिटया मजूदरों के दर्द भरी यात्रा को लोकसंगीत के साथ दिखाया

**लखनऊ।** रुपांतर नाट्य मंच की ओर से दिन तीन दिवसीय नाट्य समरोह रंग-ए-आवारगी की शुरूआत शुक्रवार से हुई। संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में शुरू हुए नाट्य समारोह के पहले दिन अपर्णेश मिश्र व सुनील जयसवाल के निर्देशन में नाटक गिरमिट सियाही का मंचन किया गया। डा. आनन्द पाण्डेय के लिखे नाटक गिरमिट सियाही में भारत के गांवों से पकड़कर लोग सूरीनाम, फीजी, मॉरीशस, गुयाना, टुबैको, आदि अमरीकी-यूरोपीय अधिग्रहण वाले द्वीप पर धोखे से गुलाम बनाकर भेजे गए। नाटक मेंइन्ही लाखों गुलामों की यात्रा को दिखाया गा। मंच पर अलोक सिंह राजपूत, हरिकेश पाण्डेय, सोमनाथ शर्मा, चन्दन यादव, पवन कुमार, विक्की प्रजाति, रितिका सिंह, निकिता श्रीवास्तव और सृष्टि गौड़ ने अभिनय किया। कहानी दशार्ने में गीत संगीत का भी बड़ा योगदान था।

## पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए द्वितीय चरण का कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

- योजना के अंतर्गत 'ओ' लेवल और ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा
- एक लाख वार्षिक पारिवारिक आय वाले इण्टरमीडिएट पास छात्र 10 तक कर सकेंगे आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत 'ओ' लेवल और ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि सरकार का यह प्रयास है कि पिछड़े वर्ग के युवाओं को तकनीकी कौशल देकर उन्हें रोजगार योग्य बनाया जाए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण से यह युवक-युवतियां अपनी क्षमता को निखार सकेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर समाज में आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और युवाओं को वैश्विक तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार करना है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण उन पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो। आवेदक 10 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://www.backwardwelfareup.gov.in या कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल https://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर जाकर किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की जिला स्तर पर जांच और सत्यापन के बाद योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 14 नवंबर तक पूरी होगी। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 15 नवंबर से शुरू होगा।

## छात्राओं को किया जागरूक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में संचालित मिशन शक्ति प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में एक पुलिस कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डीसीपी वेस्ट डॉ ओमवीर सिंह, एडीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी, महिला अपराध अंशु जैन, एसीपी चौक राजकुमार सिंह, एसएचओ, चौक नागेश उपाध्याय और अन्य पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. अंशु केडिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारी वर्ग के समक्ष सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। डीसीपी वेस्ट ओमवीर सिंह ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण से संबंधित पायलट प्रोजेक्ट 'ऑपरेशन गरुड़' के विषय में खुलकर बातचीत की, जोकि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले साइबर क्राइम को रोकने तथा बचाव के प्रति सजगता से कार्य करता है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि उन्हें अपने सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए और न ही महिलाओं को एक टूल के रूप में काम करना चाहिए।

# दोषी बाबुओं पर शासन की गाज गिरनी तय

- दोषी बाबुओं को लेकर विभाग ने समिति की सिफारिश शासन को भेजी
- पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष ने स्थानांतरण के लिए क्षेत्रवार रिक्त पदों का भेजा ब्यौरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में दोषी बाबुओं पर शासन की गाज गिरनी तय मानी जा रही है। इन चारों बाबुओं के विरूद्ध गठित विभागीय समिति की सिफारिश शासन को भेज दिया है।

विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास एवं विभागाध्यक्ष) योगेश पवार ने सिफारिश के आधार पर स्थानांतरण के लिए उप्र लिपिकीय संवर्ग के तहत प्रधान सहायक के पदों की रिक्तियों का ब्यौरा भेज दिया है। इसके तहत इनका स्थानांतरण होना तय माना जा रहा है। बता दें कि इन चारों कर्मचारियों पर भारत सरकार की आलोचना, विभागीय नीति के विरुद्ध समाचार पत्रों व मीडिया में बयान देना, नियुक्ति से लेकर लगभग 20 वर्षों से अब तक एक ही वर्ग में तैनात रहना, अनुसूचित जाति की महिला कर्मी व पदाधिकारी के साथ बलात्कार करके हत्या करना और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इन गंभीर आरोपों की तथ्यात्मक जांच आख्या शासन को लोक निर्माण के विभागाध्यक्ष द्वारा भेजी जा चुकी है। विभाग में अनुसूचित जाति की महिला कर्मचारी स्व. ऊषा गौतम, वरिष्ठ सहायक व महिला संगठन मंत्री, कार्यालय प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि., लखनऊ का यौन शोषण किये जाने, गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के बाद राजकीय परिवहन चालक संघ भवन में ले जाकर उनको बिजली के करंट देने और करंट देते समय सहयोगियों के द्वारा आपराधिक कृत्यों के तहत कार्मिकों के विरूद्ध पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह के शिकायती पत्र पर कार्यवाही किये जाने की मांग लगातार की गयी थी। इसके लिए उन्होंने उप्र विधानमंडल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति को पत्र लिखा था, जिसकी बैठक समिति के अध्यक्ष श्रीराम चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी। इसमें विभागीय सूत्रों के अनुसार बैठक में सभापति श्रीराम चौहान द्वारा अनुसूचित जाति की मृतक महिला कर्मचारी की हत्या की जांच कराने के प्रकरण में जांच एसआईटी को अब तक नहीं भेजे जाने पर आपत्ति जतायी। साथ ही आरोपी चारों कर्मियों को अब तक दूरस्थ मंडल में स्थानांतरण न करने पर भी नाराजगी जतायी थी। उन्होंने इतने गंभीर प्रकरण पर अब तक विभागीय कार्रवाई न होने पर काफी रोष जताया। इस मुद्दें को लेकर भाजपा विधायक अनिल सिंह भी लगातार आपत्ति उच्च अधिकारियों से कार्रवाई किये जाने की मांग करते रहे। इसमें बीरेन्द्र कुमार यादव, प्रधान सहायक (अध्यक्ष, मिनी. एसोसिएशन), ओम प्रकाश पटेल, प्रधान सहायक (महामंत्री, मिनी. एसोसिएशन), सुनील कुमार यादव, प्रधान सहायक (अध्यक्ष, वृत्तीय मिनी. एसोसिएशन) 30वां वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ, वीरेंद्र कुमार यादव प्रधान सहायक और शिव कुमार यादव, वाहन चालक (अध्यक्ष, राजकीय वाहन चालक संघ), लो.नि.वि., लखनऊ पर आरोप है। फिलहाल विभागीय जांच में दोषी भी माना गया है। आरोप यह भी है कि यह कर्मचारी लगभग 10 से 20 वर्षो से एक ही पटल पर जमकर भ्रष्टाचार कर रहें है। इसकी भी पुष्टि विभाग की ओर से गठित की गयी तीन सदस्यीय समिति ने की है कि ये कर्मचारी एक ही पटल पर कार्यरत चल रहे है। इसके साथ ही गंभीर प्रकरण भी सामने आया है कि सरकार की आलोचना के आरोप की भी पुष्टि होना पाया गया है। उन्होंने मीडिया में अपनी ही विभाग की नीतियों के विरूद्ध बयान देकर आचरण नियमावली-1956 के नियम - 3 (क) का उल्लघंन करने की पुष्टि भी समिति ने की है। इस प्रकरण पर उन्नाव के पुरवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनिल सिंह और एमएलसी विक्रांत सिंह द्वारा भी अनुसूचित जाति की महिला कर्मी की हत्या की जांच कराने तथा आरोपियों को निलम्बन करके, दूर मंडल में स्थानांतरण करने की मांग की गयी है। इससे पूर्व विभागीय जांच समिति ने आपराधिक प्रकृति का कृत पाते हुए आरोपियों के विरूद्ध पुलिस विभाग से कार्यवाही करने के लिए और आय से अधिक सम्पत्ति के मामलें में सतर्कता अधिष्ठान विभाग को संदर्भित करने की भी की संस्तुति है। इस बैठक में असगर विधायक और समिति सदस्य त्रिभुवन राम ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। वह पीडब्ल्यूडी में प्रमुख अभियंता और विभागाध्यक्ष एवं विकास भी रह चुके हैं। उनके समक्ष यह मामला जब पहुंचा तो उन्होंने इतने गंभीर प्रकरण को समिति के समक्ष रखा था। बैठक में विभाग की ओर से सचिव लोक निर्माण विभाग, विभागाध्यक्ष एवं विकास योगेश पवार, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन संजीव भारद्वाज और मुख्य अभियंता मुख्यालय 2 आरएन सिंह मौजूद थे।

संक्षेप

## हिन्दी से हमारा मान सम्मानः हरे कृष्ण यादव

**अयोध्या।** शुक्रवार को अयोध्या मण्डलीय डाक कार्यालय में दिनांक 14 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चल रहे हिन्दी पखवाड़ा का समापन प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने समारोह पूर्वक किया । समारोह के दौरान श्री यादव ने बताया कि सदियों से हमारी हिन्दी भाषा महान रही है क्योंकि इस भाषा ने अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत व अन्य सभी भाषाओं को अपने मे समाहित करते हुए विश्व के कई देशों में सरलता से व्याप्त है और इसी से हमारा मान सम्मान है साथ ही यह भी कहा कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है हिन्दी का मान सम्मान रखना हमारा फर्ज है ।हमे हिन्दी पखवाड़ा के साथ साथ सभी लोगों को सभी दिन कार्यलय में हिन्दी मे ही कार्य करना एवं बोलचाल में भी हिन्दी का प्रयोग किया जाना चाहिए ।श्री यादव ने पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल जयशंकर प्रसाद वर्मा, रजत सिंह, अनिता सिंह, महेश कुमार मधु कुमारी सहित दर्जनों कर्मियों को पुरस्कृत भी किया ।

# डीएम और एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थल का लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज पटनवा पुल एवं हेतिमपुर पुल के निकट छोटी गंडक नदी के किनारे स्थित माँ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया ।इस

- प्रतिमा विसर्जन स्थल पर होंगे विशेष इंतजाम

दौरान डीएम ने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, शान्ति व्यवस्था आदि के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन का कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हो।

इसके लिए सभी एहतियाती उपाय किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, जनरेटर, साफ-सफाई ,सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। विसर्जन स्थल पर ट्रैफिक का रूट चार्ट पहले ही बना लिया जाये। गोताखोर, नाव एवं सर्चलाइट के इंतजाम भी विसर्जन से पूर्व कर लिया जाए।

किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रमुख विसर्जन स्थलों पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी । चुनिंदा स्थलों पर क्रेन की व्यवस्था भी की जा रही है। नदी घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उनके बैठने के भी आवश्यक प्रबंध रखे जाए।

प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किये जायेंगे। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हेतु जनपदवासियों को आश्वस्त किया।

इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## कचहरी परिसर में जुआ खेल रहे जुआरी को पकड़ा

**ललितपुर।** उप निरीक्षक विवेक धामा अपने हमराह हे.कां.संजीव कुमार व कां.अंकित कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कचहरी परिसर में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर बैठकर ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। पुलिस ने सूचना मिलने पर कचहरी परिसर में दविश दी, जहां से दविश देकर एक व्यक्ति को रात करीब 11.55 बजे पकड़ लिया गया, जबकि दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गये। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम अटल विद्या मंदिर के पास आजादपुरा निवासी रामदयाल कुशवाहा पुत्र प्रभु कुशवाहा बताया। पुलिस ने भागे हुये लोगों की जानकारी पूछी तो रामदयाल ने उक्त लोगों के बारे में जानकारी न होने की बात कही। मौके से बरामद मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एच 6331 को चालान एप के जरिए जानकारी करने पर पता चला कि उक्त मोटर साइकिल नेहरू नगर निवासी रणजीत यादव पुत्र लक्ष्मन प्रसाद यादव के नाम पर पंजीकृत है।

## सनातन धर्म से हिन्दुत्व का गहरा नाता : भूपेंद्र



**रूद्रपुर, देवरिया।** सनातन धर्म से हिंदुत्व का गहरा नाता है। सनातन धर्म की रक्षा करना हर हिंदुत्व का नैतिक कर्तव्य है। यदि हिंदू सनातन धर्म से दूर हो जाएगा तो धीरे-धीरे उसका अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने तहसील क्षेत्र के अकटहां में 108वीं वर्ष में आयोजित रामलीला के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से भारतीय संस्कृति और सभ्यता जीवित है। रामचरितमानस का हर एक प्रसंग जीवन दर्शन है। वर्तमान समय में भी प्रभु श्री राम के चरित्र का मंचन हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। उद्घाटन के बाद रामलीला के कलाकारों ने आकाशवाणी का प्रसंग शुरू किया। इस अवसर पर अंकुर राय, अंशु सिंह, राहुल प्रताप सिंह, रिपु दमन सिंह, लालजी सिंह, अरुण सिंह, चुनमुन सिंह, मुन्ना सिंह, रामजतन पुजारी, सतीश सिंह,अजय सिंह ,राममिलन यादव एवं ग्राम प्रधान शिवदास सिंह मौजूद रहे।

## सहायक उपनिरीक्षक रमेश चंद्र सिंह को मिला पुलिस पदक

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ में तैनात सहायक उप निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह को महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित आरपीएफ स्थापना दिवस की परेड में पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी स्वयं रमेश चंद्र सिंह ने देते हुए बताया कि नासिक में आयोजित आरपीएफ के स्थापना दिवस परेड में अश्वनी वैष्णव , रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक और प्रद्योगिकी मंत्री द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया है। यह पदक सराहनीय सेवा कार्य के लिए प्रदान किया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलंपियाड के रजिस्ट्रेशन शुरू



**बरेली।** अध्यात्म पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपियाड का आयोजन देश में पहली बार किया जा रहा है। इस आयोजन करने का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा, दर्शन और अध्यात्म के प्रति छात्रों, युवाओं और आम जनों में अभिरुचि जगाना है।अन्तर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलम्पियाड के लिए देशव्यापी पंजीकरण अभियान 4

- विजेताओं को 3 करोड़ रुपए के नगद पुरस्कार बांटे जायेंगे

अक्टूबर से शुरू हो गया है। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलम्पियाड परिषद, नोएडा के वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, शिक्षण संस्थानों के माध्यम से या सीधे भी किया जा सकता है। डीडीपुरम में स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के ओलंपियाड समिति के संदीप बत्रा ने पत्रकारों को बताया। उन्होंने कहा कि ग्रुप अ से ऋतक कुल 6 श्रेणियों में अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन होगा। ग्रुप अ में कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थी होंगे। ग्रुप में इ में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक, ग्रुप उमें कक्षा 6 से 8 तक, ग्रुप ऊमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी, ग्रुप ए में स्नातक, पीजी, शोध आदि के विद्यार्थी ग्रुप ऋमें सभी विद्यार्थियों के माता पिता जिनके बच्चो का जन्म 1 जनवरी 2000 के बाद हुए हो। भारत शासित प्रदेशों के लगभग 300 जिलों में एक साथ होगी। परीक्षा का माध्यम हिन्दी और अंग्रेजी होगा। सभी ग्रुप के लिए पुस्तक भी अलग-अलग खंडों में तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलम्पियाड की फाइनल प्रतियोगिता ( क्रड ऋह्लल'२ ) में सभी 6 ग्रुप में प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रत्येक विजेता को 10-10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। द्वितीय स्थान वाले को 5-5 लाख रुपये, तीसरे स्थान वाले को 2.5-2.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, चौथा स्थान वाले को डेढ़-डेढ़ लाख और पांचवें स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को एक-एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

31 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाली देशव्यापी परीक्षा का रिजल्ट 28 सितंबर को जारी होगा।इसमें सभी 6 ग्रुप से सर्वोच्च 50-50 अभ्यर्थियों का चयन नेशनल मेरिट लिस्ट से होगा। इसके बाद बची मेरिट लिस्ट से सभी 36 राज्यों में सभी 6 श्रेणियों के एक-एक ऊपर भी इस परिणाम से चुने जाएंगे। इस प्रकार कुल 516 अभ्यर्थियों को 28 सितंबर के परिणाम से चयनित किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलम्पियाड परिषद उन्हें उनके दो अभिभावकों के साथ दिल्ली आमंत्रित करेगा।

## नारायणी और बांसी नदी के बीच बाढ़ से बर्बाद फसलों का नायब तहसीलदार ने किया सर्वे

**कुशीनगर।** दुदही के नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा के नेतृत्व में राजस्वकर्मियों की टीम ने तमकुहीराज तहसील क्षेत्र अंतर्गत सेवरही विकास खंड में नारायणी ( गंडक ) नदी व बांसी नदी के बीच पिपराघाट ग्राम पंचायत



- जिलाधिकारी को भेजी गई 865 किसानों की सूची
- पानी भरे खेत में नाव पर सवार होकर राजस्वकर्मियों ने किया निरीक्षण

के किसानों की बाढ़ से बर्बाद फसल का सर्वेक्षण किया। बताते चलें कि उक्त दोनों नदियों के बीच सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि है।

कुछ दिनों पूर्व तक इन खेतों में खरीफ की फसलें लहलहा रही थीं। जिस पर किसान नाज कर रहे थे। लेकिन गत दिनों हुई अतिवृष्टि के चलते नदियों में आई बाढ़ ने फसलों को बर्बाद कर दिया।

बाढ़ के पानी में डूबी फसलें सड़ कर बर्बाद हो गई उसी क्रम में किसानों की उम्मीद पर भी पानी फिर गया। बेबस किसान मुआवजे के लिए राजस्व प्रशासन की ओर देख रहे थे। इस क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार दुदही कुंदन वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी कानूनगो एवं लेखपाल जयंत गुप्ता, प्रमोद यादव आदि राजस्वकर्मियों की टीम ने स्थलीय सत्यापन नाव से जाकर पिपराघाट मुस्तकिल के जयपुर, इमिलिया, रानीगंज, बेनिया और पिपराघाट एहतमाली का मोतीराय टोला, तीन टोलवा, तवक्कल टोला, शिव टोला और देवनारायण टोला में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का आंकलन किया गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि 865 किसानों की सूची बनाकार जिला प्रशासन को भेज दी गई है। शासन द्वारा धन अवमुक्त होते ही मुआवजे की राशि वितरित कर दी जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 17 प्रतिष्ठानों के लिए नमूने



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनमानस को सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त फलाहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान 17 प्रतिष्ठानों द्वारा बेचे जा रहे फलाहार एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 12 नमूने एकत्र किए गए।प्राप्त नमूनों को वैज्ञानिक परीक्षण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी मुख्य रूप से कुट्टू आटा केसरी ब्रांड के दो नमूने, सिंघाड़ा आटा 01, किशमिश 02, साबूदाना 03, मूंगफली 01, किन्नी चावल 02, सत्तू 01 नमूने मोहन रोड नगर पालिका एवं भटनी तथा मडुआडीह के बाजारों से लिए गए। टीम द्वारा शक्तिपीठ देवरही मंदिर देवरिया परिसर में स्थित सभी प्रसाद की दुकानों की जांच की गई। मौके पर जमा हुए आसपास के खाद्य कारोबारियों को सचेत किया गया कि नवरात्रि के अवसर पर पुराने स्टॉक का भंडारण एवं विक्रय कदापि न करें, जांच में माकन विरुद्ध पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## समिति सदस्यता और उपज बढोत्तरी के लिए 15 दिन बढ़ायी गयी अंतिम तिथिः जिला गन्ना अधिकारी

**कुशीनगर।** जिला गन्ना अधिकारी डी०के० सैनी ने प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक के उपरांत निर्गत प्रेस नोट के क्रम में अवगत कराया है कि क्षेत्रीय अधिकारियों एवं किसानों की मांग के दृष्टिगत पेराई सत्र 2024-25 के लिये समिति सदस्यता 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ा दी गयी है, जो कृषक अभी तक समिति सदस्य नहीं बन पाये हैं, उन्हें वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना आपूर्ति का लाभ लेने हेतु 15 दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। पूर्व में पेराई सत्र 2024-25 हेतु जारी सट्टा नीति में गन्ना समिति सदस्यता एवं उपज बढोत्तरी हेतु अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2024 तक ही निर्धारित थी।जिला गन्ना अधिकारी ने अपील की है कि ऐसे कृषक जिन्होंने पहली बार गन्ने की खेती की है, समिति सदस्य बनकर गन्ना आपूर्ति का लाभ उठाये तथा राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य दर पर गन्ना आपूर्ति कर लाभ प्राप्त करें। गन्ना किसानों के अधिक से अधिक समिति के नये सदस्य बनने से गन्ने की उपलब्धता भी बढेगी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के पास गन्ने की उपज जिले के औसत उपज से अधिक है, वे कृषक उपज बढ़ोत्तरी हेतु अपना आदेवन पत्र 15 अक्टूबर, 2024 तक जमा कर सकेंगे तथा उन्हीं गन्ना कृषकों को उपज बढ़ोत्तरी की व्यवस्था का लाभ प्रदान किया जायेगा।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को शिक्षक भवन देवरिया सदर पर संपन्न हुई ।

जिसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे चयन वेतनमान की पत्रावली का निस्तारण, मानक विहीन व गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कार्यवाही , सभी प्रकार के एरियर का भुगतान , ग्रेच्युटी भुगतान , नवनियुक्त शिक्षकों के भुगतान एवं उनका मानव संपदा पर अपडेशन , सीसीएल और मेडिकल अवकाश की ससमय स्वीकृत , प्रशिक्षण मानदेय , एन पी एस व जी पी एफ का शीघ्र अपडेशन आदि पर व्यापक विचार विमर्श कर शीघ्र निराकरण की मांग की गई ।साथ ही संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान 30 अक्टूबर के पहले पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों को उनके शिक्षण कार्य में तमाम बाधाएं किसी ने किसी वजह से आ रही हैं जिसका सम्यक समाधान जरूरी है यदि शिक्षकों के ऊपर अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाती है तो प्राथमिक शिक्षक संघ चुप नहीं बैठेगा। जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि वर्तमान में शिक्षक अपने कार्य एवं उत्तरदायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं ।विद्यालय में 50 से कम छात्र संख्या की उचित कारणों का जानना जरूरी है और उसका समाधान समवेत रूप से किया जाए, जिससे कि शिक्षक प्रताड़ित न हो ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश सिंह कहा कि ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थित विद्यालयों की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थितियां जानकारी ही कोई आगे की कारवाई किया जाए ।जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश मणि ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कक्षा 1 से 8 तक मूल एवं सबसे बड़ा संघ है सभी शिक्षको को इसकी सदस्यता लेनी चाहिए। बैठक की शैलेंद्र कुमार सिंह व संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल ने किया , बैठक में बैजनाथ पति त्रिपाठी , शफीक अहमद खान , नलिनी रंजन तिवारी , रवींद्र पांडेय , नित्यानंद यादव , जयप्रकाश सिंह , बिनोद कुमार मिश्र , संजय मिश्र , सुशील सिंह , ओमप्रकाश शुक्ल , ब्रजेश राव , रमेश कुमार यादव , सुशील यादव , नरेंद्र यादव , राजेश कुमार शर्मा , सत्येंद्र सिंह , रामनिवास यादव , पुरुषोत्तम , शाकिर अली , निर्भय राय , फखारे आलम , आशुतोष शाह , विक्रम प्रताप राव , दीनाननाथ चतुर्वेदी , जयप्रकास कुशवाहा , नंदलाल यादव , अमितेश बरनवाल , बसंती राय , अरुण तिवारी , रजकपूर , ओमप्रकाश यादव , संजय कुमार पांडेय , विपिन कुशवाहा आदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्राओं से शोहदों ने की छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** जिले में शुक्रवार की दोपहर में एक भयावह घटना घटी। स्कूल से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही दो छात्राओं को रास्ते में रोककर बाईक सवार शोहदे छेड़खानी करने लगे। शोहदों के चंगुल से अपने को बचाकर दोनों छात्रायें चिल्लाते हुए भागी। लड़कियों का शोर सुनकर

- तलाश में जुटी पुलिस

ग्रामीण मौके पर पहुचें। मगर आरोपी बाईक से भाग निकले। पीड़ित छात्राओं के परिजनों ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। पुलिस वायरल फुटेज के आधार पर जांच में जुटी है। घटना देवरिया जिले के तरकुलवां थाना क्षेत्र की है। शोहदों से बचकर चिल्लाते हुए भागकर बचीं छात्रायें। तरकुलवा थाना क्षेत्र की एक गांव की दो लड़कियां एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा हैं। शुक्रवार को दोनों छात्राएं स्कूल गई थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों छात्राएं साईकिल से घर लौट रही थी । रास्ते में एक बाइक पर सवार चार युवकों ने छात्राओं को घेर लिया और छेड़खानी करने लगे। अचानक हुई इस घटना से लड़कियां घबरा गई। मगर फिर हिम्मत जुटाकर किसी तरह अपने आप को शोहदों के चंगुल से छुड़ाकर चिल्लाते हुए भागी। इस दौरान छात्राओं की साईकिल खेत में गिर गई। लड़कियों का शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख शोहदे बाईक से भाग निकले ।चार अज्ञात युवकों पर मुकदमा दर्ज जांच में और तलाश में पुलिस जुट गई है ।यह पूरी घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। वायरल सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि शोहदे छात्राओं के साथ छेड़खानी कर रहे हैं और छात्राएं चिल्लाते हुए भाग रही हैं। पीड़ित छात्राओं के परिजनों ने तरकुलवां थाने में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है। एस ओ मृत्युंजय राय ने बताया कि छात्राओं के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर चार अज्ञात युवकों पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

### भागवत भगवान का अक्षरावतारः

**डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज**

**अयोध्या।** रामनगरी के नयाघाट स्थित श्रीरामकथा पार्क में तीन कलश तिवारी मंदिर के तत्वाधान में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में द्वितीय दिवस कथाव्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान कृष्ण के साक्षात विग्रह रूप में विराजमान है। जगत सत्य है जगत को लोग झूठ कहते-कहते थक गए। लेकिन जगत सत्य ही है। विभिन्न विद्वानों ने वेदांत की अलग-अलग व्याख्या किया है। वेदांत की व्याख्या क्या है। तो सभी ने कहा कि श्रीमद् भागवत वेदांत की व्याख्या है। सबको प्रेरणा देने वाले भगवान कृष्ण है।

## दबंग के आतंक से दुकानदार भयभीत

**ललितपुर।** बयाना नाला के पास रहने वाले बदमाश के आतंक के कारण एक व्यक्ति अपनी दुकान नहीं खोल पा रहा है। पीड़ित ने मामले में कई बार सिविल लाइन थाने में शिकायती पत्र दिया, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। अब पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। झांसीपुरा में रहने वाले तरूण कुमार पुत्र रूपचंद ने बताया कि बीती 4 सितम्बर को रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर था, तभी पड़ौस में रहने वाला सूरज उर्फ फुल्ला पुत्र देवेन्द्र अहिरवार आया और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा। शोरगुल सुनकर उसकी मां लीला, व सुशील कुमार मौके पर आ गये। पीड़ित ने बताया कि उक्त सूरज काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है, जिसके भय के कारण वह अपनी दुकान भी नहीं खोल पा रहा है। पीड़ित ने बताया कि 5 सितम्बर को रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह घर पर नहीं था, पहुंचा तो परिजनों को गालियां देते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी।

## गांवों में जन चौपाल की तिथि निधारित

**देवरिया ।** जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि ने उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम, धारा 4/4 क के अंतर्गत वर्ष 2023 से पूर्व चकबंदी प्रक्रिया में सम्मिलित ग्रामों में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों में चकबंदी से जुड़े मामलों पर आमजन से चर्चा की जाएगी। जिलाधिकारी ने चौपाल की निर्धारित तिथियों एवं स्थानों के विवरण में बताया है कि 7 अक्टूबर को भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम जसुई व ओबरी पांडेय, 08 अक्टूबर को छेरिहा, 09 को अहिरौली तिवारी,10 को भठही भाट, 11 को भठवा तिवारी, 14 को धनौती, 15 को माली छापर, 16 कोततायर खुर्द, 17 को पुरैना, 18 को छोटका गांव, 21 को ततायर बुजुर्ग, 22 को नरायनपुर तिवारी, बहलोलवा एवं एकडंगा भाट, 23 को टड़वा, सिकरहटा एवं रामपुर बुजुर्ग, 24 अक्टूबर को रुद्रपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जंगल इमिलिहा, 25 अक्टूबर को भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरा बिठ्ठल एवं मोतीपुर टिकैत, 26 अक्टूबर को तहसील सदर देवरिया अंतर्गत ग्राम पकहां, देवघाट, घुड़ीकुण्ड कला, छितौनी, पिपरा, 28 को भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम कटाई टीकर, 29 को सलेमपुर तहसील अंतर्गत ग्राम रामपुर तथा 30 अक्टूबर को भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम बड़का गांव एवं कुईचवर में ग्राम चौपाल का आयोजन अपराह्न 03 बजे से किया जाएगा।

## देश की सेवा में चित्रांश समाज की भूमिका अहमः संतोष

### चित्रांश कल्याण समिति के स्थापना दिवस लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर आयोजित कार्यक्रम

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के अठारह महीने का प्रधानमन्त्री कार्यकाल अद्वितीय रहा। काशी विद्यापीठ से उन्हें शास्त्री की उपाधि प्राप्त हुई । प्रधानमंत्री रहते हुए भी शास्त्री जी अपनी सादगी को नहीं छोड़ा। यही कारण है कि कायस्थ समाज लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।

यह विचार पूर्व जिला न्यायाधीश संतोष कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्त की। वह भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जयंती व चित्रांश कल्याण समिति के स्थापना दिवस पर कसया के एक स्कूल मे आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री माँ भारती के लाल और चित्रांश समाज के आर्दश है। उनका जय जवान जय किसान का नारा आज भी प्रासंगिक है। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि चित्रांश समाज के लोग सर्वसमाज के विकास के लिए कार्य करते हैं। समाज के विभिन्न घटक को जोड़े रखने में घित्रांश समाज अहम भूमिका निभा रहा है। यह देश की बहुत बड़ी सेवा है। नगर पालिका परिषद कुशीनगर चेयरमैन प्रतिशत राकेश जायसवाल ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी के असाधारण जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देश के विकास में चित्रांश समाज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह सब शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता से संभव हो रहा है। इसके पूर्व अतिथियों ने माँ सरस्वती व भगवान श्रीचित्रगुप्त के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।इसी कडी में कार्यक्रम को आगे बढाते हुए अर्चना श्रीवास्तव, अमृता श्रीवास्तव, यर्थात श्रीवास्तव, नविका श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना व कुमारी अर्चना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसी तरह विशुनपुरा ब्लाक प्रमुख ने शास्त्री के जीवन चरित्र और समाज मे चित्रांश समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, एडवोकेट वीरेंद्र श्रीवास्तव, मनीष कुमार श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट ज्ञान श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर चित्रांश कल्याण समिति अध्यक्ष कृष्ण प्रताप, श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विपिन बिहारी श्रीवास्तव, महासचिव शुभांसु राज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रभात श्रीवास्तव, संगठन मंत्री चंद्रकांत श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

***ललितपुर*** ।जिला बार एसोशियेशन के महामंत्री महेन्द्र जैन झब्बू के खिलाफ विगत दिनों पुलिस द्वारा एक एफआईआर दर्ज की गयी थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया। दरअसल जिला बार एसोशियेशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने महामंत्री पर दर्ज एफआईआर को झूठा बताते हुये विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया था। वहीं दूसरी ओर गुरूवार को अधिवक्ताओं ने जिला जज व जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुये प्रकरण को झूठा बताते हुये एफआईआर निरस्त किये जाने की मांग उठाते हुये विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था। परिणाम स्वरूप चार अक्टूबर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में न्यायालय के मुख्य गेट पर एकत्रित होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुये धरना प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिशेयन अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बार पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ-साथ अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर जिला प्रशासन प्रकरण को निरस्त करने की मांग की। शुक्रवार को प्रदर्शन के उपरान्त जिला बार एसोशियेशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव एड. व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवत कुशवाहा एड. ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी करते हुये बताया कि आलाधिकारियों से विचार-विमर्श उपरान्त आश्वासन दिया गया है। आलाधिकारियों से मिले आश्वासन उपरान्त अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन स्थगित करते हुये 5 अक्टूबर 2024 को सभी अधिवक्ताओं से न्यायिक कार्य करने का आह्वान किया।

# पैरोल की सियासत

हम इसे लोकतंत्र की कमजोरी, सियासत का कुत्सित चेहरा या फिर उस संवेदनहीन मुहावरे को ही दोहरा सकते हैं कि, युद्ध और प्यार में सब जायज। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को यह शर्मसार करने वाली बात है कि गुरमीत राम-रहीम जो गंभीर अपराध में सजायाफ्ता है, उसको बार-बार चुनाव के समय पैरोल मिलती है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम फिर जेल से बाहर है। हरियाणा चुनाव के मतदान से ऐन पहले उसे 20 दिन के पैरोल पर रिहा किया गया है। चार साल में 15वीं बार उसे पैरोल पर जेल से बाहर आने का मौका मिला। न कोई आपातस्थिति है, न कोई आकस्मिकता है फिर भी 'फैमिली मैटर' के आधार पर पैरोल दी गई है। बेशक छद्म ही सही, राम रहीम लाखों श्रद्धालुओं के लिए पूज्य है, आस्था का पात्र है, लेकिन वह हत्या जैसे जघन्य अपराधों में सजायाफ्ता भी है। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। पैरोल एक सजायाफ्ता कैदी का अधिकार है। जब भी पुलिस और जेल सुधारों का उल्लेख होता है, तो उनमें कैदी को बाहर रखने को 'सुधारात्मक' माना गया है। उससे कैदी के व्यवहार और मानसिकता में सुधार होगा और वह ज्यादा सामाजिक होगा। उन सुधारों में ही 'फरलो' को एक इनाम माना गया है, जो जेल प्रशासन एक कैदी को दे सकता है। हालांकि अलग-अलग राज्य में फरलो की अवधि अलग-अलग तय की गयी है। फरलो का ही विकल्प पैरोल है। बहरहाल यह संयोग है या कोई प्रयोग कि राम रहीम को लोकसभा, विधानसभा, नगरपालिका या पंचायत या फिर जब भी कोई भी चुनाव आता है, तो उसी दौरान उसे पैरोल या फरलो दी जाती है। वह एक प्रभावशाली शख्स है और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, पश्चिमी उप्र और राजस्थान आदि राज्यों में डेरे के असंख्य भक्त और उसके अनुयायी हैं। लिहाजा डेरा प्रमुख के किसी आह्वान या अपील का असर भक्तों पर



व्यापक तौर से होता है। हालांकि चुनाव भक्तों के अनुपात में प्रभावित नहीं होते, लेकिन राजनीतिक दलों को कुछ फायदा जरूर होता है। इस बार राम रहीम को पैरोल पर छोड़ा गया है, तो एक अनिवार्य शर्त यह है कि वह चुनावी गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेगा, किसी भी दल या उम्मीदवार विशेष के पक्ष में कोई अपील जारी नहीं करेगा। लेकिन क्या इन शर्तों पर कानून की कोई पहरेदारी होती भी है? राम रहीम उप्र के बागपत के बरनावा स्थित आश्रम में मौजूद है। माना जा रहा है कि इसमें डेरे की तरफ से किसी दल को समर्थन देने के संकेत जरूर दिये गये होंगे। यदि डेरे में हरियाणा की संगत जमा होती है, तो चुनावों की चर्चा भी होगी। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी, जेल प्रशासन और राज्य सरकार ने राम रहीम की पैरोल मंजूर की है। हरियाणा में फिलहाल भाजपा की सरकार है। बीते 10 सालों के शासन-काल में हरियाणा सरकार राम रहीम पर बहुत ही नरम रही है। इसका सियासी लाभ होगा तभी कोई सरकार या पार्टी ऐसा करती है, भले ही राम रहीम के मुंह से किसी पार्टी का प्रचार या समर्थन सार्वजनिक न हो। दरअसल पैरोल या फरलो आपातकालीन होनी चाहिए। मसलन-घर में किसी की मौत हो गई है या किसी की शादी है अथवा कोई सख्त गंभीर रूप से बीमार है, तो उस आधार पर पैरोल दी जा सकती है। इस संदर्भ को दोहराना जरूरी है कि फरवरी में 50 दिन की पैरोल के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की दलीलें सुनने के बाद पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि अदालत की सहमति के बिना पैरोल नहीं दी जाएगी। अगस्त में मामले की सुनवाई पूरी हो गई, तो उच्च न्यायालय ने पैरोल की वह शर्त भी उठा ली। दरअसल पैरोल या फरलो के फैसले पर पूर्व में भी सवाल उठते रहे हैं। संजय दत्त, बीबी जागीर कौर या मनु शर्मा (जेसिका मर्डर केस वाला) को भी बार-बार पैरोल दी गयी। लिहाजा 2023 में सर्वोच्च अदालत ने निर्देश दिए कि पैरोल के तहत प्रभावशाली लोग जो बार-बार जेल से बाहर आते रहते हैं, उनके पैरोल दिनों को सजा की अवधि से अलग रखा जाये। यह महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा है, लिहाजा अदालत को संज्ञान लेना चाहिए और पैरोल के दिनों को जोड़कर सजा बढ़ा देनी चाहिए।

---

विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# क्या चुनावी नतीजों से चौंकायेगा साइलेंट वोटर



विजय कपूर

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद से ही लगातार हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर जो बंपर चर्चा होती रही है, आज यानी 5 अक्टूबर 2024 को एक साथ प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर मतदान के बाद यह चर्चा 8 अक्टूबर 2024 को आने वाले नतीजों तक के लिए थम जायेगी। क्योंकि सारे अनुमान ईवीएम में बंद हो चुके होंगे। कई बार मतदान से काफी पहले किसी पार्टी के पक्ष में जो माहौल बन जाता है, वह मतदान के दिन तक आते आते थकान और ऊब का शिकार हो जाता है। पूरी तरह से तो नहीं पर कुछ-कुछ यह लक्षण हरियाणा में भी दिख रहे हैं। हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अनुमानों के जितने पैमाने हो सकते हैं,उन सभी में कांग्रेस आगे दिख रही है। हालांकि प्री. पोल के अनुमान गलत भी साबित होते रहे हैं इसलिए पोल के अनुमान चुनाव नतीजों में तब्दील होते हैं या नहीं, यह तो तभी पता चलेगा जब मतपेटियां खुलेंगी। वैसे चुनाव प्रचार के अंतिम दो हफ्तों में भाजपा और संघ द्वारा झोंकी गई अपनी सारी ताकत और बनाये गये चतुर समीकरणों के चलते भाजपा ने चुनावी माहौल को बदलने में काफी हद तक सफलता हासिल की है। अगर कहा जाये कि अनुमानों ताजे आंकड़े पिछले एक हफ्ते में बने माहौल का नतीजा हैं तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

डेढ़ से दो महीने पहले तक कांग्रेस काफी आगे दिख रही थी। लेकिन लगता है कि समय से पहले बन गये माहौल ने कांग्रेसियों में थोड़ा ओवर कॉन्फिडेंस ला दिया और भाजपा ने जिस रणनीति के तहत बसपा और इंडियन लोकदल के समीकरण को फिट किया है तथा भीतर ही भीतर जिस तरह वह आधा दर्जन से ज्यादा निर्दलीयों के पीठ पर हाथ रखे हुए है, उससे जहां कांग्रेस का काफी कुछ खेल बिगड़ा है, वहीं अगर कांग्रेस को बहुमत से दो चार सीटें कम रह जाती हैं तो भाजपा ने उस स्थिति के लिए पहले से ही चक्रव्यूह की नींव रख दी है। बहरहाल 5 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे तक वोटरों का शुरूआती मूड तय करेगा कि अंततः हरियाणा की सत्ता किस करवट बैठती है। क्योंकि पिछले दो ढाई महीनों से जिस

> मौजूदा विधानसभा चुनावों के 24 घंटे पहले मीलों पीछे छूटी भाजपा अगर टक्कर देने के करीब पहुंचती दिख रही है तो इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश के लगभग 12 से 14 फीसदी साइलेंट वोटर हैं।



तरह दिन रात अंतिम मुद्दों पर चर्चा हुई है, आम वोटर उस चर्चा को सुन सुनकर लगता है बोर हो चुका है। कहीं उसके बोर होने की यह प्रतिक्रिया अप्रत्याशित न हो, इसका डर पैदा हो गया है। बहरहाल अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि क्या होगा? सिवाय इसके कि माहौल और अनुमानों के सभी पैमानों पर अभी भी कांग्रेस सबसे आगे है, उसके तीन बहुचर्चित मुद्दे, किसान, जवान और पहलवान अभी भी सुने जाते हैं और उनके विरोध में बेशर्मी के तर्क देने से कोई बचता है। फिर भी आखिरकार वोटर भी एक आम इंसान है जो लगातार एक ही बात सुनकर कहीं ऊब में उसके विरोध में न खड़ा हो जाये। यही एक चिंता है जो कांग्रेस को सता रही है। इस आशंका का कारण मतदान के पहले 72 घंटों में हरियाणा की विभिन्न जातियों के मतदाताओं के रूझानों का अनुमान भी है। मीडिया के जानकारों और माहौल को आंकड़ों के अनुमानों में बदलने वाले विशेषज्ञों की मानें तो इस समय हरियाणा के कई समुदायों के बीच भाजपा और कांग्रेस को लेकर कांटे की टक्कर हो गई है।

## हरियाणा विधानसभा के लिए मतदान आज

जबकि पहले कांग्रेस की विभिन्न समुदायों के बीच एकतरफा पकड़ दिख रही थी, जैसे जाट समुदाय में मतदान के 72 घंटे पहले जो रूझान देखने को मिला, उसमें करीब 28 फीसदी जाट मतदाता कांग्रेस के पक्ष में दिखे, वहीं 16 फीसदी जाट भाजपा के साथ खड़े दिख रहे थे। जबकि अभी दो महीने पहले तक यह आंकड़ा 30 और 7 था। कहना न होगा कि भले कांग्रेस के प्रति रूझान में महज 2 फीसदी की कमी आयी हो, लेकिन भाजपा के प्रति रूझान 7 फीसदी से बढ़कर 16 पर पहुंच गया है। ओबीसी मतदाताओं के बीच तो लगभग नेक टू नेक फाइट होती लग रही है। इस समय ओबीसी मतदाता एक फीसदी से भाजपा की तरफ रूझान में अपनी बढ़त बढ़ाये हुए हैं। 20 फीसदी ओबीसी कांग्रेस को, तो 21 फीसदी भाजपा को वोट देते लग रहे हैं। ब्रह्माणों में हमेशा की तरह भाजपा कांग्रेस के 5 फीसदी के मुकाबले 11 फीसदी से आगे हैं। पंजाबियों में भाजपा, कांग्रेस के 7 फीसदी से लेकर 13 फीसदी से आगे हैं। वैश्य समुदाय में भाजपा की यह बढ़त कांग्रेस की 2 फीसदी से लेकर उसके 5 फीसदी तक की बढ़त में निहित है। दलित समुदायों में दोनो ही पार्टियां 17-17 फीसदी से टक्कर दे रही हैं तो जाटों और मुस्लिमों में कांग्रेस क्रमशः भाजपा से 2 के मुकाबले 5 और 0 के मुकाबले 4 फीसदी से बढ़त पर हैं।

अगर पिछले दो चुनावों के आंकड़ों को देखें तो जहां 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 31 और भाजपा को 40 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनो ही पार्टियों को 10 में से 5-5 लोकसभा सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले 15 फीसदी मत पिछले चुनावों के मुकाबले ज्यादा मिले थे। लेकिन इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस को 43.67 फीसदी वोट मिले थे, वहीं पिछले लोकसभा चुनावों के मुकाबले करीब 12 फीसदी मतों का नुकसान झेलते हुए भी भाजपा ने कांग्रेस से करीब 4 फीसदी ज्यादा मत पाते हुए कुल 46.11 फीसदी मत ज्यादा हासिल किए थे, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर, भाजपा से करीब 4 फीसदी ज्यादा मत हासिल किए थे। जहां तक 2019 में लोकप्रिय मतों का सवाल था तो भाजपा को 36.49 फीसदी तो कांग्रेस को 28.08 फीसदी मत मिले थे। लेकिन 2019 में कांग्रेस और भाजपा दोनों के ही मतों में इजाफा हुआ था। भाजपा को जहां पिछले चुनाव के मुकाबले 3.40 फीसदी ज्यादा मत मिले थे, वहीं कांग्रेस को पिछले चुनाव के मुकाबले 7.55 फीसदी ज्यादा मत मिले थे। लेकिन सीटों के मामले में भाजपा की सीटें 40 थीं तो कांग्रेस को सिर्फ 31 सीटों से संतोष करना पड़ा था।

मौजूदा विधानसभा चुनावों के 24 घंटे पहले मीलों पीछे छूटी भाजपा अगर टक्कर देने के करीब पहुंचती दिख रही है तो इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश के लगभग 12 से 14 फीसदी साइलेंट वोटर हैं। जब विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार की शुरूआत हुई थी, उस समय तक साइलेंट वोटर की संख्या महज 5 से 7 फीसदी तक ही थी, लेकिन जिस तरह से दोनों मुख्य पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर तनाव उभरकर सामने आया है और जिस तरह संघ और भाजपा की दूसरी सहयोगी संस्थाओं ने इन चुनावों में अपनी ताकत झोक दी है, उससे स्पष्ट रूप से कुछ तय न कर पाने वाला साइलेंट वोटर अचानक चुनाव के अंतिम समय के आने तक पहले के मुकाबले करीब दो गुना हो चुका है। अब यही मतदाता अंतिम समय पर जिसकी तरह ज्यादा चला जायेगा, वही ताकतवर बनकर उभर सकता है। कुल मिलाकर हरियाणा विधानसभा चुनावों में अंतिम समय तक आते आते साइलेंट वोटर सबसे महत्वपूर्ण हो गया है।

सोशल मीडिया



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मशाल प्रज्ज्वलित रखने हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्माजी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूं। जेपी नड्डा.

# कालजयी होते हैं विचार

विचारधारा कालजयी होती है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

अंतर्दृष्टि

# देश में सबसे पुरानी है रामलीला ऐशबाग

**देश की पहली रामलीला ने अपना सफर जबर्दस्त कामयाबी के साथ आगे बढ़ाया है। हालांकि आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सैकड़ों जगहों पर रामकथाओं या राम की लीलाओं का मंचन हो रहा है और सच तो यह है कि कई देशों में इसके लिए दिन भी सुनिश्चित नहीं है बल्कि पूरे साल ही रामकथा का मंचन होता रहता है, लेकिन जब भी रामकथा के इतिहास के पन्ने पलटे जाते हैं, सबसे पहला जिक्र लखनऊ के ऐशबाग की रामलीला का ही होता है।**



कला-संस्कृति ● डॉ. अनिता राठौर

क्या आप जानते हैं देश में सबसे पुरानी और सबसे पहली रामलीला कौन सी है? जी हां, यह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐशबाग की रामलीला है। इसका मंचन 500 सालों से भी ज्यादा पुराना है। इसके साथ जुड़ी सबसे खास बात यह है कि इसे खुद गोस्वामी तुलसीदास जी ने शुरू करवाया था। 16वीं शताब्दी में जब तुलसीदास जी ने अपना यह ग्रंथ पूरा किया था और इसे जन जन तक पहुंचाने की विभिन्न तरकीबें सोचा करते थे, तो उन्हीं दिनों एक बार वह चौमासा (बरसात के चार महीने) का प्रवास लखनऊ के मौजूदा ऐशबाग इलाके में किया और बारिश के दिनों में हर रोज वह अपनी लिखी हुई रामकथा (रामचरितमानस) लोगों को सुनाया करते थे। इसी क्रम में उन्हें एक दिन यह ख्याल आया कि क्यों न जैसे वह कथा सुना रहे हैं, ऐसे ही उसका मंचन किया जाए, जिससे लोगों को आसानी से रामकथा समझ में आ जाए।



इस विचार को उन्होंने अपने सायं कालीन कथा श्रोताओं से भी साझा किया। उन्हें भी यह विचार पसंद आया। मगर सवाल यह था कि आखिर जैसे बाबा तुलसीदास ने मानस लिखी थी, उसका वैसे ही मंचन कौन करे? वास्तव में आम लोगों के बीच तब यह कथा इतनी लोकप्रिय नहीं थी कि आम लोग इसको पूरी तरह से आत्मसात करते हुए, मंचन संभव कर सकें। यह साधु संतों के जरिये ही संभव था, क्योंकि साधु संत इस कथा से अच्छी तरह से परिचित थे। तुलसीदास बाबा ने इस संबंध में साधु संतों से चर्चा की तो वह भी खुशी खुशी इसके लिए तैयार हो गये। इस तरह 16वीं शताब्दी में पहली बार रामलीला के मंचन की शुरूआत अयोध्या के खांटी साधु संतों के जरिये शुरू हुई। कहने की जरूरत नहीं है कि लोगों को यह बहुत पसंद आयी तथा उनका इसे जबर्दस्त समर्थन मिला। लोग रामकथा को अपनी आंखों के सामने स्टेज पर मंचित होते हुए देखकर अभिभूत हो गये। इस तरह देश में रामलीलाओं के मंचन का महान सांस्कृतिक अभियान शुरू हो गया।

ये वे दिन थे, जब लखनऊ में गंगा-जमुनी तहजीब का खूब बोलबाला था। हिंदू और यहां के शिया मुसलमान बिना किसी धार्मिक भेदभाव के एक दूसरे के साथ घुल मिलकर रहते थे। यही वजह है कि न सिर्फ शिया मुस्लिमों ने शुरूआत की रामलीला में विभिन्न किरदारों का अभिनय किया बल्कि अवध के तीसरे बादशाह अली शाह जिनके उत्तराधिकारी वाजिद अली शाह थे, उन्होंने तो शाही खजाने से इस रामलीला के मंचन के लिए मदद भी भेजी थी। इस तरह रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की देखरेख में बल्कि कहना चाहिए उनके ही निर्देशन में रामलीला का मंचन शुरू हुआ। स्थानीय लोगों के साथ साथ तत्कालीन लखनऊ के मुस्लिम समाज ने भी

## 16वीं शताब्दी में लखनऊ में चौमासा प्रवास में तुलसीदास जी ने खुद शुरू करवायी थी ऐशबाग की रामलीला

इसमें भरपूर योगदान दिया। लेकिन इस रामलीला को अपने शिखर पर जिन लोगों ने पहुंचाया निश्चित रूपसे वह साधु समाज था। अवध के नवाब आसिफुद्दौला ने इसके लिए भरपूर आर्थिक मदद दी। उन्होंने लखनऊ में ईदगाह और रामलीला दोनों के लिए साढ़े छह-छह एकड़ जमीन उपलब्ध करायी। रामलीला से उन्हें इस कदर प्रेम था कि वह खुद भी इसमें पाठ किया करते थे। लेकिन 1857 में जैसे ही इस देश में अंग्रेजों के विरूद्ध आजादी का आंदोलन शुरू हुआ कि माहौल पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया, जिस कारण 1857 से 1859 तक ऐशबाग की यह ऐतिहासिक रामलीला बंद रही। जब 1860 में यह दोबारा से शुरू हुई तो इसका आधुनिक स्वरूप अस्तित्व में आया। इसके लिए ऐशबाग रामलीला कमेटी का गठन हुआ, जो तब से अब तक वैसे ही चली आ रही है। माना जाता है कि लखनऊ के ऐशबाग में रामलीला के मंचन के बाद ही तुलसी बाबा ने रामलीलाओं के मंचन का यह प्रयोग चित्रकूट और बनारस में किया। यह भी कहा जाता है कि ऐतिहासिक रामलीला के मंचन की शुरूआत के पहले बाबा तुलसीदास ने जहां चौमासा व्यतीत किया था, वहीं पर उन्होंने अपनी प्रसिद्ध रचना 'विनय पत्रिका' भी लिखी थी। अब इस जगह पर तुलसी शोध संस्थान की इमारत है, जिसे रामलीला कमेटी ने ही साल 2004 में बनवाया है।

हालांकि 16वीं शताब्दी में जब रामलीला की शुरूआत हुई थी, तब से आजतक इसके मंचन में अनगिनत बदलाव हो चुके हैं, फिर भी रामलीलाओं की मूल संकल्पना वही है, जो 500 साल पहले गोस्वामी तुलसीदास जी ने तय किया था। इन रामलीलाओं में राम की कथा को सिलसिलेवार ढंग से मंचन किया जाता है। जाहिर है हर दौर में अभिव्यक्ति का तरीका बदल जाता है। क्योंकि पिछले 500 सालों में हमारी अभिव्यक्ति का तरीका बेहद उन्नत और आधुनिकता से भरपूर हो गया है, इसलिए 500 साल पहले की रामलीलाओं और आज की रामलीला में जमीन आसमान का फर्क है। फिर भी मूल पाठ एक ही है। ऐशबाग रामलीला के साथ सबसे खास बात यह है कि जहां देश में पहली बार रामलीला के मंचन का सौभाग्य नवाबों की नगरी के इस इलाके को हासिल हुआ, वहीं आज पूरे देश में सबसे हाईटैक रामलीला भी यही ऐशबाग की रामलीला है।

ऐशबाग की यह रामलीला आज पूरी दुनिया में मशहूर है। यही वजह है कि हर साल इसे देखने के लिए देश के कोने कोने से ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने कोने से सैकड़ों लोग आते हैं। इसका डिजिटल प्रसारण भी होता है। इस रामलीला में देश के जाने-माने अभिनेता शामिल होते हैं, जो कई महीनों पहले से ही आजकल जूम के जरिये ऑनलाइन रिहर्सल शुरू कर देते हैं। इन कलाकारों की एक और खास बात है कि ये अभिनय के लिए कोई शुल्क नहीं लेते। यहीं तुलसी शोध संस्थान में मौजूद रामचरितमानस के 100 प्रसिद्ध संस्करणों के अध्ययन और शोध के लिए भी पूरी दुनिया से शोधार्थी आते हैं। पहले जहां रामलीला का मंचन मैदान के बीचोबीच बने एक ऊंचे टीले में होता था, वहीं आजकल इसका मंचन आधुनिक सुविधाओं से लैस सभागार में होता है। इस तरह देखा जाए तो देश की पहली रामलीला ने अपना सफर जबर्दस्त कामयाबी के साथ आगे बढ़ाया है। हालांकि आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सैकड़ों जगहों पर रामकथाओं या राम की लीलाओं का मंचन हो रहा है और सच तो यह है कि कई देशों में इसके लिए दिन भी सुनिश्चित नहीं है बल्कि पूरे साल ही रामकथा का मंचन होता रहता है। लेकिन जब भी रामकथा के इतिहास के पन्ने पलटे जाते हैं, सबसे पहला जिक्र लखनऊ के ऐशबाग की रामलीला का ही होता है।

## आप की बात

### संसाधनों का वितरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल में यह बात कही थी कि देश के संसाधनों पर गरीबों का पहला हक है। इस बात को जमीन पर उतारने की जरूरत है। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है।
ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। इसलिए उनकी मदद करनी चाहिए।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### पश्चिम एशिया में संकट

पश्चिम एशिया में शांति के बजाय युद्ध बढ़ता ही जा रहा है। दुनिया सब कुछ देख रही है लेकिन कोई आगे आकर इस युद्ध को बंद कराने का नाम ही नहीं ले रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ पहले से ही पंगु हो चुका है, विश्व शांति और स्थिरता में यूएनओ की कोई भूमिका दिखती नहीं है। ऐसे में यह जरूरी है कि वैश्विक शांति के लिए कोई नया संगठन अस्तित्व में आये। यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संयुक्त राष्ट्र संघ से बाहर रखा गया है। ऐसा कोई भी संगठन जिसमें सिर्फ कुछ लोगों का वर्चस्व हो कभी भी प्रभावी भूमिका नहीं निभा सकता है। इसलिए दुनिया की बदलती परिस्थितियों के अनुसार एक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की जरूरत है जिसमें भारत को भी महत्वपूर्ण जगह मिले।

**आशुतोष पाण्डेय, लखनऊ.**

## संक्षेप

### ट्रेनिंग कैंप में सिलेंडर फटा, अग्निवीर की मौत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर ट्रेनिंग कैंप में अचानक आग लगने से रसोई गैस सिलेंडर फटने से अग्निवीर जवान गंभीर रूप से झुलस गया। साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। इंटरगढ़ थाना क्षेत्र के उमर्दा चौकी के गांव भरखरा निवासी किसान राकेश पाल के 30 वर्षीय पुत्र सौरभ पाल वर्ष 2023 में अग्निवीर में भर्ती हुए थे। वह राजस्थान के भरतपुर ट्रेनिंग कैंप में ट्रेनिंग कर रहे थे। शुक्रवार शाम करीब सात बजे ट्रेनिंग कैंप में खाना बन रहा था। इस दौरान रसोई में आग लग गई। इससे रसोई में रखा गैस सिलेंडर फट गया। इसकी चपेट में आए सौरभ पाल गंभीर रूप से झुलस गए। साथियों ने लगी आग पर काबू पाया और जवान को अस्पताल में भर्ती कराया। रात करीब 10 बजे उपचार के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गया। छोटा भाई उत्कर्ष उर्फ गोलू परिजनों के साथ भरतपुर रवाना हुए हैं।

### काइनेटिक ग्रीन का सफर स्मार्ट के लिमिटेड एडिशन लॉन्च

पुणे। काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सफर स्मार्ट पैसेंजर वाहन के लिमिटेड एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह वाहन लेड एसिड और लीथियम बैटरी वैरिएंट दोनों में उपलब्ध होगा। इसे उन ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें यात्री और माल ढुलाई दोनों की सुविधा की जरूरत है। इसमें विशेष कैरियर के साथ एक मजबूत टॉप रूफ है, जो यात्रियों को छत पर अपना सामान सुरक्षित रख कर आराम से यात्रा करने की सुविधा देता है।

### किया ने केआईएन 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन पेश किया

नई दिल्ली। मशहूर प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में ईवी9 और कार्निवल लेमोजिन को लॉन्च किया है। इस तरह, कंपनी ने इंडस्ट्री में बदलाव लाने वाली अपनी छवि को और निखारा है।

### एमजी विंडसर ने पहले दिन हासिल की 15,176 बुकिंग

नईदिल्ली। भारत की पहली इंटैलिजेंट सीयूवी, एमजी विंडसर ईवी की बुकिंग गुरुवार, 3 अक्टूबर, 2024 को सुबह 7:30 बजे से शुरु हो गई है। बुकिंग शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर विंडसर ईवी को ग्राहकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। 24 घंटे के भीतर, कंपनी को 15,176 यूनिट्स की बुकिंग प्राप्त हुई है। यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाली एमजी विंडसर भारत की पहली पैसेंजर ईवी बन गई है। एमजी विंडसर की यह उपलब्धि बताती है कि भारतीय बाजार में चार पहिया ईवी की मांग कितनी तेजी से बढ़ रही है, इसके साथ ही ग्राहकों की यह प्रतिक्रिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर लोगों के रुझान में बदलाव को भी प्रदर्शित करती है। ग्राहक जिन्होंने एमजी विंडसर को तहे दिल से अपनाया।

### सेंट-गोबेन जिप्रोक ने किया नया प्रशिक्षण केंद्र शुरू

नई दिल्ली। सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया को उत्तर प्रदेश के गोंडा में अपने नवीनतम आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो भारत के निर्माण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए उसकी लॉन्ग टर्म प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केंद्र देश में जिप्रोक का 9वां प्रशिक्षण केंद्र है। इस पहल का उद्देश्य ड्राईवॉल और फाल्स-सीलिंग ट्रेडों में मुफ्त, उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को अपने कौशल को बढ़ाने और अपने रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिले।

### कपिल शो में टी 20 जीतने को महसूस किया रोहित शर्मा और टीम ने

कानपुर। भारत जैसे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में, वर्ल्ड कप जीतने की खुशी की बराबरी शायद कुछ पल ही कर सकते हैं - खास तौर पर जब यह टी20 वर्ल्ड कप हो। इस साल, भारतीय क्रिकेट टीम ने ऐसा ही करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीजन 2 के एपिसोड में, वर्ल्ड कप चैंपियन ने कई मजेदार और दिल को छू लेने वाले किस्से सुनाए।

# सेंसेक्स में 809 अंकों की गिरावट

मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में लगातार पांचवें सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स में करीब 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि उथल-पुथल भरे कारोबारी सत्र में दैनिक उपभोग के सामान बनाने बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण बाजार में गिरावट आई।



इसके अलावा तेल उत्पादक पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा होने से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 808.65 अंक यानी 0.98 प्रतिशत फिसलकर 81,688.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 81,532.68 का निचला और 83,368.32 का ऊपरी स्तर छुआ। यह सेंसेक्स में 1,835.64 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 235.50 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 25,049.85 पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,966.80 के निचले और 25,485.05 के ऊपरी स्तर तक गया। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में कुल 16.26 लाख करोड़ रुपये की भारी गिरावट आ चुकी है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 3,883.4 अंक यानी 4.6 प्रतिशत और निफ्टी में 1,164.35 अंक यानी 4.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह पिछले दो साल में किसी भी कारोबारी सप्ताह का सबसे खराब प्रदर्शन है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, नेस्ले, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच यह दो साल का सबसे खराब सप्ताह रहा।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.96 पर अपरिवर्तित

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 83.96 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर स्थिर रहा। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मुद्रा को उसके निम्नतम स्तर पर पहुंचने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने तथा आरबीआई द्वारा डॉलर बेचने के कदम से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कमजोर घरेलू शेयर बाजारों तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी से मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.96 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.93 प्रति डॉलर से 83.97 प्रति डॉलर के बीच रहा। रुपया पिछले सत्रों में आई भारी गिरावट से उबर नहीं सका और डॉलर के मुकाबले 83.96 (अस्थायी) पर स्थिर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया पांच अगस्त को 84.09 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा डॉलर बेचने की खबरों के बीच रुपया लगभग स्थिर रहा। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने रुपये पर दबाव डाला। चौधरी ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तथा इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच डॉलर के मजबूत होने से रुपये में मामूली गिरावट के साथ कारोबार हो सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.87 हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78.49 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर, सेंसेक्स में पिछले सत्र से जारी गिरावट जारी रही।

## रखरखाव के चलते 17 को छह घंटे बंद रहेगा मुंबई एयरपोर्ट

मुंबई। मुंबई हवाई अड्डे पर मानसून के बाद रखरखाव कार्य के लिए 17 अक्टूबर को छह घंटे के लिए उड़ान परिचालन बंद रहेगा। रखरखाव कार्य दो हवाई पट्टियों पर किये जाएंगे। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम मुंबई हवाई अड्डे की वार्षिक मानसून पश्चात रखरखाव योजना का एक हिस्सा है।



इस संबंध में छह महीने पहले नोटिस (नोटैम) जारी किया गया था। एमआईएएल ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के मानसून पश्चात हवाई पट्टी रखरखाव योजना के तहत हवाई पट्टी - आरडब्ल्यूवाई 09127 और आरडब्ल्यूवाई 14132 पर 17 अक्टूबर, 2024 को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक अस्थायी रूप से परिचालन नहीं होगा। बयान में कहा गया कि प्रमुख हितधारकों के सहयोग से उड़ान कार्यक्रमों को पहले ही समन्वित कर दिया गया है, ताकि निर्बाध परिचालन और रखरखाव का कार्य सुचारू रूप से हो सके।

# बंगाल में भाजपा नेता पर हमला

## फेंके गये 15 बम, कई राउंड फायरिंग

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पूर्व सांसद और भाजपा नेता अर्जुन सिंह पर हमला होने की खबर है। जगदल के बैरकपुर में भाजपा नेता के आवास पर शुक्रवार सुबह देसी बमों से हमला हुआ। साथ ही कई राउंड फायरिंग भी की गई। इस हमले में उनकी सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान घायल हो गया।

अर्जुन सिंह का दावा है कि उनके पैर में भी एक छर्रा लगा है। हमले में वे बाल-बाल बच गए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जगदल में उनके मजदूर भवन स्थित घर के बाहर ये बम फेंके जाने और गोलीबारी की घटना हुई है। इसको लेकर सियासत गरमा गई है। अर्जुन सिंह ने इस हमले के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अर्जुन सिंह ने कहा कि उनकी हत्या के मकसद से ये हमले किए गए। उन्होंने दावा किया कि करीब 15 बम फेंके गए और एक दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग की गई। धमाके की आवाज सुनकर जब वे अपने घर से बाहर निकले, उसी दौरान अचानक एक छर्रा उनके पैर में लग गया।

उन्होंने दावा किया कि एक सीआईएसएफ जवान के पैर में भी चोट आई है। भाजपा नेता ने अपने हुए हमले को लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी किया है। उन्होंने लिखा आज सुबह जब सभी नवरात्रि की पूजा में व्यस्त थे, तब एनआईए मामलों में आरोपी और स्थानीय टीएमसी के पार्षद के बेटे नमित सिंह के संरक्षण में और स्थानीय पुलिस की निगरानी में कई जिहादियों और गुंडों ने मेरे कार्यालय और दफ्तर 'मजदूर भवन' पर हमला कर दिया।

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब अर्जुन सिंह के घर पर इस तरह से देसी बम फेंककर हमला किया गया है। पहले भी इस तरह की घटना सामने आ चुकी है। 2021 में इसी तरह से उनके इसी घर पर तीन देसी बम फेंके गए थे।

## 10 साल में देश में बढ़ाई जाएगी 75 हजार मेडिकल सीटें

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य देखभाल में सुधार के लिए अगले 10 वर्षों में देशभर में 75,000 मेडिकल सीटें बढ़ाने की योजना बना रही है। गांधीनगर के अडालज में जनसहायक ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल हीरामणि 'हीरामणि आरोग्यधाम' का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी ने सबसे पहले स्वच्छता अभियान शुरू किया। फिर उन्होंने लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और प्रत्येक घर में शौचालय बनाने पर ध्यान दिया। फिर उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया और पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की।' उन्होंने कहा, 'प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर बनाने के साथ-साथ देशभर में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने पर ध्यान दिया गया। अब हमने अगले 10 वर्षों में 75 हजार और मेडिकल सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। नागरिकों कम दाम पर दवाएं मिल सके इसके लिए जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मोदी सरकार ने 140 करोड़ नागरिकों के लाभ के लिए 37 विभिन्न योजनाएं शुरू और क्रियान्वित की हैं।'

# मल्टी-ब्रांड रिटेलिंग नीति में कोई बदलाव नहीं होगा: पीयूष

वाशिंगटन। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में मल्टी-ब्रांड रिटेलिंग के प्रवेश की संभावना को बृहस्पतिवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा करने से अमेरिका की तरह मॉम-एंड-पॉप स्टोर्स खत्म हो जाएंगे।



मल्टी-ब्रांड स्टोर एक रिटेल आउटलेट होता है जहां एक ही भौतिक या ऑनलाइन स्थान पर कई ब्रांडों के उत्पाद मिल जाते हैं। वहीं मॉम-एंड-पॉप स्टोर्स से तात्पर्य उन छोटी दुकानों से है जो स्वतंत्र या पारिवारिक स्वामित्व वाली होती हैं। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा भारत को तेज वृद्धि की ओर ले जाने के लिए देश सभी प्रकार के आवश्यक आर्थिक सुधारों के लिए तैयार है। गोयल ने यहां शोध संस्थान सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के सवाल के जवाब में कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम इनमें से किसी (नीति) पर फिर से विचार कर सकते हैं या सरकार के पास मंत्रिमंडल की मंजूरी के जरिये अधिक प्रतिशत (विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी हिस्सेदारी) की अनुमति देने का अधिकार है। इसके अलावा हम संसद के जरिये भी इसमें बदलाव कर सकते हैं, इसमें कोई समस्या नहीं है। हालांकि मुझे नहीं लगता कि इनमें से किसी के लिए भी संसदीय बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण क्षेत्र जहां कभी-कभी और विशेष रूप से अमेरिका जैसे देशों में ... मैं जो देखता हूं वह हैं मल्टी-ब्रांड रिटेल। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मल्टी-ब्रांड रिटेल पर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिका को बड़ी प्रौद्योगिकी और बड़े रिटेल के दुष्परिणाम भुगतने पड़े हैं और इन दोनों के परस्पर प्रभाव के कारण देश भर में छोटे स्टोर लगभग खत्म हो गए हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका ऐसा कर सकता है, क्योंकि उसकी जनसंख्या भारत की तुलना में बहुत कम है और लोगों के पास नौकरी के वैकल्पिक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि शायद आप इस बात से संतुष्ट हैं कि बाकी युवा अब सिर्फ बिक्री करने वाले लड़के या डिलीवरी (आपूर्ति) करने वाली लड़कियां बनकर रह गए हैं। यह हर देश की अपनी मर्जी है। भारत में पूरे देश में करीब 100 अरब छोटी-छोटी दुकानें हैं। आप जिस भी गांव में जाएंगे, वहां 10 या 12 छोटी दुकानें होंगी जो अलग-अलग तरह के उत्पाद बेचती होंगी। 10 या 12 छोटी दुकानें होंगी जो अलग-अलग सेवाएं प्रदान करती होंगी। देश के लगभग हर कोने में एक दवा की दुकान होगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 12.59 अरब डॉलर बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 704.88 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 12.59 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.29 अरब डॉलर पर जा पहुंचा था। मौजूदा 12.59 अरब डॉलर, अब तक की सबसे अधिक साप्ताहिक वृद्धि में से एक है। यह पहली बार है जब भंडार 700 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 616.15 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.18 अरब डॉलर बढ़कर 65.79 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 80 लाख डॉलर बढ़कर 18.55 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.39 अरब डॉलर रहा।

## पेज एक का शेष

### ध्वस्तीकरण आदेश

एक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया था। प्रशासन ने कहा था कि अभियान के दौरान धार्मिक ढांचों और कंक्रीट के घरों को ध्वस्त कर दिया गया जिससे 60 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 15 हेक्टेयर सरकारी भूमि मुक्त हो गई। याचिकाकर्ता समस्त पाटनी मुस्लिम जमात की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद गुजरात में अधिकारियों ने ढांचों को ध्वस्त कर दिया है। गुजरात के अधिकारियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ढांचे समुद्र से सटे हुए और सोमनाथ मंदिर से लगभग 340 मीटर की दूरी पर थे। मेहता ने कहा, यह न्यायालय द्वारा निर्धारित अपवाद के अंतर्गत आता है। पिछले महीने अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कहा था, हम स्पष्ट करते हैं कि अगर किसी सार्वजनिक स्थान जैसे कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या नदी अथवा किसी जल निकाय से सटी कोई अनधिकृत संरचना है तो हमारा आदेश लागू नहीं होगा। इसके अलावा ऐसे मामलों में जहां किसी अदालत द्वारा तोड़फोड़ का आदेश दिया गया हो, वहां भी हमारा आदेश लागू नहीं होगा।

पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा, अगर हमें लगता है कि वे हमारे आदेश की अवमानना कर रहे हैं, तो हम न केवल उन्हें जेल भेजेंगे बल्कि हम उनसे यह सब बहाल करने के लिए भी कहेंगे। याचिका पर कोई नोटिस जारी किए बिना पीठ ने मेहता से जवाब दाखिल करने के लिए कहा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अक्टूबर की तिथि तय की। वरिष्ठ अधिवक्ता हेगड़े ने कहा कि वहां (वह क्षेत्र जहां ध्वस्तीकरण किया गया था) लोगों को जारी किए गए नोटिस में किसी भी तरह के तोड़फोड़ किये जाने की बात नहीं थी, लेकिन 28 सितंबर को ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि 57 एकड़ में फैले क्षेत्र में 45 घर, 10 मस्जिद और पांच दरगाहें शामिल थीं।

### अक्टूबर के

आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार किया जाना चाहिए। फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए। मृतक आश्रितों के प्रकरण का तय समय सीमा के भीतर निस्तारित होना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्मिकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और बेहतरीन प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। हमें इसके लिए हर स्तर पर सतर्क होना होगा। साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षक, उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों सहित अलग-अलग वर्गों के साथ समय-समय पर गोष्ठियां की जाएं, लोगों को साइबर अपराध की घटनाओं से अवगत कराएं, सुरक्षा के तौर-तरीकों से अवगत कराएं।

सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जा रहे हैं। इनके भवन निर्माण की कार्यवाही में अनावश्यक देर न की जाए। जरूरत के अनुसार मानव संसाधन की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। हर जिले के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क क्रियाशील रखें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल रिस्पॉन्स होना चाहिए। फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ को साधन-संपन्न बनाने के लिए सरकार हर सहयोग देगी। इसके निर्माण संबंधी अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूरा कराएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने

प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली। उन्होंने शतरंज का शुरुआती प्रशिक्षण अपनी बहन अविका से लिया, जो खुद भी शतरंज की बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए उप्र सरकार हर तरह की मदद करेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि शतरंज का नन्हा अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आने वाले समय में गोरखपुर और प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन करेगा।

### अमेठी हत्याकांड

से कोई छेड़खानी न कर सके, इसलिए एसटीएफ ने प्रोफाइल लॉक कर दिया। प्रोफाइल की जांच के बाद एसटीएफ और पुलिस को शुरुआती जांच में पता चल गया कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेम-प्रसंग हत्या की वजह हो सकता है। हालांकि पहले आशंका जताई जा रही थी कि लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया है। आरोपी चंदन वर्मा जिस मटिहा गांव में किराए के मकान में रहता था, वहां आसपास रहने वाले लोगों से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। पड़ोसियों ने बताया कि हम लोगों का चंदन से ज्यादा कोई मतलब नहीं रहता था।

### जियाउल हक

की फाइनल रिपोर्ट को सीओ की पत्नी परवीन आजाद ने सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। जिस पर सीबीआई कोर्ट ने 8 जुलाई 2014 को पारित अपने आदेश में सीबीआई जांच पर गम्भीर सवाल उठाए थे। साथ ही सीओ की पत्नी द्वारा दर्ज कराई एफआईआर की अग्रिम विवेचना के आदेश दिए थे व फाइनल रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया था। अग्रिम विवेचना के उक्त आदेश को सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी लेकिन सीबीआई की याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया था। घटना की शुरूआत बलीपुर गांव में शाम को प्रधान नन्हे सिंह यादव की हत्या से हुई। जिसके बाद प्रधान के समर्थक बड़ी संख्या में हथियार लेकर बलीपुर गांव पहुंच गए थे। गांव में इस कदर बवाल हो रहा था कि कुंडा के कोतवाल सर्वेश मिश्र अपनी टीम के साथ नन्हे सिंह यादव के घर की तरफ जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। तभी सीओ जियाउल हक गांव में पीछे के रास्ते से प्रधान के घर की तरफ बढ़े। बताया जाता है कि गांव वाले फायरिंग कर रहे थे, फायरिंग से डरकर सीओ की सुरक्षा में लगे गनर इमरान और एसएसआई कुंडा विनय कुमार सिंह खेत में छिप गए। सीओ जियाउल हक के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इसी दौरान गोली लगने से प्रधान नन्हे सिंह यादव के छोटे भाई सुरेश यादव की मौत हो गई।

### गोंडा में

निरीक्षक के अनुसार, मृतकों की पहचान अभिषेक साहू (23) निवासी ठडक्की पट्टी, धर्म सिंह (22) निवासी कंसापुर, राम बच्चन पाण्डेय (25) निवासी तिवारी बाजार व दीपू निवासी (23) कचनापुर के रूप में हुई है। चारों युवक आपस में दोस्त थे। इनमें से एक युवक की रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चारों दोस्त बोलेरो में सवार होकर जा रहे थे। पुलिस ने सभी शवों को पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

### मिर्जापुर में

और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। एसपी ने बताया कि हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 13 लोगों में से 10 की मौत हो गयी तथा तीन लोग घायल हो गये। घायलों को तुरंत ट्रॉमा सेंटर (काशी हिंदू विश्वविद्यालय) वाराणसी भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान भानू प्रताप (25), विकास कुमार (20), अनिल कुमार (35), सूरज कुमार (22), सनोहर (25), राकेश कुमार (25), प्रेम कुमार (40), राहुल कुमार उर्फ टिल्लू (26), नितिन कुमार (22), रोशन कुमार (17) के रूप में हुई है, जबकि आकाश कुमार, जमुनी और अजय सरोज हादसे में घायल हुए हैं। ये सभी वाराणसी जिले के निवासी थे। अभिनंदन ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शवगृह भेजा है। इस संबंध में कछवां थाने में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मिर्जापुर में सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

### योनेक्स सनराईज

उप्र बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह आदि प्रमुख गणमान्य मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता लखनऊ के बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में उपाध्यक्ष अरूण कक्कड़, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष आनंद खरे, राजेश सक्सेना, संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ, रेफरी रविन्द्र चौहान, लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी आदि मौजूद थे। इस प्रतियोगिता मे प्रदेश के लगभग 250-300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के पुरूष एकल में प्रथम वरीयता अंश विशाल गुप्ता ने निपुण त्यागी को 30-16, अयान खान ने विशाल सिंह को 30-20, ओजस खन्ना ने आयुष यादव को 30-25, लखनऊ के द्वितीय वरीयता सिद्धांत सलार ने अनिरुद्ध सिंह को 30-13 व लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा ने अंश हांडा को 30-20 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं महिला एकल में प्रथम वरीयता काजल पनवार, हापुड़ ने रिशिका यादव, झांसी को 30-16, नंदनी यादव ने तृतीय वरीतया प्राप्त आगरा की राधा ठाकुर को 30-29 से हराकर उलटफेर किया।

# इराक ने इस्राइल के सैन्य अड्डे पर किया ड्रोन हमला, दो सैनिकों की मौत, 24 घायल

इस्राइल । इस्राइल ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने जुमे की नमाज के बाद लोगों को संबोधित किया। वहीं इस्राइल के हमले के बाद ईरान के विदेश मंत्री लेबनान की राजधानी बेरूत पहुंचे हैं। इस्राइली सेना ने दावा किया कि बेरूत में हुए हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्काफी की मौत हो गई। लेबनान को रोमानिया ने भी मदद भेजी है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक रोमानिया गणराज्य से खाद्य आपूर्ति लेकर एक सहायता विमान बेरूत के राफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। बताया गया कि सहायता सामग्री का वितरण सेना कमांडर के प्रतिनिधि और रोमानिया सैन्य अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इराक की ओर से इस्राइल के सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला किया गया। इसमें दो इस्राइली सैनिकों की मौत हो गई। जबकि 20 से अधिक सैनिक घायल हुए। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक आईडीएफ ने बताया कि हमले में गोलानी ब्रिगेड की 13वीं बटालियन में सिग्नल ऑफिसर कैडेट सार्जेंट डैनियल अवीव हैम सोफर और गोलानी ब्रिगेड की 13वीं बटालियन के आईटी विशेषज्ञ कॉर्पोरल ताल ड्रोर की मौत हो गई। आईडीएफ ने बताया कि जांच में सामने आया कि हमले में इराक से दो विस्फोटकों से लदे ड्रोन लॉन्च किए गए थे। इनमें से एक को हवाई सुरक्षा ने मार गिराया और दूसरे ने उत्तरी गोलान हाइट्स में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। हमले में दो शहीद सैनिकों के अलावा 24 अन्य घायल भी हुए। जिनमें दो गंभीर रूप से एक सामान्य और 21 मामूली रूप से घायल हैं।




# हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी



नयी दिल्ली। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी।

पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है। लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये में की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग की वापसी देश में हॉकी के इतिहास में ही एक अहम कदम नहीं है बल्कि महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच मिलेगा। पुरूष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोटर्स) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला लीग की बाकी दो टीमों का ऐलान बाद में किया जायेगा। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें चार जूनियर खिलाड़ी और आठ अंतरराष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल अगले साल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरूष टीम का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जायेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और लीग के चेयरमैन दिलीप टिर्की ने कहा कि महासंघ का अध्यक्ष बनने के बाद से उनका सपना लीग को फिर से शुरू करने का था। उन्होंने कहा कि प्रीमियर हॉकी लीग ने दुनिया में लीग का चलन शुरू किया। पद पर काबिज होने के बाद से हमारा सपना लीग को फिर शुरू करने का था। आज हमारा सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया लीग से राष्ट्रीय टीमों के लिये खिलाड़ी निकलेंगे। यह हॉकी में नया इतिहास रचेगी। विश्व हॉकी के लिये भी यह अहम है। हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शुक्रगुजार है कि हमें 35 दिन का विंडो मिला। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि इस लीग के लिये इंतजार लंबा रहा है। हॉकी भारत में खेल ही नहीं है बल्कि यह हमारे दिल में है। उन्होंने बताया कि एफआईएच ने लीग के लिये हॉकी इंडिया को पांच साल की विंडो दी है। उन्होंने यह भी बताया कि ओडिशा सरकार ने भारतीय हॉकी के साथ प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है।

## भारत के प्रशिक्षण ट्रेनिंग सत्र के दौरान क्षेत्ररक्षण कोच दिलीप का ध्यान खिलाड़ियों की लय पर

ग्वालियर। भारतीय टीम मैदान पर और मैदान के बाहर कई कड़े सत्र के बाद विश्व स्तरीय क्षेत्ररक्षण इकाई में तब्दील हुई है लेकिन शुक्रवार को यहां एमपीसीए स्टेडियम में टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप का ध्यान तीव्रता पर नहीं बल्कि लय और प्रवाह पर था।

भारतीय टीम रविवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की तैयारी में जुटी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में दिलीप को यह कहते हुए सुना जा सकता है, जहां आप गेंद फेंक रहे हैं, वहां अपने पैर लायें। यह इतना ही आसान है। मैं तीव्रता की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि आज हमें लय और प्रवाह हासिल करना है। और एक बार जब हम इससे हासिल कर लेंगे तो हम आगे बढ़ेंगे और 15 कैच लेंगे। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, ग्वालियर में लय और पूरे जोश के साथ तैयारी। टीम इंडिया ने भारत बनाम बांगलादेश टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच से पहले अपना क्षेत्ररक्षण कौशल निखारा। भारतीय खिलाड़ियों ने दिलीप, मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहायक कोच रेयान टेन डोशेट की निगरानी में अपने थ्रोइंग कौशल और आउटफील्ड कैचिंग का अभ्यास किया।

संक्षेप

### वियतनाम से मैत्री मैच खेलेगा भारत

नयी दिल्ली। वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद्द होने के बाद भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में सात से 15 अक्टूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्टूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्टूबर को खेलना था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा कि लेबनान के त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस लेने के बाद भारतीय सीनियर पुरूष टीम 12 अक्टूबर को दोस्ताना मैच में वियतनाम से खेलेगी। भारतीय टीम पांच अक्टूबर को कोलकाता में एकत्र होगी आर छह अक्टूबर को अभ्यास करेगी। टीम सात अक्टूबर को वियतनाम रवाना होगी।

### स्वियातेक ने कोच विक्टोरोव्स्की से अलग होने का फैसला किया

वारसॉ। शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शुक्रवार को अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से अलग होने की घोषणा की और कहा कि यह निर्णय दोनों ने मिलकर लिया है। विक्टोरोव्स्की की कोचिंग में तीन सालों के दौरान स्वियातेक ने अपने पांच ग्रैंडस्लैम खिताबों में से चार जीते और महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची। स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के तीन साल बाद, अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की के साथ मिलकर हमने अलग होने का फैसला किया। मैं सबसे पहले शुक्रिया कहना चाहती हूं और हमारे (कोच के) साथ मिलकर किए गए काम की सराहना करती हूं। विक्टोरोव्स्की 2021 सत्र के अंत में स्वियाटेक के कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने उसे अपने करियर के 22 में से 19 खिताब और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में भी मदद की थी। हमारा मुख्य लक्ष्य दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी बनना था और कोच विक्टोरोव्स्की ने ही यह सबसे पहले कहा था। स्विएटेक ने अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में जेसिका पेगुला से हारने के बाद से किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। उन्होंने बीजिंग में चल रहे चीन ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। स्विएतेक ने लिखा कि मेरी टीम में इस महत्वपूर्ण बदलाव के कारण, मैं नए कोच के साथ काम शुरू करने के लिए खुद को कुछ हफ्तों का समय दे रही हूं।

### चीमा ने 70 का कार्ड खेला खिताब के करीब पहुंचे

विशाखापत्तनम। चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के वाइजेग ओपन के अपना दबदबा जारी रखते हुए तीसरे दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर बने हुए हैं। चीमा बीती रात चार शॉट से बढ़त बनाये थे। उन्होंने तीसरे दौर में शानदार कार्ड की मदद से कुल 13 अंडर 200 का स्कोर बना लिया है। अब वह तीन शॉट की बढ़त बनाये हैं। पटना के अमन ने दो अंडर 69 के कार्ड से से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 203 के है। गुरुग्रामके कार्तिक शर्मा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ सात अंडर 64 का कार्ड खेला।

# न्यूजीलैंड ने भारत को 58 रनों से हराया

## भारत को मिला था161 रन का लक्ष्य, मायर को चार विकेट मिले



दुबई। न्यूजीलैंड ने विश्व कप का पहला मैच जीत लिया। उसने भारत को 58 रनों से हराया, जिसमें मायर को चार विकेट मिले। वहीं अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन (नाबाद 57 रन) के अर्धशतक से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

पिच पर स्ट्रोक खेलना मुश्किल लग रहा था लेकिन डिवाइन ने 36 गेंद की अपनी पारी के दौरान सात चौके जड़े। दीप्ति शर्मा (चार ओवर में बिना विकेट झटके 45 रन) को छोड़कर ज्यादातर भारतीय गेंदबाजों ने पिच का अच्छा इस्तेमाल किया। डिवाइन और ब्रुक हालिडे (12 गेंद में 16 रन) ने महज 4.2 ओवर में 46 रन की साझेदारी निभाई जिससे पिच को देखते हुए न्यूजीलैंड अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड के लिए युवा जॉर्जिया प्लिमर ने 34 रन और अनुभवी सूजी बेट्स ने 27 रन का योगदान दिया। डिवाइन ने बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने का फैसला किया, उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ शानदार फुटवर्क का प्रदर्शन किया और श्रेयंका पाटिल पर घुटने के बल बैठकर कवर ड्राइव शॉट से अपना अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रोड्रिग्स को छोड़कर भारत का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा। सूजी और जॉर्जिया ने किस्मत और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पावरप्ले में 55 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह (27 रन देकर दो विकेट) के खराब क्षेत्ररक्षण से भारत ने एक बाउंड्री गंवायी और अरूंधति रेड्डी (28 रन देकर एक विकेट) के ओवर में ज्चा घोष भी बेट्स का उंचा कैच लपकने में नाकाम रही जिससे भारत की मुश्किलें बढ़ गईं। लेग स्पिनर सोभना आशा (एक विकेट) ने पावरप्ले के बाद जब गेंदबाजी शुरू की तो उन्होंने न्यूजीलैंड की रन गति पर ब्रेक लगाया। दूसरे छोर पर रेड्डी ने अपनी गेंदों से दबाव बनाया।

## मंधाना चेहरे के भाव देखकर ही एक दूसरे की बात समझ जाती हैं : शेफाली



दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उनका अपनी जोड़ीदार स्मृति मंधाना से इतना जबर्दस्त तालमेल है कि दोनों बल्लेबाजी के दौरान एक दूसरे के चेहरे के भाव देखकर मन की बात पढ लेते हैं। पिछले कुछ वर्ष में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अच्छे प्रदर्शन के पीछे उसके सलामी बल्लेबाजों की सफलता भी है। शेफाली ने कहा कि उन्हें पता है कि टीम के लिये उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण है।

शेफाली ने मंधाना के साथ तालमेल के सवाल पर स्टार स्पोटर्स से कहा कि मैं पिछले दो तीन साल से मंधाना के साथ पारी की शुरूआत कर रही हूं और अब हम बल्लेबाजी के दौरान चेहरे के भाव से ही एक दूसरे के मन की बात पढ़ लेते हैं। हमें एक दूसरे की ताकत और कमजोरियां पता हैं और हम एक दूसरे को सकारात्मकता देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पता है कि टीम के लिये हम दोनों कितने अहम है खासकर पावरप्ले के दौरान। इसीलिये हम अपने लिये, टीम के लिये और देश के लिये अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। शेफाली ने कहा कि स्मृति दी की टाइमिंग कमाल की है और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाना आता है। मुझे उनकी यही बात बहुत पसंद है। उन्होने कहा कि विश्व कप जीतना कप्तान हरमनप्रीत कौर का सपना है। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत दी खेल को लेकर काफी जुनूनी है। विश्व कप जीतना उनका सपना रहा है और मैं उम्मीद करती हूं कि उनका यह सपना सच हो जाये। वह महान खिलाड़ी और शानदार कप्तान है जो हमें प्रेरित करती है।

## बीसीसीआई भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के प्रमुख बने शरद कुमार



नयी दिल्ली। चार साल तक आतंकवाद निरोधक संगठन एनआईए के प्रमुख रहे सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी शरद कुमार को बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई (एसीयू) का नया प्रमुख बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले 68 वर्ष के कुमार को एक अक्टूबर को एसीयू प्रमुख बनाया गया जो तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई। वह हरियाणा कैडर के 1979 बैच के आईपीएल अधिकारी हैं और 2013 से 2017 तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के प्रमुख रहे। वह हरियाणा कैडर के ही पूर्व आईपीएस अधिकारी केके मिश्रा की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल नियुक्त किया गया था लेकिन अज्ञात कारणों से वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। एनआईए में रहने के बाद कुमार को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया था जहां वह जून 2018 से अप्रैल 2020 तक रहे। नये पद पर काबिज होने के बाद वह क्रिकेट में भ्रष्टाचार संबंधी मसलों का हल निकालने में अहम भूमिका निभायेंगे जिसमें मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी प्रकरण शामिल है। एनआईए महानिदेशक रहते हुए कुमार ने कई बड़ी जांच और अभियानों में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में एनआईए ने भारत में कई आतंकी हमलों की जांच की जिसमें पठानकोट एयरबेस पर प्रतिबंधित जैश ए मुहम्मद द्वारा किया गया आतंकी हमला शामिल था।

## ईरानी कप में मुंबई को मिली बढ़त



लखनऊ। अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने शेष भारत के छह विकेट 23 रन के भीतर चटकाकर ईरानी कप मैच के चौथे दिन अहम बढत बना ली।

शेष भारत के लिये अभिमन्यु ईश्वर ने जांबाज पारी खेलते हुए 191 रन बनाये लेकिन दूसरे छोर से ध्रुव जुरेल (93) के अलावा उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल सका। मुंबई के पहली पारी के 537 रन के जवाब में शेष भारत ने एक समय चार विकेट पर 393 रन बना लिये थे। जुरेल और ईश्वरन ने पांचवें विकेट के लिये 165 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि मुलानी ने दस मिनट के भीतर दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मैच का नक्शा पलट दिया। शेष भारत की टीम पहली पारी में 416 रन पर आउट हो गई जिससे मुंबई को 121 रन की अहम बढत मिली। मुंबई ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 153 रन बना लिये हैं और उसकी कुल बढत 274 रन की हो गई है। मुलानी ने 40 ओवर में 122 रन देकर और कोटियान ने 27 ओवर में 101 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। मुंबई के लिये दूसरी पारी में पृथ्वी साव ने 105 गेंद में 76 रन बनाये। शेष भारत के आफ स्पिनर सारांश जैन ने 18 ओवर में 67 रन देकर चार विकेट लिये। बायें हाथ के स्पिनर मानव सुतार ने 17 ओवर में 40 रन देकर दो विकेट चटकाये। पहले दिन तीन बल्लेबाजों की ऐशगाह लग रहे विकेट पर चौथे दिन 12 विकेट गिरे जिनमें से 11 स्पिनरों ने लिये। साव ने ऐसी कठिन पिच पर पहले कुछ ओवरों में हमलों का डटकर सामना किया। उन्होंने पहले तीन ओवर में मुकेश कुमार को पांच चौके लगाये जिसके बाद रूतुराज गायकवाड़ ने गेंद स्पिनरों को सौंपी। सारांश और सुतार के आने के बाद मुंबई के विकेट गिरते गए। सुतार ने अजिंक्य रहाणे को और सारांश ने श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। साव को सारांश ने बोल्ड किया। साव ने 105 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

## आईबीए से जुड़े राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता रद्द होः आईओसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघों की मान्यता खत्म करने के लिए कहा है जिससे इन दोनों खेल संस्थाओं के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है।

आइओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया है कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। आईओसी ने अपने पत्र में कहा कि एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नहीं बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है। पत्र में कहा गया है, कोई भी मुक्केबाज जिसका राष्ट्रीय महासंघ आईबीए से संबंध रखता है वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएगा। संबंधित एनओसी को ऐसे राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ की सदस्यता रद्द करनी होगी। आईओसी ने मई में भी इसी तरह का एक निर्देश जारी किया था। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) ने कुछ सप्ताह पहले आईबीए से अलग होकर वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के खिलाफ मतदान किया था। इसके बाद अब विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था ने नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। वर्ल्ड बॉक्सिंग को आईओसी का समर्थन प्राप्त है। भारत भी इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल हो गया था लेकिन उसने यह भी कहा कि वह अपनी आईबीए सदस्यता छोड़े बिना ऐसा कर रहा है।

## विश्व जूनियर निशानेबाजी में एक और स्वर्ण पदक मिला




लीमा (पेरू)। मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था। मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623.0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618.4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613.2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

# द. अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया



दुबई। दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाये। स्टीफानी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिये बायें हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिये जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाये।

जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाये जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया। कियाना जोसेफ को बायें हाथ की स्पिनर एमलाबा ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।

# रक्षा क्षेत्र में अब निर्यात कर रहा है भारत

## देश के कुल रक्षा उत्पादन का कम से कम 50 प्रतिशत निजी क्षेत्र की भागीदारी से होना चाहिये : राजनाथ सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन का कम से कम 50 प्रतिशत निजी क्षेत्र की भागीदारी से होना चाहिए। रक्षामंत्री ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सातवें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन में जो संघर्ष चल रहा है वह इस बात को साबित करता है कि रक्षा औद्योगिक आधार का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि इसका विस्तार करने की जरूरत है।

सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा क्षेत्र में भारत पहले आयात पर निर्भर देश था, लेकिन देश रक्षा निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उद्योग जगत से निर्यात और आयात के आंकड़ों को ध्यान में रखने और लक्ष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ दोनों के बीच के अनुपात को कम करने का प्रयास करने का आह्वान भी किया। सिंह ने कहा, आप रक्षा क्षेत्र में हमारी सोच और नीति के बारे में अच्छी तरह जानते हैं। हमारी सरकार न केवल उन प्रयासों को जारी रखेगी, बल्कि यथासंभव उन्हें गति प्रदान करने की भी कोशिश करेगी। आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रयासों को और अधिक सशक्त किया जाएगा, यह हमारी सरकार का दृढ़ विश्वास है। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयासों का उल्लेख किया, जिसमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों का निर्माण, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी करना, आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण, डीआरडीओ द्वारा निजी उद्योगों को सहायता प्रदान करना और रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 को शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा, हमने देश में व्यापार करने की सुगमता का माहौल बनाया। उन्होंने 2023-24 में देश में रक्षा उत्पादन के मूल्य में रिकॉर्ड वृद्धि के बारे में भी बात की। सिंह ने जुलाई में कहा था, भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है जो पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है।



उन्होंने आज एसआईडीएम के कार्यक्रम में कहा कि कुल रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भागीदारी अधिक है और निजी उद्योग की सहभागिता बढ़ने की पूरी संभावना है। अपने संबोधन में उन्होंने लंबे समय से चले आ रहे रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि युद्ध का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा, बल्कि बदल गया है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से पता चलता है कि रक्षा औद्योगिक आधार का महत्व पहले की तुलना में कम नहीं हुआ है, बल्कि आने वाले समय में इसे और विस्तार दिए जाने की आवश्यकता होगी। रक्षा मंत्री ने कहा। इसलिए सरकार सभी प्रयास करने के लिए तैयार है। सिंह ने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों (पीआईएल) के बारे में भी बताया।

# वर्तमान में शांति और एकता की महत्ता और अधिक बढ़ गयी है: राष्ट्रपति मुर्मू

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में व्याप्त अशांति को देखते हुए आज शांति व एकता की महत्ता और अधिक बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को ये समझना चाहिए कि वह इस धरती का स्वामी नहीं बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रपति मुर्मू आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रही थीं। सम्मेलन का विषय स्वच्छ व स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में अशांति का वातावरण व्याप्त है तथा मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। मुर्मू ने कहा कि ऐसे समय में शांति व एकता की महत्ता और अधिक बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शांति केवल बाहरी नहीं बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है। जब हम शांत होते हैं तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति व प्रेम का भाव रख सकते हैं। इसलिए मन, वचन, कर्म सबको स्वच्छ रखना होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम वैश्विक तापवृद्धि और पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत प्रभावों से जूझ रहे हैं तब इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह इस धरती का स्वामी नहीं है बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। उसे अपने विवेक से इस ग्रह की रक्षा करनी है। मुर्मू ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों को त्याग कर नहीं बल्कि उन्हें सुधारकर ही बेहतर इंसान बन सकता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्यों का त्याग कर देना नहीं है। आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने भीतर की शक्ति को पहचान कर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना। मनुष्य अपने कर्मों का त्याग करके नहीं बल्कि अपने कर्मों को सुधारकर बेहतर इंसान बन सकता है। विचारों और कर्मों में शुद्धता जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन व शांति लाने का मार्ग है। यह एक स्वच्छ व स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी आवश्यक है।



संक्षेप

## बर्ड फ्लू से कई बाघों की मौत

हनोई (वियतनाम)। दक्षिणी वियतनाम के एक चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद 12 से अधिक बाघ मारे गए जिनके अवशेषों को जला दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया वीएनएक्सप्रेस ने बिएन होआ शहर में वुन जोई चिड़ियाघर के संरक्षक के हवाले से बताया कि पशुओं को पास के फार्म से लाई गईं मुर्गियां खाने के लिए दी गई थी। मारे गए पशुओं में पैंथर और कई शावकों सहित 20 बाघ शामिल थे, जिनका वजन 10 से 120 किलोग्राम के बीच था। उनके अवशेष को चिड़ियाघर परिसर में जलाने के बाद दफना दिया गया। चिड़ियाघर के प्रबंधक न्गुयेन बा फुक ने कहा, बहुत जल्दी बाघों की मौत हो गई। वे बहुत कमजोर लग रहे थे और उन्होंने खाना-पीना छोड़ दिया था। बीमार पड़ने के दो दिन बाद ही उनकी मौत हो गई। बाघों से लिए गए नमूनों की जांच में एच5एन। वायरस की पुष्टि हुई है। इसी वायरस के कारण बर्ड फ्लू का संक्रमण फैलता है। सबसे पहले 1959 में वायरस की पहचान हुई थी और यह प्रवासी पक्षियों एवं मुर्गियों के लिए अत्यधिक घातक खतरा बन गया। हाल के वर्षों में एच5एन। कुत्तों और बिल्लियों से लेकर सील मछली और ध्रुवीय भालुओं तक कई जानवरों में पाया गया है।

# युवाओं को ड्रग्स की दुनिया में धकेलना चाहती है कांग्रेस

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रग कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में कांग्रेस के एक पूर्व पदाधिकारी की संलिप्तता को लेकर शुक्रवार को उस पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जहां युवाओं को खेल, शिक्षा और नवोन्मेष की ओर ले जा रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहता है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए कतई न बर्दाश्त करने की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रू की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी को भारतीय युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के सूचना का अधिकार (आरटीआई) प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को निराधार एवं झूठा करार देते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल ने जिस मुख्य आरोपी तुषार गोयल का जिक्र किया है, उसे 17 अक्टूबर, 2022 को ही संगठन से पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया गया था। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में मादक पदार्थों से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को मादक पदार्थों के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था।

## रेलवे के निजीकरण का सवाल ही नहीं : वैष्णव

नासिक। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे के निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है और राष्ट्रीय परिवहन सेवा प्रदाता का ध्यान सभी को किफायती सेवा प्रदान करने पर है। रेल मंत्री ने यहां कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग 400 रुपये से कम खर्च में 1,000 किलोमीटर तक आराम से यात्रा कर सकें। उन्होंने यहां रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अगले पांच वर्षों में रेलवे का पूर्ण कायाकल्प होगा। वंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनें, कवच ट्रेन सुरक्षा तंत्र की तैनाती इस बदलाव का नेतृत्व करेंगी।

# हरियाणा के लोग चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए प्रहार करेंगे

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आर्थिक नीतियों को लेकर शुक्रवार को उस पर प्रहार किया और कहा कि हरियाणा के लोग जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूंजीवादी नीतियों के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए अगला प्रहार करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर जोर देगी तथा राज्य को नशामुक्त किया जाएगा जिससे हर परिवार खुशहाल होगा। हरियाणा की सभी 90 सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, हाल ही में मैंने गोहाना की स्वादिष्ट जलेबियों और उन्हें अधिक व्यापक रूप से बेचने की संभावना के बारे में बात की थी। भारत में ऐसे ही छोटे उत्पादकों के 5500 समूह हैं, जो उचित सहयोग मिलने पर अपने उत्पादों को दुनिया भर में बेच सकते हैं। उन्हें वित्त, प्रौद्योगिकी, नेटवर्क, ब्रांडिंग और बेहतर आधार प्रदान करने के लिए नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से दुनिया न केवल हमारी मिठाई का आनंद ले सकती है, बल्कि सोपोर के सेब, बल्लारी की जींस, कोल्हापुरी चप्पल, मेघालय के अनानास, बिहार के मखाने, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और बहुत कुछ का आनंद ले सकती है। बनारसी साड़ियों की वैश्विक सफलता इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि क्या कुछ संभव है। गांधी ने कहा कि भारत को तेजी से आर्थिक विकास की आवश्यकता है, जिससे सभी को लाभ हो, और एक अधिक उत्पादक अर्थव्यवस्था बने जो वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा कर सके। यह केवल हमारे छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाकर किया जा सकता है, न कि मोदीजी की तरह कुछ मित्र कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करके। उनके मुताबिक, इस तरह का समावेशी विकास ही भारत में करोड़ों औपचारिक नौकरियों का सृजन करने का एकमात्र तरीका है, जिसकी युवा, शिक्षित और ऊर्जावान पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने और भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया, हरियाणा और भारत में भाजपा ने अर्थव्यवस्था को विफल कर दिया है।



# इजराइल का बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमला

बेरूत। इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों में रातभर कई चरणों में भीषण हवाई हमले किये तथा लेबनान एवं सीरिया के बीच के मुख्य सड़क संपर्क को काट दिया। इजराइली बमबारी के कारण लेबनान से भाग रहे हजारों लोग जिस सीमावर्ती स्थल से सीरिया में प्रवेश करते हैं वह इसी मार्ग पर स्थित है। रात भर हुए विस्फोटों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों को हिलाकर रख दिया। हवाई बमबारी के कारण रात में आकाश में धुएं के गुबार और आग की लपटें उठती दिखीं। विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि लेबनान की राजधानी से कई किलोमीटर दूर तक की इमारतें हिल गईं।

इजराइली सेना ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि उसका लक्ष्य क्या था। हताहतों के बारे में भी अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले बेरूत में एक हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्केफी की मौत हो गई थी। सेना ने एक बयान में कहा कि स्केफी हिजबुल्ला का एक वरिष्ठ आतंकवादी था जो वर्ष 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था।

# जयशंकर ने की श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों एवं भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग जारी रखने के प्रति भी आश्वस्त किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके के शपथ लेने के पखवाड़े भर के अंदर, जयशंकर एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिता हेराथ से भी मुलाकात की। दिसानायके के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की सरकार के 23 सितंबर को सत्ता में आने के बाद जयशंकर श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले विदेशी राजनयिक हैं। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि (श्रीलंका के) राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से आज कोलंबो में मिलकर अच्छा लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि भारत-श्रीलंका संबंधों के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना की। दोनों देशों और क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने और भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसके शीघ्र बाद, दिसानायके ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चर्चा पर्यटन, ऊर्जा और निवेश में सहयोग बढ़ाने तथा मत्स्य पालन, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता पर सहयोग जारी रखने पर केंद्रित रही। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा के दौरान आज उनसे मुलाकात की। डॉ जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग की बात दोहराई। मत्स्य पालन, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता पर जारी सहयोग के महत्व पर भी चर्चा हुई।

इंटरटेनमेंट...

# इमरजेंसी से हटाये जायेंगे आपत्तिजनक दृश्य

मुंबई। कंगना रनौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी फिल्म के सह-निर्माता जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि वह सेंसर बोर्ड द्वारा सुझाए गए दृश्य हटाने पर सहमत है।

जी की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शरण जगतियानी ने कहा कि आवश्यक दृश्य हटाए जाएंगे और फिल्म को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को प्रस्तुत किया जाएगा। सीबीएफसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ ने कहा कि दृश्य हटाने के पश्चात फिल्म प्रस्तुत किए जाने पर उसका सत्यापन किया जाएगा और दो सप्ताह में प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। न्यायमूर्ति बी.पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने बयानों को स्वीकार कर लिया और जी एंटरटेनमेंट द्वारा दायर याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने कहा कि वह विस्तृत आदेश बाद में पारित करेगा। जगतियानी ने अदालत को बताया, हमने इसका हल निकाल लिया है। फिल्म पहले छह सितंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म की रिलीज के लिए प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाने को लेकर यह सेंसर बोर्ड के साथ विवादों में घिर गई। पिछले सप्ताह सीबीएफसी ने उच्च न्यायालय को बताया था कि अगर बोर्ड की पुनरीक्षण समिति के निर्णय के अनुसार कुछ दृश्य हटा दिए जाएं तो फिल्म रिलीज की जा सकती है। सह-निर्माता जी एंटरटेनमेंट ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सीबीएफसी को फिल्म के लिए प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी की सांसद हैं। जीवनी आधारित फिल्म विवादों में तब घिर गई जब शिरोमणि अकाली दल (शिअद) सहित कुछ सिख संगठनों ने आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि फिल्म में समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया है तथा तथ्यों से छेड़छाड़ की गई है। जी एंटरटेनमेंट ने अपनी याचिका में दावा किया था कि सीबीएफसी ने फिल्म के लिए प्रमाण पत्र पहले ही बना दिया है, लेकिन वह इसे जारी नहीं कर रहा है। रनौत ने फिल्म का निर्देशन किया है और वह इसकी सह-निर्माता भी हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का मुख्य किरदार भी निभाया है। उन्होंने सीबीएफसी पर फिल्म की रिलीज में देरी के इरादे से ही प्रमाणपत्र जारी नहीं करने का आरोप लगाया था।




## साजिद नाडियाडवाला और सलमान बनायेंगे किक-2

मुंबई। अभिनेता सलमान खान और फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म किक-2 की शुक्रवार को घोषणा की। दोनों फिलहाल फिल्म सिकंदर पर काम कर रहे हैं। इसका निर्देशन ए. आर. मुर्गदास कर रहे हैं। नाडियाडवाला की कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले इसका निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कंपनी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर सिकंदर के सेट से सलमान की तस्वीर साझा की और लिखा यह एक शानदार किक-2 फोटोशूट था सिकंदर। कॉमेडी-एक्शन फिल्म किक के साथ नाडियाडवाला ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। यह 2014 की बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इसमें जैकलीन फर्नांडीज, रणदीप हुड्डा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे कलाकार भी थे। फिल्म किक तेलुगु अभिनेता रवि तेजा की 2009 में आई इसी नाम की फिल्म का रीमेक थी।



## अनुष्का शंकर ने उधार के मिजराब की मदद से दी शानदार प्रस्तुति



नयी दिल्ली। बर्लिन में प्रस्तुति से पहले सितार वादक अनुष्का शंकर के लिए उस समय मुश्किल स्थिति पैदा हो गई जब उनका सामान हवाई अड्डे पर खो गया जिसमें उनका मिजराब, कपड़े, मेकअप और अन्य सामान था। ऐसे में सोशल मीडिया उपयोगकर्ता उनकी मदद के लिए आगे आए और उन्हें बर्लिन फिलहारमोनिक में प्रस्तुति के लिए आवश्यक सामान मुहैया कराया। शंकर अपने यूरोप दौरे की अंतिम प्रस्तुति के लिए बुधवार को बर्लिन में पहुंचीं तो उनका सामान खो गया जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस को टैग करते हुए लिखा मदद करें, क्या बर्लिन में कोई सितार बजाता है, क्या किसी के पास मिजराब है जो मुझे आज रात मेरे शो के लिए इसे उधार दे सकता हो? क्या किसी के पास ऐसे सुंदर कपड़े हैं जो मैं उधार लेकर प्रस्तुति के दौरान पहन सकूं? फिर से सामान खो गया है।

# लड्डू में मिलावट की हो व्यापक जांच

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि लड्डू में मिलावट का मामला तो भ्रष्टाचार का एक छोटा सा नमूना है तथा पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में लिए गए कई और फैसले भी हैं जिनकी जांच की जानी चाहिए। बृहस्पतिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए पवन कल्याण ने कहा मैं लड्डू में मिलावट के लिए युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी को व्यक्तिगत रूप से दोषी नहीं ठहरा रहा हूं, बल्कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड भी इसके लिए दोषी है, जिसका गठन पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में किया गया था। उच्चतम न्यायालय तिरुपति में प्रसाद के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल के मामले में अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली याचिका समेत अन्य याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कल्याण ने कहा कि वह न्यायपालिका को यह बताना चाहते हैं कि जगन पर भ्रष्टाचार सहित कई आरोप हैं और उन्हें (लड्डू में मिलावट के मामले में) कोई फैसला देने से पहले इन सभी पर गौर करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा प्रसाद के लड्डू में मिलावट तो महज एक छोटा सा हिस्सा है। हमें नहीं पता कि (पिछले) पांच साल के कार्यकाल में उन्होंने कितने करोड़ रुपये जुटाए। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा पूर्ववर्ती सरकार में मुख्यमंत्री मासूम बनने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस आरोप पर कि लड्डू में मिलावट वाला घी इस्तेमाल किया गया, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि टीडीपी प्रमुख विधायकों और सांसदों को बता रहे हैं कि वास्तव में क्या हुआ था, उन्होंने एक तथ्य का हवाला दिया। उन्होंने लड्डू में मिलावट के मुद्दे को पिछले पांच सालों से सनातन धर्म पर किया जा रहा हमला बताया।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com